* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 जून, 2024
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 248











2,3 BHK FLAT AVAILABLE
FOR SALE
At Bootymore & Tatisilwai
(Residential & Commercial)
On Road, Project Near & Smart Point Booty More, Ranchi
Contact Now
8521980977


# निवेश करने वालों को सरकार करेगी सहयोग : चंपाई सोरेन

- राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य संरचनाओं को बेहतर करने का प्रयास निरंतर जारी है। स्वास्थ्य समेत किसी भी क्षेत्र में जो निवेशक यहां निवेश करने के इच्छुक हैं, उन्हें सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जायेगा। वे अपना प्रस्ताव दें। उस पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। निवेशकों को सरकार की नीति के अनुरूप इंसेंटिव भी दिया जायेगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को रांची के स्मार्ट सिटी परिसर में गौतम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने राज्यवासियों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता जतायी। चंपाई सोरेन ने कहा कि निजी क्षेत्र में इस मेडिकल कॉलेज का खुलना स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से निश्चित तौर पर राज्य के विकास को एक नयी दिशा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यकताओं को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोले जाने की जरूरत है। इस राज्य में आज भी देश के मानक स्तर से काफी कम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल हैं। ऐसे में यहां नये मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में यहां निजी अथवा पीपीपी मोड पर कई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खुलेंगे, जिसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा।



### इलाज के लिए राज्य के बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़े

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि आज भी बेहतर इलाज के लिए लोग दूसरे राज्यों और बड़े शहरों का रुख करते हैं। वहां महंगा इलाज होने की वजह से उनके आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। सरकार की कोशिश है कि यहां के लोगों को अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध करा सकें। इस दिशा में मेडिकल कॉलेज तथा विभिन्न अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। जांच की आधुनिकतम मशीन उपलब्ध कराने के साथ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

### ग्रामीण इलाकों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण और सुदूर इलाकों से लेकर शहरों तक लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करना हमारी प्रतिबद्धता है। इस दिशा में स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत कर रहे हैं। सरकार इसके लिए तो कार्य कर ही रही है लेकिन निजी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को भी इसके लिए आगे आना होगा। वे ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें ताकि ग्रामीणों को इलाज के लिए अन्यत्र इधर-उधर जाना नहीं पड़े। सभी के सहयोग से हम राज वासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में सफल होंगे।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंह, राइट पाथ फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ अभिजीत कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रपति ने आपातकाल को बताया संविधान का काला अध्याय

अभिभाषण में सरकार का रोडमैप भी बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित सरकार की प्राथमिकताओं को सामने रखा। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक में मुर्मू का यह पहला संबोधन है। नयी लोकसभा का पहला सत्र गत सोमवार को शुरू हुआ था। इसके अलावा राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा।

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने आपातकाल पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में भारत एक गणतंत्र के रूप में 75 वर्ष पूरे करने जा रहा है। भारतीय संविधान ने बीते दशकों में हर चुनौती और कसौटी पर खरा उतरा है। देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर कई हमले हुए हैं। 25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था। जब इसे लगाया गया तो पूरे देश में हाहाकार मच गया था, लेकिन देश ने ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त की है। मेरी सरकार भी भारतीय संविधान को सिर्फ शासन का माध्यम नहीं बना सकती। हम अपने संविधान को जनचेतना का हिस्सा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के साथ मेरी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है। हमारे जम्मू-कश्मीर में संविधान पूरी तरह लागू किया गया है, जहां अनुच्छेद 370 के कारण स्थिति अलग थी।

राष्ट्रपति ने कहा कि मैं 18वीं लोक सभा के सभी नव निर्वाचित सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। आप सभी यहां देश के मतदाताओं का विश्वास जीतकर आये हैं। देशसेवा और जनसेवा का ये सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपना दायित्व निभायेंगे। 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बनेंगे। उन्होंने लकसभा चुनाव की चर्चा की।



### राज्य के विकास से देश का विकास

राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी सरकार का मत है कि दुनियाभर से निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्यों में स्वस्थ स्पर्धा हो। यही कंपटीटिव को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म की सच्ची स्पिरिट है। राज्य के विकास से देश का विकास, इसी भावना के साथ हम आगे बढ़ते रहेंगे। राष्ट्रपति ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था, पीएम किसान सम्मान निधि, हरित युग, इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में किये काम, महिलाओं के उत्थान की दिशा उठाये गये कदम, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, अति पिछड़े जनजातीय समूहों के लिए हो रहे काम आदि का जिक्र किया। उन्होंने पीएम स्वनिधि का विस्तार की योजना, डिफेंस सेक्टप्र पर बल देन समेत सरकार के भविष्य के रोड मैप पर भी प्रकाश डाला।

### राष्ट्रपति के संबोधन पर बरसा विपक्ष, आपातकाल पर भी घेरा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। लोकसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा आपातकाल पर की गयीं टिप्पणियों को लेकर हंगामा मचा ही हुआ था कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी अपने संबोधन में वर्ष 1975 के उस दौर का जिक्र किया। विपक्षी गठबंधन ने इसे लेकर अपनी नाराजगी जतायी है। विपक्ष के नेताओं का कहना है कि राष्ट्रपति के संबोधन की स्क्रिप्ट सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी थी और यह झूठ से भरी हुई थी। विपक्ष ने सदन में आपातकाल को लेकर लगातार बयानबाजियों पर भी सरकार को आड़े हाथों लिया। कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने कहा कि राष्ट्रपति के संबोधन में कुछ भी नया नहीं था। आपातकाल के बाद भी देश में कई बार लोकसभा चुनाव हुए और भाजपा को हार मिली। उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं बचा है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन लोगों के लिए क्या किया, जिन्हें आपातकाल के दौरान जेल में डाला गया था? जबकि, समाजवादी पार्टी ने उन लोगों को सम्मान और पेंशन दी। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में ऐसी स्क्रिप्ट को पढ़ा, जिसे केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया था। सीपीआइ (एमएल) सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि कि राष्ट्रपति को संबोधन पूरी तरह से झूठ से भरा हुआ था। सुदामा प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रपति के संबोधन को सुनकर ऐसा लगा जैसे वह भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार कह रहीं हों।

# नीट पेपर लीक केस में सीबीआइ की पहली गिरफ्तारी

- पटना से मनीष प्रकाश और आशुतोष गिरफ्तार
- दोनों ने प्ले स्कूल बुक कराया, यहीं सवाल रटाये
- हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल से चल रही पूछताछ
- सवालों को जवाब में उलझे प्रिंसिपल एहसान उल हक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना/रांची/हजारीबाग।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ ने गुरुवार को दो आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को पटना से गिरफ्तार किया। दोनों ने ही पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रात भर के लिए बुक कराया था। इसी स्कूल में 20 से 25 अभ्यार्थियों को इकट्ठा करके प्रश्नपत्र का उत्तर रटवाया गया। यहीं जली बुकलेट के टुकड़े मिले थे। केंद्रीय जांच एजेंसी पिछले दो दिन से 11 लोगों से पूछताछ कर रही है। सीबीआआ ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) से 26 जून को यह केस अपने हाथ में लिया था। अब तक पांच राज्यों में पुलिस ने 27 से ज्यादा गिरफ्तारियां की हैं। उधर, सीबीआइ की टीम झारखंड में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक को एक बार फिर स्कूल लेकर गयी। मड़ई रोड स्थित स्कूल में 2 घंटे पूछताछ के बाद टीम प्रिंसिपल को लेकर वापस चरही स्थित सीसीएल गेस्ट हाउस पहुंची।

**चिंटू और मुकेश को रिमांड पर लिया:** सीबीआइ की टीम गुरुवार को दोपहर एक बजे पटना की बेऊर जेल पहुंची। यहां आरोपी बलदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश कुमार का मेडिकल कराया और उन्हें आठ दिन की रिमांड पर लिया। बताया जा रहा है कि टीम दोनों को अलग-अलग लोकेशन पर ले जाकर पूछताछ करेगी। सीबीआइ ने 26 जून को चिंटू और मुकेश को कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद दोनों की 8 दिन की रिमांड मिली थी। चिंटू नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया का रिश्तेदार है। दावा है कि चिंटू के मोबाइल पर ही पेपर आया था, जबकि मुकेश गाड़ी से अभ्यार्थियों को उस स्कूल में ले गया था, जहां सवालों के जवाब रटवाये गये थे।

**यूजीसी नेट परीक्षा के भी जुड़ रहे तार:** एक अन्य जानकारी यूजीसी नेट से भी जुड़ी है जो इसी स्कूल की है। यूजीसी नेट परीक्षा भी इसी सेंटर पर हुई थी। ऐसे में कहा जा रहा है कि इसी स्कूल से उसके प्रश्नपत्र लीक होने का शक भी है। आज टीम ने स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सह सेंटर सुपरिंटेंडेंट इम्तियाज आलम का एक मोबाइल और लैपटॉप जब्त किया है। एजेंसी को शक है कि ओएसिस स्कूल से ही पेपर लीक किया गया है।





### प्रश्नपत्र पहले स्कूल स्कूल ले जाया गया, फिर बैंक

सीबीआइ और पुलिस सूत्रों के मुताबिक 3 मई को प्रश्न पत्र कूरियर एजेंसी ब्लू डार्ट के हजारीबाग नूतन नगर सेंटर से बैंक ले जाने की बजाय पहले ओएसिस स्कूल लाया गया था। इसके बाद यहां से बैंक भेजा गया। ऐसे में संदेह का दायरा बढ़ रहा है कि प्रश्न पत्र का पैकेट खोलने का खेल स्कूल में ही हुआ है। हालांकि इस जानकारी पर सीबीआइ की ओर से कोई कमेंट नहीं आया है। प्रिसिंपल से पूछताछ के दौरान एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने भी कुछ सबूत इकट्ठे किये हैं।

### सवालों में उलझे स्कूल प्रिंसिपल

हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक पूछताछ में प्रश्न पत्र के पैकेट में टेंपरिंग के सवाल पर उलझ गये। साथ ही अभ्यार्थियों को 15 मिनट देर से प्रशन पत्र कैसे मिला? सिटी कोर्डिनेटर होने के बाद भी आप ने टेंपरिंग को कैसे नहीं देखा? जैसे तमामा सवालों के जवाब में उलझ गये।

### छह राज्यों में चल रही सीबीआइ की जांच

सीबीआइ छह राज्य बिहार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और यूपी में पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपियों के आपस में संबंधों की पड़ताल कर रही है। जिससे मास्टरमाइंड का पता चल सके। सीबीआइ को शक है कि लीक मामले में विभिन्न राज्यों में गिरफ्तार आरोपी केवल कांट्रैक्टर हैं, असली अपराधी कोई और है।

## न्यूज रील्स

### लालकृष्ण आडवाणी दिल्ली एम्स से डिस्चार्ज

नयी दिल्ली। देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को दिल्ली के एम्स अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। 26 जून की शाम को उन्हें कुछ दिक्कत महसूस हुई, जिसके बाद हॉस्पिटल लाया गया। उन्हें यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया था। डॉक्टरों ने बताया कि उनका एक छोटा ऑपरेशन किया गया। हालत में सुधार होने के बाद गुरुवार को छुट्टी दे दी गयी। 31 मार्च को लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 3 फरवरी को उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की थी। इससे पहले 2015 में आडवाणी को देश के दूसरे सबसे नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

# क्या रिम्स को बंद कर देना चाहिए: हाइकोर्ट

कहा, सामान्य मरीजों का इलाज जमीन पर और वीआइपी के लिए खास व्यवस्था

स्वास्थ्य सचिव और रिम्स डायरेक्टर आज होंगे हाजिर

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने गुरुवार को रिम्स की कार्य प्रणाली को लेकर कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि रिम्स को बंद कर देना चाहिए। दरअसल हाइकोर्ट रिम्स को लेकर एक जनहित याचिका की सुनवाई कर रहा था। कोर्ट ने मौखिक कहा है कि यहां वीआइपी कल्चर हावी है। सामान्य मरीजों का इलाज बेड के अभाव में जमीन पर होता है। वहीं वीआइपी मरीजों के लिए इलाज की अलग व्यवस्था होती है। स्वास्थ्य विभाग की दिलचस्पी रिम्स को चलाने में नहीं दिख रही है। ब्यूरोक्रेट्स की दखलंदाजी के कारण रिम्स की आधारभूत संरचना बेहतर नहीं हो पा रही है। ऐसे में रिम्स को बंद कर देना चाहिए।




**रिम्स डायरेक्टर कोर्ट में हुए थे पेश:** हाइकोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव, भवन निर्माण विभाग के सचिव और रिम्स के डायरेक्टर को शुक्रवार को सशरीर उपास्थित होने का निर्देश दिया है। गुरुवार को हुई सुनवाई में रिम्स के डायरेक्टर अदालत में उपस्थित हुए थे। कोर्ट ने उनसे पूछा कि रिम्स की व्यवस्था क्यों नहीं सुधर रही? जिस पर उन्होंने कोर्ट को बताया कि रिम्स की व्यवस्था में सुधार के लिए जो प्रस्ताव अलग-अलग विभागों में दिये गये थे, वह रुके हुए हैं। इसके बाद अदालत ने उक्त अधिकारियों को उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

### चिकित्सक निजी प्रैक्टिस कर रहे, यह दुर्भाग्य की बात

रिम्स में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, बुनियादी सुविधा दिलाने, एमआरआइ मशीन सहित अन्य चिकित्सा उपकरण को ऑपरेशनल रखने को लेकर ज्योति शर्मा की ओर से जनहित याचिका दायर हुई है। रिम्स के चिकित्सा उपकरण वर्षों पुराने हैं जिनकी मेंटेनेंस नहीं हो पाती है, जिस वजह से ये खराब पड़ी रहती है। रिम्स की बदहाल स्थिति के कारण प्राइवेट अस्पताल और नर्सिंग होम फल फूल रहे हैं। रिम्स में नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस लेने के बाद भी चिकित्सक प्राइवेट नर्सिंग होम और अस्पतालों में प्रैक्टिस कर रहे हैं, यह दुर्भाग्य की बात है। कोर्ट को बताया गया कि रिम्स को बेहतर बनाने के लिए कई पहल की जा रही है, लेकिन ब्यूरोक्रेट्स की दखलंदाजी की वजह से रिम्स बेहतर स्थिति में नहीं पहुंच पा रहा है। रिम्स में करीब 2600 बेड है और प्रतिदिन रिम्स में 2500 मरीज झारखंड सहित अन्य पड़ोसी राज्यों से पहुंचते हैं। इसलिए मरीज के बेड की संख्या को बढ़ाने की जरूरत है। रिम्स डायरेक्टर ने बताया कि एक करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करने के लिए रिम्स की गवर्निंग बॉडी की अनुमति जरूरी होती है, लेकिन इसकी बैठक के काम होने से खराब पड़े मेडिकल उपकरण को बदलने के लिए टेंडर की प्रक्रिया लंबी हो जाती है, जिससे मेडिकल उपकरण वर्षों से खराब पड़े रहते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,600 रु./10 ग्राम
चांदी 93,000 रु./प्रति किलो



# विधानसभा के लिए चंपाई सरकार का विजन क्लियर, विकास ही मुद्दा

## ■ भाजपा वोटरों में सेंधमारी करने का फुलप्रूफ प्लान बनाने में जुटा इंडिया गठबंधन

## ■ विकास के रास्ते जनता का मत हासिल करेगा जेएमएम, कल्पना बनेंगी पार्टी की ताकत

**झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। नवंबर-दिसंबर में होनेवाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में हर दल जुट गये हैं। एक तरफ जहां भाजपा ने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है, तो लोकसभा में उसकी सहयोगी रही आजसू भी चुनावी एक्शन में है। लेकिन इन सभी दलों से इतर इंडी गठबंधन ने फ्रंट फुट पर खेलना शुरू कर दिया है। चंपाई सोरेन सरकार ने झारखंड की जनता के लिए योजनाओं की झड़ी लगा दी है। एक तरफ जहां सरकार ने 200 यूनिट फ्री बिजली प्रति माह करने की घोषणा की है, वहीं किसानों की ऋण माफी की घोषणा भी हो चुकी है। मुख्यमंत्री बहन-बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता, अगले तीन महीने में 40 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद, नयी स्वास्थ्य योजना की सौगात, 2027 तक 20 लाख लाभुकों को अबुआ आवास जैसी लुभावनी योजनाओं की कतार चंपाई सोरेन सरकार ने लगा दी है। इंडी गठबंधन का विजन क्लियर है। उसे अब मुद्दों की राजनीति करनी है। उनका मुद्दा जनता का विकास है। खासकर जेएमएम का संगठन पूरे झारखंड में बहुत मजबूत हो चुका है। उसे समझ में आ गया है कि उसे किस तरीके की राजनीति करनी है। आदिवासी तो जेएमएम के साथ हैं ही, अब वह इंडी गठबंधन के तहत और कैबिनेट विस्तार के प्रारूप के माध्यम से भाजपा के वोटरों में भी सेंधमारी करने की योजनाओं पर काम करना शुरू कर दिया है। इस लोकसभा चुनाव ने बता दिया है कि झारखंड की राजनीति में जेएमएम आज के दौर में कहां खड़ा है। कांग्रेस को भी पता है कि कैसे जेएमएम के कंधे पर लटक कर फिर से कैसे सत्ता हासिल करनी है। इसलिए मंत्रिमंडल विस्तार भी कांग्रेस सोच समझकर कर रही है। फिलहाल सत्ता की चाबी इंडी गठबंधन के हिस्से है, तो वह जनता को लुभावने वादे कर सकती है। कैसे चंपाई सोरेन सरकार, झारखंड की जनता के लिए विकास के नये-नये अवसरों की झड़ी लगा रही है और कैसे इन योजनाओं के तहत सरकार राज्य में फिर से सत्ता हासिल करने की नींव तैयार कर रही है। इस बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड मुक्ति मोर्चा का राजनीतिक विस्तार हो रहा है। यह विस्तार क्षत्रिय दलों के लिए नजीर भी पेश कर रहा है। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद जेएमएम कार्यकर्ताओं और नेताओं में निराशा के बादल छाये हुए थे। लेकिन जिस तरह से हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन ने हेमंत की हिम्मत बनने का काम किया, उसकी जितनी भी तारीफ की जाये, कम है। गृहिणी से सदन तक का सफर तय कर चूंकि कल्पना सोरेन ने जेएमएम की नयी ताकत बनकर उभरी हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि चंपाई सोरेन भी अब फॉरवर्ड खेल रहे हैं। उन्होंने झारखंड की जनता के लिए योजनाओं की झड़ी लगा दी है। इस विधानसभा चुनाव में कल्पना सोरेन फैक्टर बहुत बड़ा होने वाला है। यह चुनाव कल्पना सोरेन की राजनीतिक क्षमता और हैसियत भी तय करेगा। लोकसभा चुनाव में उन्होंने ने तो खुद को साबित कर दिया है कि बड़े और ताकतवार नेताओं का गुण उनमें तो हैं। वह पत्थर को अपनी मेहनत से पारस बना सकती हैं, लेकिन उन्हें जमीन पर रह कर ही काम करना पड़ेगा। ऐसा देखा गया कि अचानक राजनीति में सफलता मिलते ही लोगों में अहम आ जाता है, लेकिन कल्पना सोरेन जितनी ग्राउंडेड रहेंगी, उतनी बड़ी नेता वह बनेंगी। कल्पना सोरेन की राजनीतिक सूझबूझ का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जैसे ही विधायक पद की शपथ ली, वह गांडेय में कैंप कर गयीं। जैसा की हर राजनीतिक शख्सियत की एक राजनीतिक जमीन होती है, उसी से उसकी पहचान होती है, कल्पना ने इसे पहचान लिया और उन्होंने संकेत दे दिया है कि झारखंड की राजनीति में वह धूम्र केतु की तरह चमकेंगी। अर्जुन मुंडा का उदाहरण यहां देना चाहूंगा, जैसे ही अर्जुन मुंडा ने अपनी राजनीतिक जमीन की उपेक्षा की, उनका राजनीतिक भविष्य संकट में आ गया। एक वक्त उनका भी झारखंड की राजनीति में धूम्र केतु की तरह उदय हुआ था। खैर फिलहाल चंपाई सोरेन सरकार का पूरा फोकस झारखंड विकास पर है। उसके लिए निर्धारित योजनाओं पर है। इन योजनाओं के सहारे इंडी गठबंधन फिर से सकता हासिल करना चाहता है।



### चंपाई सोरेन सरकार एक्शन में

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ताबड़तोड़ समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। वह तेजी से सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरने की मुहिम चला रहे हैं। राज्य सरकार ने नियुक्तियों की गाड़ी आगे बढ़ाने के साथ-साथ लोकलुभावन योजनाओं की भी झड़ी लगा दी है। सरकार ने पूर्व में 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली का दायरा बढ़ाकर, अब 200 यूनिट फ्री बिजली प्रति माह करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद जल्द ही इसका प्रारूप कैबिनेट की सहमति के लिए लाया जायेगा। समीक्षा बैठकों के दौरान ही किसानों के कृषि ऋण को लेकर भी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने किसानों का 50 हजार तक का ऋण माफ किये जाने की घोषणा का भी दायरा बढ़ा दिया है। अब इसे बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, इस तरह के अन्य लुभावनी घोषणाएं और भी सामने आ सकती हैं, जिसका असर विधानसभा चुनाव के दौरान देखने को मिलेगा। हालांकि, ऐसी योजनाओं का असर खजाने पर पड़ना स्वभाविक है। एक अनुमान के मुताबिक, राज्य सरकार बिजली कंपनियों को हर साल सरकार रिसोर्स गैप मद में 750 करोड़ देती है। मुफ्त बिजली का दायरा बढ़ाने के बाद इसमें और बढ़ोतरी होगी। इसी प्रकार ऋण माफी योजना की राशि बढ़ाने के बाद सरकार को इस मद में काफी ज्यादा राशि की व्यवस्था करनी होगी।

### 20 लाख लाभुकों को अबुआ आवास

राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना की लांचिंग भी निम्न आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर किया है। इस योजना के तहत विभिन्न चरणों में आठ लाख लोगों को मकान उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव से पूर्व ही घोषणा करते हुए कहा था कि 2027 तक झारखंड के 20 लाख लाभुकों को अबुआ आवास मिलेगा।

### पेंशन स्कीम

इसके अलावा सर्वजन पेंशन स्कीम के तहत 50 वर्ष से ऊपर लोगों को पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। यहां उल्लेखनीय है कि पूर्व में पेंशन योजनाओं के लाभ का दायरा 60 वर्ष से ऊपर तक के लोगों तक के लिए था। राज्य सरकार की योजना से एक बड़े वर्ग के लिए पेंशन का प्रावधान हुआ है। इसका मैसेज जनता के बीच बहुत पॉजिटिव जा रहा है।

### महिलाओं के लिए खुशखबरी

झारखंड में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए खुशखबरी है। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार के लिए एक हजार रुपये प्रति महीने आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। चंपाई सोरेन सरकार राज्य की 25 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत इसका फायदा देगी। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने इस योजना को शुरू करने के निर्देश दिये हैं। राज्य में जल्द कैंप का आयोजन कर आवेदन भी लिये जायेंगे। बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अनुसार अगस्त से राशि वितरित की जा सकती है। अनुमान के मुताबिक राज्य की 38 से 40 लाख महिलाएं उक्त योजना के दायरे में आ सकती हैं, जबकि योजना पर सालाना करीब 4000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो सकते हैं।

### युवाओं को सरकारी नौकरी

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने घोषणा की है कि अगले तीन महीने में राज्य में 40 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जायेगी, संबंधित आयोग को इस समय सीमा के अंदर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश भी दिया गया है। सीएम ने यह घोषणा धनबाद में करीब 313 करोड़ 96 लाख रुपये की 333 योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के दौरान की। सरकार निजी क्षेत्र की कंपनियों में भी स्थानीय युवाओं को नौकरी दिलाने के लिए अभियान चलायेगी। इन घोषणाओं के बाद युवाओं में आस तो जगी है। अगर सरकार ऐसा करने में कामयाबी हासिल करती है तो निश्चित इसका चुनावी लाभ भी उसे मिलेगा।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक

सीएम चंपाई सोरेन ने यह भी घोषणा की है जो युवा स्वरोजगार के इच्छुक हैं, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद की जा रही है। सीएम ने धनबाद स्थित बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 23,540 लाभार्थियों के बीच 69 करोड़ 73 लाख 99 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। इस योजना से रोजगार सृजन के अगर द्वारा खुलते हैं, तो यह भी सरकार की बड़ी उपलब्धि होगी।

### नयी स्वास्थ्य योजना की सौगात

चंपाई सोरेन सरकार ने यह भी घोषणा की है कि राज्य की जनता को अगले महीने नयी स्वास्थ्य योजना की सौगात मिलेगी, जिसके तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों को 15 लाख रुपये तक इलाज की मुफ्त सुविधा मिलेगी। सिर्फ राशन कार्ड के आधार पर लोग इस स्वास्थ्य योजना का लाभ ले सकेंगे।

अब इन सौगातों और योजनाओं से साफ संकेत मिल रहा है कि चंपाई सोरेन सरकार और इंडी गठबंधन झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस चुकी है। उसे समझ में आ गया है कि मुद्दा नकारात्मक राजनीति का नहीं, बल्कि सकारात्मक विकास से ही वह जनता के बीच अपनी पैठ गहरी कर सकती है। इंडी गठबंधन ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है। इस बार का विद्यानसभा चुनाव बहुत ही दिलचस्प होने वाला है। हर दल, हर पल अब रणनीति बनाने में जुट गये हैं। कौन क्या समीकरण बनायेगा जल्द सामने आ जायेगा। लेकिन इतना तो तय है कि यह रण, हर दल के लिए आर या पार की लड़ाई है।

---

## झारखंड में नौकरियों की बहार

# 37,477 पदों के लिए निकलेगी वैकेंसी

**अगस्त से नवंबर तक जेएसएससी आयोजित करेगा परीक्षा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से इस साल अगस्त से नवंबर तक कई पदों पर भर्ती की जायेगी। जेएसएससी की मानें तो इस दौरान लगभग 37,477 पदों पर बहाली की जायेगी। इसमें राज्य के अधिकांश खाली पदों को भरने का लक्ष्य तय किया गया हैण जेएसएससी ने बुधवार को नियुक्ति परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके अनुसार अगस्त से नवंबर तक नौ नियुक्ति परीक्षाओं के माध्यम से 37,477 पदों पर भर्ती की जायेगी।




इसमें तीन नियुक्ति परीक्षाएं ओएमआर शीट पर आयोजित की जायेगी। वहीं, छह नियुक्ति परीक्षाएं सीबीटी मोड में आयोजित की जायेगी। सबसे अधिक प्रारंभिक विद्यालयों में सहायक आचार्य के 26001 पद है। इसमें बहाली ली जानी है। जारी शिड्यूल के अनुसार अगस्त के दूसरे सप्ताह में झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा होगी। सितंबर के पहले हफ्ते में झारखंड प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा होगी।

# देवघर पुलिस लाइन में 675 बेड का बैरक बनेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** देवघर जिले में 675 बेड का पुलिस बैरक तैयार होगा। इसके लिए झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने पहल की है। इसके लिए ई. प्रोक्योरमेंट नोटिस जारी कर 10 जुलाई तक आवेदन भी मांगे हैं। कॉरपोरेशन के मुताबिक देवघर पुलिस लाइन 675 बेड की सुविधा के साथ बैरक तैयार होने हैं। प्रति बैरक 225 बेड तैयार करने पर 4 करोड़ 88 लाख 6 हजार 24 रुपये की लागत आनी है। 675 बेड पर 14 करोड़ से अधिक हाउसिंग कॉरपोरेशन ने योग्य एजेंसियों के जरिये टेंडर निष्पादन के बाद अगले एक साल के भीतर निर्धारित काम को पूरा कराने का लक्ष्य रखा है। टेंडर डॉक्यूमेंट के तौर पर 10 हजार रुपये जबकि इएमडी के तौर पर 4 लाख 89 हजार रुपये लगेंगे।



# टाटानगर से भद्रक तक चौथी रेल लाइन को मिली मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आने वाले समय में टाटानगर के रेल यात्रियों को रेलवे की सौगात मिलने वाली है। दक्षिण पूर्व रेलवे की मानें तो टाटानगर होते हुए झारसुगुड़ा, हावड़ा से खड़गपुर होते हुए भद्रक तक चौथी लाइन और चांडिल से आद्रा होते हुए आसनसोल के लिए तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण किया जाना है। इसके लिए रेलवे बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किये जायेंगे।



इन लाइन के बनने से ट्रैफिक समस्या का समाधान होगा। सालगाझरी से टाटानगर तक तीसरी लाइन का काम जुलाई माह से शुरू होगा। रेलवे की मानें तो टाटानगर में यार्ड रिमॉडलिंग का काम होना है, लेकिन ट्रैफिक को देखते हुए इसे 2025 के पहले वित्तीय वर्ष तक शिफ्ट किया गया है। इससे थर्ड लाइन सहित इस काम को एक साथ पूरा किया जा सके। आदित्यपुर में जुलाई से यार्ड रिमाडलिंग का काम शुरू होगा। यहां भी दो अतिरिक्त प्लेटफार्म तैयार किये जायेंगे।

# एफआरए के नोडल अफसर बनाये गये संजीव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वन विभाग ने वन अधिकार अधिनियम 2006 को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार को वन अधिकार अधिनियम का नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया है। इससे संबंधित आदेश वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि संजीव कुमार का कार्य वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए



संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करना होगा। साथ ही संबंधित प्रमंडल अंतर्गत व्यक्तिगत वन अधिकार और सामुदायिक वन अधिकार मामले को समय-समय पर प्राप्त कर उसपर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन के क्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते समय उत्पन्न कठिनाइयों का भी निराकरण करेंगेण इसके अलवा विभिन्न पदाधिकारी के समक्ष आवश्यकता अनुसार वन विभाग के पक्ष और हितों का भी समर्थ रूप से रखेंगे।

## जगन्नाथ मेला का 1.92 करोड़ में टेंडर

**रांची (आजाद सिपाही)।** इस साल 1 करोड़ 92 लाख में जगन्नाथ मेला का टेंडर हुआ। आरंभ बिजनेस एंड मार्केटिंग पटना ने सबसे अधिक बोली लगाकर यह टेंडर लिया है। पिछले साल भी टेंडर प्रक्रिया से मेला का ठेका दिया गया था, जिसमें आरएस इंटरप्राइजेज ने 75 लाख की सबसे ऊंची बोली में टेंडर लिया था। इस साल मेला का ठेका लेने के लिए न्यूनतम बोली 31 लाख रुपये से शुरू थी। 11 लोगों ने टेंडर डाला था। तीन लोगों का टेंडर टेक्निकल बीड में रद्द किया गया।

# युवाओं को सेना में शामिल होने का सुनहरा अवसर

## भर्ती के दौरान दलालों से दूर रहने की सलाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य के लिए वर्ष 2024-25 के लिए सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक रांची में आयोजन होने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार और अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक रांची में आयोजन होने को लेकर कर्नल विकास भोला द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी औरअपर जिला दंडाधिकारी से अपनी बात रखते हुए विशेष रूप से कहा कि रांची जिला के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है। रांची जिला के युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती हो कर अपना भविष्य बनायें। यह हमारी प्राथमिकता है। कर्नल विकास भोला मौलिक सुविधा और अन्य सभी व्यवस्था रैली स्थल पर कराने को लेकर कहा कि रैली के दौरान विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, रैली ग्राउंड में भर्ती स्थल की चौतरफा सुरक्षा, रैली स्थल ग्राउंड में सीजीआइ शीट बैरिकेडेड क्षेत्र, रैली ग्राउंड और निर्धारित विश्राम क्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मेडिकल कवर, रैली स्थल पर एंबुलेंस के साथ मेडिकल टीम 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 तक रैली के सभी दिनों में सुबह चार बजे से उम्मीदवारों की किसी भी चोट-बीमारी के मामले में देखभाल करने और अन्य सभी व्यवस्था उपलब्ध कराने को कहा। जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार और अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक ने कहा कि सारी व्यवस्था जो भी जिला प्रशासन की तरफ से संभव होगा, वह सारी व्यवस्था उपलब्ध करा दी जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.2 °c | 25.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.04 बजे |



मुख्यमंत्री ने कल्याण गुरुकुल और कौशल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

# घर-परिवार, समाज और राज्य के प्रति दायित्वों को निष्ठा के साथ निभायें: सीएम

**युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल और कौशल कॉलेज के 31 छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। झारखंड मंत्रालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को भरोसा दिलाया कि उनके कौशल विकास और रोजगार के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि नियुक्ति पत्र मिलने के साथ दायित्व भी बढ़ गये हैं। अपने घर-परिवार को चलाने के साथ समाजए राज्य और देश के लिए जिम्मेदारी निभानी है। ऐसे में पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें, क्योंकि आपसे बहुत कुछ जुड़ा है।

**दूसरे युवाओं को भी प्रेरित करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां जिन छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र मिला है, उनमें ज्यादातर ग्रामीण परिवेश के हैं। ऐसे में आप उनके लिए किसी न किसी रूप में प्रेरणा स्रोत बनेंगे। सफलता ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब आपके पास हुनर होगा, तो रोजगार के अनेकों मौके मिलेंगे।

**इनकी रही मौजूदगी :** इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, सचिव कृपानंद झा और प्रेझा फाउंडेशन के मुख्य परियोजना पदाधिकारी एम कुमार मौजूद थे।



### सीखने की प्रक्रिया को जारी रखें

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि संसार में कभी कोई कार्य रुकता नहीं है। ऐसे में बदलते समय के अनुरूप अपने को बनाये रखना जरूरी है। आप अपने कार्यों में निरंतरता के साथ सीखने की प्रक्रिया भी हमेशा जारी रखें। यह आपको और भी आगे ले जायेगा।

### देश के साथ विदेश की कंपनियों में मिली नौकरी

प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कौशल कॉलेज और कल्याण गुरुकुल के जिन विद्यार्थियों को आज नियुक्ति पत्र मिला, उनमें कल्याण गुरुकुल के 13 विद्यार्थियों का चयन दुबई की एक कंपनी, नर्सिंग की चार छात्राओं का चयन हैदराबाद के एक बड़े अस्पताल, कलीनरी के छह विद्यार्थियों का चयन राजस्थान और आठ विद्यार्थियों का हैदराबाद के एक बड़े होटल के लिए हुआ है।

# पासवा ने मुख्यमंत्री को प्रतिभा सम्मान समारोह में किया आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को दो जुलाई को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

प्रतिनिधिमंडल में पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। बता दें कि पासवा राज्य से जैक, सीबीएसइ, आइसीएसइ बोर्ड के 10वीं और 12वीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए 15 हजार मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार,नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

**वृष** रोजी-रोजगार के क्षेत्र में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ।

**मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि,धन-द्रव्य का लाभ,शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होगी।

**सिंह** सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

**कन्या** पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे.पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे।

**तुला** काम-काज की स्थिति में सुधार, अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।

**वृश्चिक** संकल्पित कार्य पूरे होंगे, आकस्मिक लाभ,स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, जमीन-जायदाद के कामों में रुकावट दूर होगी।

**मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ,हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** स्वास्थ्य में सुधार, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मीन** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ। समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

# बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग करनेवाले दो पहिया वाहन चालकों से वसूलें भारी जुर्माना : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल राहुल कुमार दास की जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने गुरुवार को मौखिक कहा कि रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। सर्जना चौक से लेकर सुजाता चौक तक दो पहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग करते हुए चलते हैं। ट्रैफिक पुलिस इनसे भारी जुर्माना वसूल करे। जब उनके जेब पर भार पड़ेगा, तब वह ट्रैफिक नियमों का पालन करना सीखेंगे। कोर्ट ने मौखिक कहा कि ऐसा देखा जा रहा है कि रांची में लोग पुलिस के डर से केवल हेलमेट पहनते हैं जबकि उन्हें यह पता होता है कि उनके सिर की सुरक्षा के लिए भी हेलमेट काफी जरूरी है। हेलमेट नहीं पहनकर और ट्रिपल राइडिंग कर ये लोग अपनी जिंदगी तो जोखिम में डालते ही है। साथ ही दूसरों के लिए दुर्घटना का कारण बनते हैं। पुलिस को एक माह तक लगातार चेकिंग अभियान चलाने की जरूरत है। इसके अलावा जो इ-रिक्शा वाले परमिट के हिसाब से अपने निर्धारित रूट पर नहीं चल रहे हैं, उनसे भी भारी जुर्माना वसूला जाये।

# नियुक्ति की घोषणा चंपाई सोरेन सरकार की सोची समझी साजिश: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य के युवा, बेरोजगार इस सरकार की नीति और नीयत को समझ चुके हैं। 5 लाख प्रतिवर्ष नियुक्ति, बेरोजगारी भत्ता का झांसा देकर सत्ता में आयी। राज्य सरकार ने बार-बार युवाओं को ठगा है। यह वही सरकार है, जिसने अपने पहले पार्ट में नियुक्ति वर्ष की घोषणा करके युवाओं को निराश किया है।



कहा कि जेएसएससी द्वारा जारी चुनावी परीक्षा कैलेंडर में दो-तीन माह बाद की संभावित परीक्षा तिथि घोषित करना चंपाई सोरेन सरकार की एक सोची समझी साजिश है। ये भ्रष्ट-निकम्मी सरकार विधानसभा चुनाव तक युवाओं के आक्रोश दबाकर को उन्हें गुमराह करना चाहती है।

कहा कि यदि सरकार की नीयत साफ होती तो जेएसएससी, सीजीएल की परीक्षा 15 दिनों के अंदर संपन्न करा ली जाती। कहा कि सबको याद है कि छात्रों के विरोध के बावजूद जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए सरकार ने मात्र 14 दिनों का ही समय दिया था। कहा कि झारखंड सरकार के अधीन दो आयोगों द्वारा जानबूझकर कभी जल्दीबाजी, तो कभी विलंब करना सुनियोजित साजिश को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि जेएमएम कांग्रेस सरकार की इस चुनावी परीक्षा कैलेंडर के झांसे में नहीं आयें। कहा यदि सरकार युवाओं को नौकरी देने के प्रति सजग है, तो हर हाल में जुलाई माह में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा संपन्न करा नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द पूरा करे। अन्यथा युवाओं का कीमती समय बर्बाद कर उनके करियर के साथ खिलवाड़ करना बंद करे।

# हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह के भाई की कंस्ट्रक्शन साइट पर नक्सलियों का हमला

**सड़क निर्माण में लगे तीन वाहनों को फूंका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में उग्रवादियों ने अपनी उपस्थिति एकबार फिर दर्ज करा दी है। उग्रवादियों ने हैदरनगर थाना अंतर्गत संड़ेया से डंडिला रोड निर्माण में लगे एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर को जला डाला। जानकारी के अनुसार सडया से डांडिल रोड का निर्माण कार्य हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह के भाई विनय कुमार सिंह के अभय इंटरप्राइजेज के द्वारा कराया जा रहा है। बुधवार को निर्माण कार्य के छूट्टी के बाद सभी गाड़ियों को सडेया गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में खड़ी की गयी थी। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुशार 12-15 की संख्या में नक्सलियों का दस्ता घटना स्थल पहुंचा और वाहनों को आग के हवाले कर दिया। कंस्ट्रक्शन कंपनी के संवेदक विनय कुमार सिंह ने बताया कि उग्रवादियों की लगातार धमकी दी जा रही थी। इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी गयी थी, लेकिन कोई ठोस कारवाई नहीं की गयी। एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। घटना स्थल पर किसी भी संगठन का कोई पर्चा या पोस्टर नहीं मिला है। अभी तक किसी संगठन ने इस घटना की जिमेवारी ली है। मामले की जांच की जा रही है।

### क्या कहा विधायक कमलेश सिंह ने

इस मामले में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पलामू एसपी को मेरे भाई विनय ने कई बार धमकी मिलने की सूचना दी थी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होना, एसपी के अदूरदर्शिता को उजागर करता है। एसपी ने उनकी भी सुरक्षा पर ध्यान नहीं देती है। यह झारखंड सरकार के इशारे पर अनदेखा करती है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार हमेशा उग्रवादियों के निशाने पर रहता है। इसका जीता जागता सबूत उनके पैतृक घर को उग्रवादियों द्वारा 2007 में उड़ाया गया था। इसके बाद भी कई बार उनके उपर हमला का प्रयास किया गया है। बुधवार की रात भाई के कार्यस्थल पर एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री को देंगे।

# भाजपा नेता प्रदीप वर्मा ने ली सांसद की शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा नेता प्रदीप वर्मा ने सांसद की शपथ गुरुवार को ली। इसे लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष और बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डॉ वर्मा सदन ने झारखंड की आवाज बनेंगे।



# अलकतरा घोटाले के आरोपित की जमानत पर सुनवाई 3 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में 1.08 करोड़ रुपये के अलकतरा घोटाले की राशि का मनी लांड्रिंग करने के मामले के आरोपित मेसर्स नागराज कंस्ट्रक्शन के संचालक नागवंत पांडेय की जमानत पर सुनवाई हुई। गुरुवार को सुनवाई के दौरान इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। मामले में अदालत ने अगली सुनवाई तीन जुलाई को निर्धारित की है। इससे पहले नागवंत पांडे ने गत शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में सरेंडर किया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया था। मामले में कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट निर्गत था। इडी ने 2021 में मेसर्स कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई की थी।

# झामुमो नेताओं ने सीएम चंपाई, कल्पना सोरेन और विनोद पांडेय से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे के नेतृत्व में झामुमो नेताओं ने गुरुवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, गांडेय की नव निर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन व दर्ज प्राप्त मंत्री विनोद पांडेय से अलग अलग मुलाकात की। इस दौरान सभी को बारी-बारी से झामुमो नेताओं ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया और कोडरमा आने का निमत्रण देते हुए कोडरमा जिले के ढिबरा, क्रेशर की समस्या और अबुआ आवास बन रहे मकान में कम दर पर बालू उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द नियम संगत आम जनता को उपलब्ध करायी जायेगी और जिले के वैसे अधिकारी की शिकायत की गयी जो बेवजह जनता के काम को नहीं कर लटकाते हैं। इन अधिकारियों को तत्काल कोडरमा से हटाने समेत जिले के अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी। मौके पर कोडरमा जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय, केंद्रीय समिति सदस्य संजय पांडेय, बैजनाथ मेहता, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, जिला प्रवक्ता संजय साजन, महिल मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला तिवारी, झुमरीतिलैया नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा, सतगावां प्रखंड अध्यक्ष गणेश राय, बिहार के झाझा के झामुमो पूर्व प्रत्याशी अजित भगत, संदीप पांडेय, मो सदाम, नंद किशोर मेहता, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, रंजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।



### कई लोगों ने रांची में थामा झामुमो का तीर धनुष

झामुमो पार्टी कार्यालय हरमू रांची में झामुमो में कई लोग शामिल हुए जिसे महासचिव बिनोद पांडेय ने पार्टी का पट्टा देकर उनका झामुमो में स्वागत किया। झामुमो में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से बिनोद कुमार, मो इबरार अंसारी, रुपेश कुमार, मो नसीम, सरोज यादव, मनोज यादव, प्रकाश यादव, दीपक यादव आदि के नाम मुख्य हैं।

### कल्पना ने थाईलैंड से जीतकर आये खिलाड़ियों से मुलाकात की

रांची (आजाद सिपाही)। गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कांके रोड स्थित आवास पर थाइलैंड से जीत कर आये पारा थ्रो बॉल खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामना दी। खिलाड़ियों ने विधायक को बताया कि लगातार पांच प्रतियोगिताओं में विजेता बनकर टीम लौटी है, इससे पहले सभी खिलाड़ी नेपाल भूटान मलेशिया और थर्लैंड से स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। मिलने वालों में खिलाड़ी सनोज महतो, मुकेश कंचन, मुकेश कुमार, महावीर बिन, असुंता टोप्पो, पुष्पा मिंज, संजुक्ता एक्का, तारामणि लकड़ा, महिमा उरांव, पतरस तिर्की मौके पर मौजूद रहे।




E-mail - mdjscb@jscb.gov.in | Ph. No. 0651-2913111

**JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LTD, RANCHI**

1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

Ref. : 785 | Date:27.06.2024

FORM A

BALANCE SHEET AS ON 31ST MARCH' 2024

| PARTICULARS | SCHEDULE NO. | As on 31.03.2024 | As on 31.03.2023 |
|---|---|---|---|
| **CAPITAL & LIABILITIES** | | | |
| Capital & Grants | 1 | 1,62,94,98,572.51 | 1,62,82,67,172.51 |
| Reserves & Surplus | 2 | 61,28,00,886.35 | 61,15,70,131.35 |
| Deposits | 3 | 23,62,40,65,450.38 | 21,10,84,83,380.66 |
| Borrowings | 4 | 8,70,07,89,894.57 | 5,41,74,58,782.57 |
| Other Liabilties & Provisions | 5 | 3,65,90,95,107.70 | 3,41,47,90,428.67 |
| | **TOTAL** | **38,22,62,49,911.51** | **32,18,05,69,895.76** |
| | | | |
| **ASSETS** | | | |
| Cash & Balances with RBI | 6 | 14,65,09,711.69 | 14,64,60,963.31 |
| Balance with Banks & Money at call & short notice | 7 | 13,26,67,54,437.89 | 8,99,78,75,861.36 |
| Investments | 8 | 10,95,49,18,395.35 | 12,12,36,46,262.35 |
| Advances | 9 | 11,11,12,49,878.37 | 7,54,50,29,470.28 |
| Fixed Assets | 10 | 42,59,10,771.82 | 42,56,83,101.42 |
| Other Assets | 11 | 2,32,09,06,716.39 | 2,94,18,74,237.04 |
| | **TOTAL** | **38,22,62,49,911.51** | **32,18,05,69,895.76** |
| Contingent Liabilities | 12 | 10,28,13,471.39 | 7,83,36,014.78 |
| Off Balance Sheet Item | 17 | 43,14,12,718.11 | 56,10,09,198.54 |
| **FORM-B** | | | |
| **FORM OF PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED 31ST MARCH' 2024** | | | |
| **INCOME** | | | |
| Interest Earned | 13 | 2,43,37,12,970.11 | 1,71,05,17,941.04 |
| Other Income | 14 | 9,52,19,589.31 | 6,05,03,480.33 |
| | **TOTAL:** | **2,52,89,32,559.42** | **1,77,10,21,421.37** |
| **EXPENDITURE** | | | |
| Interest Expended | 15 | 1,31,70,14,745.74 | 89,28,88,587.64 |
| Operating Expenses | 16 | 48,62,31,531.15 | 47,10,87,154.31 |
| Provisions & Contingencies | | 5,88,22,179.46 | 10,10,41,846.65 |
| | **TOTAL:** | **1,86,20,68,456.35** | **1,46,50,17,588.60** |
| **PROFIT/LOSS ( I -II )** | | | |
| **Net Profit /Loss for the year** | | **66,68,64,103.07** | **30,60,03,832.77** |

In terms of our even date attached to the Balance Sheet for D. N. Dokania & Associates

Sd/- Anup Tigga (A.M. Accounts)
Sd/- S.K.Dhiraj (Manager Accounts & Audit)
Sd/- Dilip Kumar (Manager Credit)
Sd/- Parishesh Pathak (C.E.O)
Sd/- Smt Bibha Singh (Chairperson)
Sd/- CA. Mantosh Kumar Singh MN: 429420 FRN: 050042C

## विद्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गाल्होवार पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय को झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा अपग्रेड किया गया। विष्णुगढ़ प्रखंड में चार विद्यालय गाल्होवार, मडमो, उचाघाना, भेलवारा के मध्य विद्यालयों को माध्यमिक (उच्च) विद्यालयों में उत्क्रमण कि स्वीकृति हुई। जिससे गाल्होवार माध्यमिक उच्च विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रारंभ नामांकन प्रवेश हेतु विद्यार्थियों के बीच स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित विष्णुगढ़ पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरजू पटेल, छोटी शर्मा, लखन महतो, इरफान अंसारी, रीतलाल महतो, हरित लाल महतो, कुर्बान अंसारी, पूर्व वार्ड सदस्य राजू राम, कयूम अंसारी आदि ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विद्यार्थियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रदीप राम ने बताया कि गाल्होवार राजकीय मध्य विद्यालय को उत्क्रमित किया गया। जिससे अब से विद्यालय में 9वीं और 10वीं की कक्षाएं प्रतिपादित किया गया। सत्र 2024-25 में 9वीं कक्षा में 149 विद्यार्थियों का नामांकन किया गया। पूर्व जिला परिषद सदस्य सरजू पटेल ने कहा कि गांव में कोई माध्यमिक (उच्च ) विद्यालयों नहीं रहने के कारण से उच्च शिक्षा पठन-पाठन के लिए बहुत दिक्कत होती थी। जिसे अब कोई दिक्कत नहीं होगी बच्चों को कहीं दूसरे स्कूल नहीं जाना पड़ेगा। इस विद्यालय को अपग्रेड कराने की मांग को लेकर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने काफी मेहनत किया है। विद्यालयों को उत्क्रमण होने पर छात्राएं सहित अभिभावकों में काफी खुशी देखी गयी।

## धनबाद में हजारीबाग के शिक्षकों को मिला सम्मान



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसीए द्वारा आयोजित सम्मान समारोह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यापीठ) धनबाद में हजारीबाग के पाणिनी आइएएस अकैडमी के निदेशक प्रकाश कुमार, कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव रितेश कुमार सिंह, श्रीकांत मैथमेटिक्स के निदेशक सीके पांडेय, अमेरिकन इन्स्टीट्यूट के निदेशक सुदेश कुमार, रोजगार तक के निदेशक विकास कुमार, फिजिक्स प्वाइंट के निदेशक पवन कुमार पांडेय, दी एम्बिशन कोचिंग सेंटर के निदेशक विवेक कुमार, एसबी एग्जाम के शिक्षक अजीत मिश्रा आदि शिक्षकों को विद्यार्थीयों को बेहतर शिक्षा देने के लिए यह सम्मान दिया गया। सम्मान पाकर सारे शिक्षक अपने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल हमें मिला है, बल्कि हजारीबाग जिले के तमाम शिक्षा प्रेमियों के उचित मार्गदर्शन के द्वारा विद्यार्थियों में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के लिए हमलोगों को यह मुकाम हासिल हुआ है। इसलिए यह सम्मान हजारीबाग जिले के सभी शिक्षा प्रेमियों को समर्पित है।

## जिला जल और स्वच्छता समिति की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला जल और स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण 2 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति का अनुश्रवण, ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस और तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु ग्राम कार्य योजना तैयार करने, 5 स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने हेतु माहवार लक्ष्य का निर्धारण और प्रगति का अनुश्रवण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण 2 अंतर्गत ग्राम स्तर पर निर्मित विभिन्न संरचनाओं यथा व्यक्तिगत घरेलू शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, गोबर गैस प्लांट, भस्मक यंत्र (माहवारी स्वच्छता प्रबंधन), प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई, पृथक्करण शेड, कचरा उठाव, संग्रह वाहन, सोख्ता गड्ढ़ा, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट पीट का समय-समय पर आकलन, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण II के क्रियान्वयन में अभिसरण आधारित कार्य करने हेतु चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर स्वच्छता/ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु ग्राम कार्य योजना तैयार करें। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला सहकारिता पदाधिकारी रोमा झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सना उम्मानी, राज्य समन्वयक निरूपण नाथ व दिग्विजय कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला समन्वयक सुमन कुमार और जिला जल और स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता और कर्मी मौजूद रहे।

## बरकट्ठा में 20 सूत्री कार्यक्रम की बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार को 20 सूत्री कार्यक्रम की बैठक 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में की गयी। वहीं संचालन बड़ा बाबू फनी भूषण प्रसाद ने किया। इस निमित्त अंचलाधिकारी के उत्तरदायी अंचल निरीक्षक सुरेंद्र पासवान को अवैध बालू ढुलाई पर रोक लगाने तथा सभी प्रकार के प्रमाण पत्र ससमय निर्गत करने का निर्देश दिया गया । वहीं उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निशांत बैक को सांप काटने पर उचित इलाज और असामाजिक तत्वों को अस्पताल आने पर रोक लगाने हेतु समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। 20 सूत्री अध्यक्ष द्वारा केजीबीवी बरकट्ठा में साप्ताहिक मेडिकल जांच टीम भेजने की बात कही गयी। मुख्यमंत्री पशु वितरण के अंतर्गत प्रखंड के 22 लाभुकों को जिला से ही बकरा/ बकरी वितरण करने का निर्णय लिया गया। वहीं बीइओ किशोर कुमार से केजीबीवी बरकट्ठा की छात्रा की मौत से संबंधित मामला का जायजा लिया गया। बच्चों के खाते में पैसा आने, साइकिल वितरण की अद्यतन स्थित, 3 वर्ष पूर्ण किए हुए एसएमसी का नई समिति का गठन, 13 विद्यालयों में सरकारी शिक्षक पद स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। सीडीपीओ को निर्देशित किया गया कि प्रखंड के सभी 142 आंगनबाड़ी केंद्र का सतत अनुश्रवण तथा विधि व्यवस्था दुरुस्त किया जाये। वहीं मनरेगा के कार्यों, विद्युत संबंधी मामले, 15वीं वित्त, अबूआ आवास यदि पर विस्तृत समीक्षा की गयी और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, सदस्य वासुदेव प्रसाद, राजाराम मांझी, मुनिया खातून, राधा देवी और प्रखंड पदाधिकारी व कर्मियों में डॉ निशांत बैक, पंकज कुमार, श्रीनाथ होनहेगा, किशोर कुमार, नीलू रानी, मिंटू रजक, अशोक ठाकुर, संजय यादव, हेमंत कुमार, श्याम वर्मा, संतोष कुमार, शिखा वर्मा, चिंताहरण पाठक उपस्थित थे। वहीं वन विभाग और प्रखंड समन्वयक आवास योजना से संबंधित कर्मी अनुपस्थित पाये गये जिन्हें स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, अवैध खनन पर रोक का निर्देश

# अवैध बालू पर रोक लगायें, नहीं तो होगी कार्रवाई : डीसी

- अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ करे सख्त कार्रवाई: एसपी
- अवैध खनन और परिचलान की आ रही शिकायत पर उपायुक्त ने जतायी नाराजगी, दिये सख्त निर्देश
- टीम बनाकर अवैधकर्ताओं के मनोबल को तोड़ने के लिए हर प्रभावी कदम उठाने के उपायुक्त ने दिये निर्देश



### कोयले के परिचालन में कार्रवाई करने का निर्देश

**उपायुक्त ने कहा कि स्पेशल ब्रांच से कई थाना प्रभारियों की शिकायत प्राप्त हुई और उन पर स्पष्टीकरण भी किया गया है। संतोषप्रद जवाब न मिलने पर सेवा बर्खास्तगी के लिए गृह मंत्रालय को मंतव्य भेजा जायेगा। पुलिस और प्रखंड स्तरीय अधिकारी ज्वाइंट ऑपरेशन को प्लान करें। मौके पर चौपारण थाना के थाना प्रभारी को मीटिंग में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर उपायुक्त ने शो कॉज करने का निर्देश दिया।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** डीसी नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में माइनिंग टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने कहा की खनन विभाग की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है, इसलिए यह आवश्यक है की सभी अधिकारी गंभीरता पूर्वक कार्यो को अंजाम दे। उन्होंने कहा की जिलेभर में कई अधिकारीयों के तबादले और लोकसभा चुनाव के कारण कारवाई में कमी आयी है, लेकिन राज्य स्तर पर खनन विभाग की गहन और गंभीरता से समीक्षा की जाती है। इसलिए तत्काल प्रभाव से अवैध खनन और बालू उठाव के मामलों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में हो रहे बालू और कोयले के अवैध परिवहन पर रोक लगाने की चेतावनी देते हुए अंकुश लगाने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग करने वाले लोगों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। एसपी ने सघन चेकिंग अभियान चलाने के साथ साथ पुलिस और जिला प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एकल विभागीय कार्रवाई से अवैध खनन पर रोक लगाना संभव नहीं है। अतः अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफिया पर हर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करें। एसपी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने और नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने जिले के बंद पड़े खदानों में अवैध माइनिंग पर सख्ती से कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने एनजीटी के गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करने तथा लगातार पुलिस अधिकारी को अपने क्षेत्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इचाक प्रखंड के टेप्सा में बारंबार खनन विभाग की कार्रवाई के बावजूद अवैध मीनिंग करने वालों पर गंभीरता पूर्वक सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा यह गंभीर मामला है पुलिसिया कार्रवाई पर ढीला ढाला रवैया बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सभी संबंधितों पर कार्रवाई करने को कहा।

कोयले की ढुलाई पर जांच अभियान चलाने को कहा। उन्होंने कहा कच्चा कोयला की गाड़ी में अगर जीएसटी का पेपर है लेकिन ई चलान नहीं है तो भी उन वाहनों पर भी कार्रवाई करें। मौके पर उन्होंने सभी संचालित क्रशरों पर लाइसेंस की जांच करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार, डीएसपी, सभी अंचलाधिकारी, सभी पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर समस्याओं से कराया गया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** प्रखंड के पूर्वी भाग के जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मिलकर कोडरमा जिला में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया तथा संगठन पर चर्चा की। साथ ही 2024 विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड प्रदेश में बने इस पर भी चर्चा हुई। मौके पर भाजपा नेता बीरेंद्र कुमार, प्रदीप साव मौजूद थे।

## भाकपा माले जिला कमेटी की हुई बैठक

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले जिला कमिटी की बैठक पार्टी कार्यालय में जिला सचिव राजेंद्र मेहता के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से राज्य सचिव मनोज भक्त उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में मिले जनाधार का हम स्वागत करते हैं और भरोसा देते हैं कि जो जनाधार आप लोगों ने दिया है पार्टी उस पर खरा उतरेगी। आपके हर संघर्षों के साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

# कोडरमा एसडीएम के खिलाफ अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा

## उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, अमर्यादित व्यवहार का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा के अधिवक्ताओं ने कोडरमा एसडीओ की कथित मनमानी को लेकर मोर्चा खोल दिया है। अधिवक्ताओं ने गुरुवार को कोडरमा डीसी को एक ज्ञापन देकर कहा कि कोडरमा अनुमंडल दण्डाधिकारी ने अधिवक्ता तरूण लाल धर्मचन्द मौनका के साथ अभद्र व अमर्यादित व्यवहार करते हुए उन्हें अपने कार्यालय कक्ष से बाहर करवा दिया। आवेदन में कहा गया है कि 26 जून को जब अधिवक्ता तरुण लाल धर्मचन्द मौनका जनहित में कार्य करते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत कार्रवाई प्रारंभ करने के लिए अनुमण्डल दण्डाधिकारी के समक्ष निवेदन कर रहे थे तब एसडीएम रिया सिंह ने अकारण आक्रोश में आकर अधिवक्ता मौनका के साथ अभद्र व अमर्यादित व्यवहार करते हुए अपने सुरक्षा गार्ड व आदेशपाल को कार्यालय कक्ष में बुलवाकर अधिवक्ता मौनका को कार्यालय कक्ष से बाहर करवाने का आदेश दिया और बिना कुछ सुने अधिवक्ता मौनका को कार्यालय कक्ष से बाहर करवा दिया गया जिसे कार्यालय कक्ष के सीसीटीवी फुटेज में भी देखा जा सकता है। इस संबंध में अधिवक्ता मौनका के द्वारा उपायुक्त और जिला अधिवक्ता संघ को भी 26 जून को कार्रवाई करने हेतु आवेदन दिया गया था। उपरोक्त आवेदन के आलोक में गुरुवार को सुबह 9:30 बजे जिला अधिवक्ता संघ, कोडरमा द्वारा अधिवक्ता संघ के हॉल नं0-01 में एक आपात बैठक आहूत की गयी। जिसमें रिया सिंह, अनुमंडल दंडाधिकारी, कोडरमा के इस व्यवहार व क्रियाकलाप की घोर निंदा की गयी और इस अशोभनीय कार्य के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की गयी। आवेदन में कहा गया है कि अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा कभी भी एक निश्चित समय पर अपने न्यायालय में सुनवाई नहीं किया जाता है, उनके द्वारा यदा-कदा असमय अपने कार्यालय कक्ष से ही राजतंत्र की भांति तानाशाह बनकर न्यायालय संचालित किया जाता है जो कि न्यायोचित नहीं है। बैठक में निर्णय लिया गया कि उपरोक्त संबंध में उपायुक्त, कोडरमा, जिला और सत्र न्यायाधीश, कोडरमा, झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद, रांची, गृह सचिव, झारखंड सरकार, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपी जायेगी कि तीन दिनो के अंदर रिया सिंह अनुमंडल दंडाधिकारी, कोडरमा के द्वारा अधिवक्ता तरूण लाल धर्मचंद मौनका के साथ किये गये दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगे और न्यायालय का सभी कार्य अनुमंडल परिसर में अवस्थित खुले न्यायालय कक्ष से हीं करें। तीन दिन के बाद जिला अधिवक्ता संघ, कोडरमा, अनुमंडल दण्डाधिकारी, कोडरमा के सभी न्यायिक कार्यों से अपने आप को अनिश्चितकाल के लिए अलग रखेंगे और मानहानी का मुकदमा दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, सचिव मनीष कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# एनटीपीसी ने कोयला उत्पादन के लक्ष्य को किया हासिल

- पिछले वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करते हुए 2.5 लाख टन कोयले का उत्पादन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** एनटीपीसी की केरेडारी व चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने अपनी उपलब्धियों को आम जनता के समक्ष रखा है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से परियोजना के अधिकारीयों ने बताया की पिछले वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करते हुए 2.5 लाख टन कोयले का उत्पादन किया गया है। जबकि इसी वर्ष के शुरूआत में कोयला प्रेषण की भी शुरुआत की गयी थी जो निरंतर जारी है। कोल माइंस के शुरूआत में कानून व्यवस्था जैसी कई समस्यायों का सामना करना पड़ा लेकिन फिर आम जनता के सहयोग और कंपनी के अधिकारीयों के मेहनत की वजह से कामयाबी मिली है। यहां का कोयला टोरी, बचरा और कटकमसांडी साइडिंग से कोल डिस्पैच की शुरुआत करते हुए अब तक कुल 680 रैक कोयले का डिस्पैच किया जा चुका है। केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने वित्तीय वर्ष 2024 - 2025 में 2.5 एमएमटी कोयले के उत्पादन व डिस्पैच का लक्ष्य निर्धारित किया है। यहां से भेजे गये कोयलेबक उपयोग टांडा और नार्थ कर्णपुरा प्रोजेक्ट द्वारा एनटीपीसी के मजबूत परिचालन को सुनिश्चित करने के लिए किया जायेग। वित्तीय वर्ष 2022-2023 और 23-24 में हमने सीएसआर और सामुदायिक विकास एक्टिवटी के तहत कुल 4.21 करोड़ रुपये खर्च किये हैं केरेडारी परियोजना के द्वारा 19 प्रभावित विद्यालयों को 1000 ज्योइन्टेड बेंच डेस्क दिये गये, 5 गांवों और 2 मिडिल सरकारी विद्यालयों में 13 हैंड पंप और 11 डीप बोरवेल, महिलाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु सिलाई प्रशिक्षण के 9 केंद्र खोले गये, कम्प्यूटर प्रशिक्षण के 3 केंद्र, मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के लिए 7 स्वयं सहायता समूहों से करीब 650 महिलाओं को शामिल करते हुए 3 केंद्र व किसानो को स्ट्राबेरी और अन्य फलदार पौधों का वितरण भी शामिल है। जबकि साइकिल वितरण, पोषण किट, मच्छरदानी, कंबल, स्वेटर व स्टेसनरी किट आदि का वितरण लगातार किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य सिर्फ कोयले का उत्पादन करना नहीं बल्कि सामाजिक उत्थान के कार्य भी करना है।

## आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी का हुआ विस्तार



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव 2024 के शुभ मुहूर्त आते हैं सभी पार्टियों अपने-अपने संगठन और कार्यकर्ताओं को एकत्रित करने लग गयी है इसी क्रम में आजसू पार्टी ने भी अपने कार्यकर्ताओं को जोड़ने और पार्टी के विस्तार करने में लग गयी है। इसी क्रम में बड़कागांव प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रखंड उपाध्यक्ष सांढ गांव निवासी संजय कुमार, गुरुचट्टी निवासी घनश्याम कुमार को सह सचिव और शिवडीह गांव निवासी अजीत कुमार को संगठन सचिव प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने अपने लेटर हेड पर लिखकर बनाया है। इस संबंध में प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहा है कि इन सभी लोगों का पार्टी के प्रति निष्ठा और कर्मठता को देखते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव और रोशन लाल चौधरी के निर्देशानुसार पद सोपा गया है। जिससे बड़कागांव विधानसभा में और भी पार्टी मजबूत होगा। इस संबंध में तीनों नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने एक स्वर में कहा है कि पार्टी के केंद्रीय महासचिव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी को हम लोग आभार व्यक्त करते हैं कि हमें पार्टी में इतनी बड़ी दायित्व दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस निष्ठा के साथ हमें यह पद सौंपा है हम पूरे ईमानदारी से पार्टी के लिए जी जान लगा देंगे और आने वाले 2024 में विधानसभा चुनाव में बड़कागांव में परिवारवाद की राजनीतिक को खत्म कर रोशन लाल भैया को विधायक बनाने का काम करेंगे। पद मिलने के बाद तीनों नेताओं को पार्टी कार्यकर्ताओं का बधाई का डताता लग गया । बधाई देने वालों में अनिकेत नायक, कौलेश्वर गंझू, कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाहा, राजा खान, उपेंद्र कुमार महतो, गीरेंद्र प्रसाद, गौतम वर्मा, मनोज दांगी, तपेश्वर कुमार तापस, उमेश दांगी, दिनेश्वर महतो, तनुज साव, गजा सिंह, जितेन्द्र सिंह, सब्बू खान, मोबिन अंसारी, विनोद महतो, जावेद हुसैन, सुधांशु कुमार, रामेश्वर महतो, सतेंद्र गुप्ता, श्याम निराला, मो रवानी, नरेश महतो, प्रमोद कुमार, शंकर मिश्रा, फिरोज आलम, योगेंद्र महतो, दीपक कुमार, चंद्रनाथ महतो, सहित अन्य नेताओं का नाम शामिल है।

## 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत जिला स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ कर्जन ग्राउंड स्टेडियम हजारीबाग में हुआ। शुभारंभ उपायुक्त नैंसी सहाय, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनिला लकड़ा और जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात उपायुक्त ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन कर किक मार खेल की विधिवत शुरुआत की। मंच का संचालन संजय तिवारी ने किया। इस प्रतियोगिता में सभी 16 प्रखंडो से बालक आयु वर्ग 15 वर्ष और बालक बालिका आयु वर्ग 17 वर्ष के खिलाड़ी अपना खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। खेल का आयोजन कर्जन ग्राउंड हजारीबाग और न्यू स्टेडियम हजारीबाग में किया जा रहा है। कर्जन ग्राउंड में खेल का शुभारंभ कटकमसांडी और विष्णुगढ़ के बीच हुआ जिसमें विष्णुगढ़ 0-1 गोल से विजयी रहा। तत्पश्चात टाटीझरिया और दारू में दारू 0-4 से, बरही और इचाक में इचाक 0 -1 से, पदमा और चौपारन का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ जिसमें चौपारण 3 -5 से विजयी रहा। न्यू स्टेडियम हजारीबाग में बड़कागांव और केरेडारी में केरेडारी पेनाल्टी शूट आउट द्वारा 2-3 से, कटकमडाग और चुरचू में चुरचू 0-3 से विजयी रहा, डाडी और बरकट्ठा में बरकट्ठा टीम की अनुपस्थिति के कारण डाडी को बाई देकर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया, चलकुशा और सदर में सदर 0-3 से विजयी रहा। क्वार्टर फाइनल राउंड में केरेडारी और चुरचू में पेनाल्टी शूटआउट में चुरचू में 1-2 से, डाडी और सदर में सदर पेनाल्टी शूटआउट द्वारा 2-4 से, इचाक और बिष्णुगढ़ में इचाक 0 -1 गोल से विजयी रहा। चौपारण और दारू में दारू 0-2 से विजयी रहा।

## भाजपा नेता ने विद्युत विभाग को सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह अधिवक्ता राणा राहुल प्रताप और टुन्नू गोप ने संयुक्त रूप से विद्युत विभाग के जीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से तीन बिंदुओं पर महाप्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराया गया। रामनगर चौक से कदम रोड में 11000 वोल्ट के तार जाने वाला विद्युत पोल नीचे से सड़ चुका है और पोल पर तार न होकर तार पर पोल खड़ा होने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। रेल पोल लगाने का आग्रह किया गया है और हजारीबाग के अंतर्गत कटकमदाग, कटकमसांडी, सदर ब्लाक, दारु क्षेत्र में आने वाले सभी ग्रामीण क्षेत्र और हजारीबाग जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्र का 11000 और अन्य सामान्य पोलो का जांच कर आवश्यकता अनुसार बदलने का कार्य किया जाये, जिससे कि आने वाले बरसात में पेड़-पौधा गिरने से कोई बड़ी दुर्घटना न हो। ज्ञापन सौंपने में शुक्ला तुरी, प्रमोद कुमार सिंह, भानु प्रताप महतो, प्रियंका कुमारी, नीरज नारायण, ललन साहू, बालेश्वर साव, अजय कुमार, विनय कुमार मेहता, अश्वनी कुमार, रमेश सिंह, विजय कुमार, शैलेंद्र कुमार सिन्हा, प्रिंस उपाध्याय समेत अन्य शामिल थे।

## फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने बांटे खरीफ बीज



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के द्वारा सदर प्रखंड के चार पंचायत सखिया, बहरी, मरहेत और पौता के 142 अनुसूचित जाति के किसान को अनुसूचित जाति उप परियोजना के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरिया करमा द्वारा प्राप्त खरीफ फसल बीजों का वितरण किया गया। जिसमें धान, सब्जी किट, मक्का, पालक और मूली बिज का वितरण सदर ब्लाक बीएओ टेकलाल प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पौता के किसान मित्र डेगन राणा, मरहेता के कमलकांत, कंपनी अकाउंटेंट इस्तियाऊल अंसारी, कंपनी के चेयरमैन रिजवान अंसारी, बोर्ड आफ डायरेक्टर हनीफ अंसारी, पवन कुजूर और क्लस्टर आधारित व्यवसाय संगठन मार्ट ग्लोबल से दीपक रजक उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 जून, 2024
www.azadsipahi.in


## राज्य अल्पसंख्यक आयोग के दो उपाध्यक्ष पहुंचे रामगढ़, की बैठक

# अल्पसंख्यकों के लिए बनी योजना ले रही है मूर्त रूप: शमशेर आलम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अल्पसंख्यकों को केंद्र और राज्य सरकार की सारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजना धरातल पर दिख रही है और अधिकारी भी इस पर काफी गंभीर है। उक्त बातें गुरुवार को रामगढ़ पहुंचे झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम और ज्योति सिंह मथारू ने कही। रामगढ़ पहुंचते ही आयोग के दोनों उपाध्यक्षों ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने छात्रवृत्ति वितरण योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, अल्पसंख्यक ऋण योजना, अबुआ आवास योजना, साइकिल वितरण योजना, नल से जल योजना, मदरसों की स्थिति, उर्दू शिक्षकों की बहाली के साथ-साथ उन तमाम योजनाओं की समीक्षा की, जिससे अल्पसंख्यक समाज के लोगों का विकास होता है। अधिकारियों ने जो रिपोर्ट उन्हें सौंपा उससे आयोग काफी संतुष्ट दिखा। उन्होंने यह भी कहा की पुरानी योजनाएं तो पूरी हो ही चुकी है, जिसमें कब्रिस्तान की घेराबंदी की योजना काफी अहम है। सरकार ने अल्पसंख्यकों के लिए और कई नई योजनाएं भी तैयार की हैं। उम्मीद है वह भी जल्द धरातल पर मूर्त रूप लेता दिखाई देगा।



**रामगढ़ डीसी के नेतृत्व में हो रहा विकासः** आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम और ज्योति सिंह मथारू अधिकारियों की बैठक के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों से भी बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में डीसी चंदन कुमार के नेतृत्व में जो विकास कार्य हो रहा है, वह काफी संतोषजनक है। यहां ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली जिससे उन्हें ऐसा लगे कि अल्पसंख्यकों के साथ नाइंसाफी हो रही है। इस दौरान रामगढ़ जिले को अल्पसंख्यक छात्रावास का आवंटन नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया। जब चर्चा हुई तो पता चला कि रामगढ़ जिले में इस योजना का आवंटन राज्य सरकार के स्तर से हुआ ही नहीं है। आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि वह राज्य सरकार से तत्काल इसकी अनुशंसा करेंगे। रामगढ़ जिला बने हुए लगभग 17 साल हो चुके हैं और ऐसी स्थिति में यहां अल्पसंख्यक छात्रावास का नहीं होना एक गंभीर विषय है। यहां भी अल्पसंख्यकों को इसका लाभ मिलना चाहिए। आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि राज्य सरकार की जो मंसा अल्पसंख्यकों के प्रति है, वह मंसा यहां फलीभूत होती दिखाई दे रही है।

## अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तिहार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)। दहेज के लिए पत्नी पर जुल्म ढ़ाने वाला इंसान पिछले 5 वर्षों से फरार है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद अभियुक्त नूर मोहम्मद के घर पर इश्तिहार चिपकाया है। अभियुक्त नूर मोहम्मद गोला थाना क्षेत्र के ग्राम डभातु टोला गेरवाटांड का रहने वाला है। उसके खिलाफ उसकी पत्नी शबाना खातून ने वर्ष 2020 में दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शबाना ने रामगढ़ महिला थाना में अपने पति नूर मोहम्मद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा था कि दहेज के लिए ससुराल वालों के द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। उसके साथ कई बार मारपीट की घटना भी हुई है। इस मामले में पुलिस ने आइपीसी की धारा 323, 498 ए, 506, 34 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत 27 मई 2020 को कांड संख्या 14/20 दर्ज किया था। पिछले 5 वर्षों से नूर मोहम्मद पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। अंततः महिला थाना ने कोर्ट से नूर मोहम्मद को हाजिर करने के लिए इश्तिहार चिपकाने की अनुमति मांगी थी। अगर नूर मोहम्मद इश्तिहार के बाद भी हाजिर नहीं होता है तो उसके खिलाफ तुर्की जप्ती की कार्रवाई की जायेगी।**

# विधायक ने किया पीसीसी पथ कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** जनता को सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर खुद सजग रहने की जरूरत है। संवेदक भी गुणवत्ता पूर्ण कार्य करे। उक्त बातें मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कही। श्री पटेल गुरूवार को डटमा मोड़ जैनसन पेट्रोल पंप के समीप पीसीसी पथ और नाली निर्माण शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। कहा की ग्रामीणों की वर्षो पूर्व मांग आज पूरी हो रही है। हमारी पहली प्राथमिकता क्षेत्र की जनता का विकास करना है। इससे पूर्व, उन्होंने डीएमएफटी फंड से करीब एक करोड़ रुपये की लागत से जैनसन पेट्रोल पंप, कुजू से लेकर प्रदीप केशरी के आवास तक पीसीसी पथ और नाली का शिलापट का अनावरण कर किया। वहीं, कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत फूल माला पहनाकर किया। मौके पर धर्मराज राम, जगेश्वर प्रजापति, मिथिलेश मेहता, नीरज उर्फ पप्पू झा, सागर महतो, मुखिया राकेश मेहता रॉक, बादल महतो, जगेश्वर महतो, संतोष मेहता, महेंद्र प्रसाद, अनिकेत कुमार, प्रभात कुमार, मो हीरा, शैलेश कुमार, रंजीत कुमार, अनिल अगरिया, प्रकाश रवानी, विशाल, अशोक मेहता, कुलदीलप प्रसाद, मनोज प्रसाद, नवरत्न सिंह, आशु सिंह, मुकेश ठाकुर, आकाश ओझा, आशीष कुमार, राजू रहमान, ज्ञान मिश्रा, शेवन राणा, रघु विश्वकर्मा, दिलीप भुइयां, मंसूर अली, मुस्ताक अंसारी, मो तौशिफ सहित काफी संख्या में महिला पुरूष कार्यकर्ता व गामीण शामिल रहे।


**कोर्ट नोटिस**

**न्यायालय-प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जशपुर जिला- जशपुर छ.ग.**

**(पीठासीन अधिकारी-डमरूधर चौहान)**

**उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र मिलने के लिए की गई दरख्वास्त का नोटिस**

**(भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 के अंतर्गत)**

**पेश दिनांक 02.08.2024**

**उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 06/2023**

**प्रोसेक क्रमांक ................**

1. संदीप राम आ. स्व. दिलीप चौहान, उम्र- 28 वर्ष, 2. दिपीका बाई आ. स्व. दिलीप चौहान, उम्र 26 वर्ष, दोनों साकिन गोरियाटोली, तह. मनोरा, जिला- जशपुर (छ.ग.)......... आवेदकगण

बनाम

1. श्रीमती माधुर देवी, पति स्व. दिलीप चौहान, साकिन- डुमरी करंजटोली, थाना एवं जिला- गुमला (झारखंड), 2. श्रीमती गुलापी चौहान, पति स्व. दिलीप चौहान, 3. श्रीमती नोहरी बाई, पति स्व. बिफैया, 4. मुस्कान आ. स्व. दिलीप चौहान, क्र. 1 से 4 तक साकिन 10वीं वाहिनी छ.ग. पुलिस बल सिलफिली बटालियन, जिला- सूरजपुर (छ.ग.), 5. कमांडेंट, कार्यालय सेनानी 10वीं वाहिनी छसबल सूरजपुर (छ.ग.).........अनावेदकगण

प्रति, 1. श्रीमती माधुरी देवी, पति स्व. दिलीप चौहान, साकिन- डुमरी करंजटोली, थाना एवं जिला- गुमला (झारखंड)

इस न्यायालय में आवेदकगण के द्वारा एक आवेदन पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत मृतक प्रधान आरक्षक क्रमांक 92 दिलीप चौहान के मृत्यु उपरांत अनावेदक क्रमांक 5 के शाखा से प्राप्त होने वाले कुल स्वत्व 14 लाख रूपये को प्राप्त करने एवं मृत्यु उपरांत पेंशन प्राप्त हेतु दावा/आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 02.08.2024 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए प्रकरण के पक्षकार श्रीमती माधुरी देवी, पति स्व. दिलीप चौहान, साकिन- डुमरी करंजटोली, थाना व जिला गुमला (झारखंड) को इस आम सूचना के जरिये समंस/नोटिस किया जाता है। संबंधित व्यक्ति/पक्षकार स्वयं अथवा किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिन्हें सम्यक् आदेश किये गये हो और जो इस वाद/आवेदन से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके साथ ही उक्त दिवस को अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन या प्रतिदावा प्रस्तुत करे। नियत तिथि को किसी प्रकार की सार्वजनिक अवकाश तिथि घोषित हो जाने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश में रहने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी। उक्त तिथि में पक्षकार उपस्थित नहीं होने पर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 18.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(डमरूधर चौहान)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जशपुर (छ.ग.)



**ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**ई- प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई-टेन्डर रेफरेन्स नं0-03/2024-25/EE/BCD/LATEHAR

दिनांक- 26.06.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत हुटाप में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हुटाप में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 |

1. कार्य पूर्ण की अवधि :- 09 (Nine) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- 04/07/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :- 18/07/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :- 19/07/2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-02, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :- 9431501121
7. ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :- 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई-गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
PR 327834 Building(24-25)#D भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार


## रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा के संजीवनी अस्पताल में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अजय कुमार शुक्ला, सीजीएम सह बीयूएच द्वारा किया गया। इस शिविर में कर्मचारियों, आइसीएच और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे एक नेक कार्य में योगदान मिला और एनटीपीसी की सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। नॉर्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट से कुल 53 यूनिट रक्त दान किया गया। राजीव कुमार सिंहा जीएम ओएंडएम, अनिल कुमार चावला, एचओएचआर, मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ शिप्रा रानी समेत कई उपस्तिथ थे।

## सेवटा में अखंड हरिकीर्तन संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सेवटा स्थित हनुमान मंदिर की 12वीं वर्षगांठ को लेकर आयोजित अखंड हरिकीर्तन धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान आचार्य विकाश कुमार पांडेय, मंदिर के पुजारी अयोध्या पांडेय, सुबोध पांडेय, सुनील पांडेय ने यजमान बने समाजसेवी नरेश प्रसाद साहू और पत्नी कौशल्या देवी से विधिवित पूजा अर्चना कराया गया। इससे पूर्व अखंड दीप को गाजे-बाजे के साथ प्राचीन देवी मंडप लाया गया। बाद में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर परमेश्वर साहू, भीम प्रसाद साहू, लखन प्रसाद, दिनेश प्रसाद, जयराम साहू, प्रभु प्रसाद, संदीप प्रसाद, अशोक प्रसाद, सुबोध प्रसाद, अशोक प्रसाद, अंकुश प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद, विनोद प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार, अरुण प्रसाद, उज्जवल प्रसाद, विशेश्वर प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, चतरा द्वारा जानकारी दी गयी की मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत सुक्ष्म ऋण, व्यवसाय और वाहन के लिए ऋण दिया जाता है। जिससे योग्य आवेदक इस ऋण के माध्यम से रोजगार कर अपने आय को बढ़ा सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत चतरा जिला में अभी तक 134 लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। इस पर उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों को ऋण दिया जा चुका है, उसकी जांच प्रखण्ड विकास पदाधिकारी स्तर से करने के बाद ही उसकी दूसरी किस्त की राशि भुगतान करें, साथ ही लाभुकों पर सफलता की कहानी भी बनाने का निदेश दिया। आगे जानकारी दी गयी कि वर्ष 2023-24 के लिए 259 आवेदनों को स्वीकृति उपरांत निगम को भेजा गया है। इस योजना के अंतर्गत सूक्ष्म ऋण 50000/- ( किराना दूकान, कपड़ा दूकान, पान दूकान, सैलुन दूकान इत्यादि), व्यवसाय ऋण-50001/- से 2500000 / - ( किराना दूकान, जनरल स्टोर दूकान, छड़ और सिमेंट दूकान, हार्डवेयर दूकान, इलेक्ट्रोनिक दूकान इत्यादी) एवं वाहन ऋण - 50001 /- से 2500000 / - (6 सीट वाले से उपर वाले वाहन जैसे बोलेरो, इनोभा, ट्रेक्टर इत्यादी) दिया जाता है कि जानकारी दी गयी। इसपर उपायुक्त ने कहा योग्य और पात्रता रखने वाले लोगों को इस योजना का लाभ में यह सुनिश्चित करें। दस्तावेजों व भौतिक सत्यापन के पश्चात ही ऋण देने की कार्रवाई करें। उन्होंने आगे कहा प्रतापपुर प्रखंड के हिंदिया कला में कुछ दिन पहले पंकज बिरहोर की मृत्यु हुई है उनके परिजन को कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला अग्रणी प्रबंधक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## हमें चावल नहीं शिक्षा और जमीन चाहिए: अशोक भारती



**कुंदा / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के खुसियाला गांव में एक जनसभा का आयोजन किया गया। क्रांतिकारी अशोक भारती ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा जल जंगल, जमीन से लोगो को दूर किया जा रहा है। इसे हम निंदा करते है और वनाधिकार कानून 2006 के तहत लोगों को सरकार भू पट्टा दे ये हमारा हक और अधिकार है। उन्होंने आगे, कहा हमे चावल नहीं शिक्षा और जमीन चाहिए ग्रामीणों ने सड़क बिजली पानी की कमी समस्या साझा कि। भारती ने उनके संघर्ष में साथ देने का वादा किया। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# भुरकुंडा में चलाया हस्ताक्षर अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा नवनिर्माण मोर्चा ने भुरकुंडा के समग्र विकास व विभिन्न मांगों के समर्थन में गुरूवार को सेंट्रल सौंदा और सीसीएल सौंदा में हस्तार अभियान चलाया। इस दौरान मोर्चा के उदय मालाकार के नेतृत्व में लोगों ले सेंट्रल सौंदा और सीसीएल सौंदा के विभिन्न टोलो-मुहल्लो में हस्ताक्षर अभियान चलाया। मोर्चा की मांगों में मुख्य सड़क भुरकुंडा को प्रतिदिन होने वाले सड़क जाम से मुक्ति दिलाने, आधुनिक ट्रैफिक प्रणाली की व्यवस्था के साथ ट्रैफिक व्यवस्था के लिए ट्रैफिक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने, पार्किंग हेतू स्थल का चयन कर वाहन पार्किंग स्थल में लगाने, नो पार्किंग जोन का चयन हो और पार्किंग करने पर ऑनलाइन चालान की व्यवस्था करने, मुख्य सड़क पर दुकान का सामान निकालकर सजाने वालो पर लगाम लगाने, भुरकुंडा को प्रखंड बनाने, भुरकुंडा रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव किए जाने, केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को वापस भुरकुंडा में स्थापित करने, भुरकुंडा बाजार और फोरलेन सड़क के समीप आधुनिक शौचालय की व्यवस्था करने, भुरकुंडा में आधुनिक अस्पताल का निर्माण करने, क्षेत्र में संचालित विभिन्न आउटसोर्सिंग कंपनियों/उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने, आईएजी फैक्ट्री को पुनः चालू करने आदि मांगे शामिल है। मौके पर उदय मालाकार ने कहा कि भुरकुंडा के समग्र विकास के लिए निर्णायक आंदोलन किया जायेगा। हस्ताक्षर अभियान के उपरांत हजारों जनता का हस्ताक्षर युक्त पत्र उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को सौंपा जायेगा। अभियान में कई लोग शामिल थें।

# आइना की टीम ने लगायी प्रदर्शनी

**नेचुरल स्किन केयर कॉस्मेटिक पर टिकी महिलाओं की निगाहः नैना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के थाना चौक स्थित होटल शिवम इन में रांची की महिलाओं का मशहूर ग्रुप आईना के तत्वाधान में गुरुवार को लाइफस्टाइल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही भगवान श्री गणेश पर पुष्पांजलि कर प्रदर्शनी की सफलता की शुभकामनाएं दी। इस एग्जीबिशन में आए लोगों ने खूब खरीदारी की। साथ ही यहां की डिजाइनर साड़ियों, इंडो वेस्टर्न डिजाइन और मेकअप के समान की खूब तारीफ हुई। एक्जीबिशन में जीवन की जरूरत से जुड़ी लगभग सभी तरह के समान लगाये गये थे। प्रदर्शनी में कोलकाता से नेचुरल स्किन केयर के कास्मेटिक्स के आइटम लगाने वाली नैना अट्टलानी ने बताया हमारे सारे उत्पाद घर में हाथों से बनाये गये हैं। जिसमें किसी भी रसायन का प्रयोग नहीं किया गया। नैना मैवाड़ ने बताया कि कुमकुम, तैलम और विटामिन सी नाईट क्रीम बिलकुल हट के है। इसके अलावा माउथ फ्रेश्नर, गिफ्ट्स आइटम, राखी, भारतीय परिधान, फ्यूजन ड्रेसेज आदि अनेक स्टॉल लगाये गये थे। आईना फैशन एंड लाइफ स्टाइल विजन टीम की नीलम मोदी, प्रीति रामसीसरिया, रुचि झुनझुनावाला व अनीता खिरवाल ने बताया पिछले वर्ष मिले रुझान से उत्साहित हो रांची के बाद रामगढ़ में यह प्रदर्शनी लगायी गयी। आने वाले अगले वर्ष में हम दुगुने उत्साह से यह आयोजन करेंगे।

# रामगढ़ विधायक ने समस्याओं को लेकर सीइओ से की मुलाकात

**छावनी क्षेत्र के विकास के लिए डीसी से डीएमएफटी फंड के लिए करूंगी बात: सुनीता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**वार्ड नंबर 7 और 5 में पानी का कनेक्शन जल्द करवाये**

**मौके पर विधायक ने वार्ड नंबर 7 में जल्द कनेक्शन और 5 के मनतागढ़ा में रघु सोनी के घर तरफ पाइप लाइन बिछाने ओर जनता को पीने की पानी के लिए कनेक्शन जल्द देने की निर्देश दिया। छावनी परिषद के अधिकारियों ने आश्वस्त किया की जल्द ही समस्या का समाधान किया जायेगा।**

**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को विधायक सुनिता चौधरी ने छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश के साथ बैठक की। इस दौरान बैठक में विधायक सुनिता चौधरी ने नेहरू रोड राजस्थान केलावालय से न्यू बस स्टैंड की खराब सड़क, बिजुलिया तालाब एवं सड़क को अभिलंब दुरुस्त करने की बात कही। मौके पर छावनी अधिशासी अधिकारी ने कहा की फंड के अभाव में क्षेत्र में विकास नहीं हो पा रहा है। जिस पर विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि डीसी रामगढ़ से मिलकर डीएमएफटी फंड दिलाने कि प्रयास करूंगी। रामगढ़ शहर में सभी वार्ड में जनहित में जहां भी सड़क, नाली की जरूरत है, वह स्थान चिन्हित कर जल्द करवाने और खराब सभी पोल की लाइट को अभिलंब दुरुस्त करने की बात कही। मौके पर छावनी अधिशाषी अधिकारी अनंत आकाश ने भी आश्वस्त किया। साथ ही उन्होंने जेई को सभी वार्ड का जल्द से जल्द स्थान निरक्षण करने ओर टूटी हुई सड़क, नाली को दुरूस्त करवाने, खराब लाइट को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

**ये थे उपस्थितः** नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, नगर सचिव नीरज मंडल, सरिता देवी, जिला उपाध्यक्ष बिभन सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, नगर उपाध्यक्ष पंकज दांगी, संजय कुशवाहा, जीतू मिश्रा आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय-उपायुक्त सह जिला समुचित प्राधिकारी**
**(PC & PNDT) हजारीबाग**

**प्रेस विज्ञप्ति (आम सूचना)**

1. हजारीबाग जिला का गिरते **Sex Ratio** के रोक-थाम हेतु **Registered / unregistered Ultrasound Clinic** में अवैध रूप से **Sex Determination** किये जाने के संबंध में जिला/प्रखण्ड स्तरीय निरीक्षण दल को गंभीरता से लेने की जरूरत है।
2. हजारीबाग जिले का **Sex Ratio of Birth (SRB)** पुरूष/महिला का 1000/865 है, जो औसत दर से काफी कम है। जो चिन्तनीय है एवं गुणात्मक सुधार किया जाना अपेक्षित है।
3. हजारीबाग जिलान्तर्गत सभी अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र में चिकित्सक का फोटोयुक्त Registration Certificate अदयतन किया गया है एवं PC&PNDT Act के नियमों को पालन कराने हेतु महत्वपूर्ण सूचना/साधारण सूचना से संबंधित Workshop संचालको एवं चिकित्सकों के साथ पूर्व में किया जा चुका है।
4. बिना अधिकृत पदाधिकारी को सूचित किये चिकित्सक अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र को बन्द नहीं रखेंगे एवं बिना चिकित्सक/तकनीशियन के द्वारा/बिना लाईसेंस/अनाधिकृत अल्ट्रासाउण्ड संचालित किये जाने पर PC&PNDT Act के नियमों के तहत नियमानुसार सील कर दिया जाएगा एवं सरकार द्वारा प्रावधानित जूर्माना भी वसूली किया जायगा। हजारीबाग जिलान्तर्गत सभी अल्ट्रासाउण्ड संचालको को स्पष्ट संदेश दिया जाता है कि अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों में PC&PNDT नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।
5. बेटी बचाओ एवं बेटी पढाओं के निमित गिरते औसतन **Sex Ratio** को देखते हुए PC&PNDT Act अन्तर्गत अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिक का निबंधन प्रेस विज्ञप्ति निर्गत होने के बाद सिर्फ चिकित्सकों को लाईसेंस दिया जायगा। किसी भी संचालक को नहीं दिया जायगा एवं वैसे चिकित्सक को लाईसेंस दिया जायगा। जिनके उपर PC&PNDT के तहत केस दर्ज न हो एवं सभी प्रकार के नियमों एवं अभिलेखों का अनुपालन करेंगे। पूर्व का निर्गत लाईसेंस यथावत रहेगा।
6. जिला स्तरीय एवं प्रखण्ड स्तरीय गठित टीम द्वारा अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र का प्रतिमाह नियमित रूप से निरीक्षण/जॉच करेंगे एवं प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को प्रत्येक माह के 15वीं तारीख तक समर्पित करेंगे।

उपायुक्त सह जिला समुचित प्राधिकारी
(PC & PNDT) हजारीबाग

PR.NO.327873 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D



**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय- उप कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण), उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग**

**सामयिक सूचना अंक-02/ वर्ष 2024-25**
**धान के प्रभेद, नर्सरी एवं बीजोपचार**

**प्रिय किसान बंधुओं,**

खरीफ मौसम में झारखण्ड के बड़े क्षेत्रफल पर धान उगाई जाती है। ज्यादातर किसान पौधा व विचड़ा तैयार करके ही धान की खेती करते हैं। अतः आवश्यक है कि बिचड़े तैयार करने में सावधानी रखी जाए। अच्छे व स्वस्थ बिचड़े ही अच्छी फसल के लिए उत्तरदायी होते है।

**प्रभेद का चुनाव**

अपने क्षेत्र के लिए वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित उन्नत प्रभेदों के प्रमाणित बीजों का प्रयोग करें। प्रमाणित बीजों में पूर्ण जमाव, किस्म की शुद्धता और स्वास्थ होने की प्रमाणिकता होती है।

हजारीबाग जिले हेतु अनुशंसित प्रभेद :-

- एराइज-6444 (हाईब्रीड), डी0 आर0 आर0 एच0-3, आई0 आर0-64, सहभागी धान इत्यादि।

**नर्सरीः-**

नर्सरी क्षेत्र को गर्मियों में अच्छी तरह 3-4 बार हल से जुताई करके खेत को खाली छोड़ने से मिट्टी से संबंधित रोगों व कीट के आक्रमण में कमी आती है। 15 दिनों के अन्तराल पर पानी देकर खरपतवारों को उगने दिया जाए तत्पश्चात हल चलाकर या खरपतवारनाशी का छिड़काव करे। धान के पौधे के लिए 8 मीटर लम्बी एवं 1.5 मीटर चौड़ी क्यारियां बना ले।

**शुद्ध एवं स्वस्थ बीज का चुनावः-**

पाँच किलोग्राम बीज के लिए 10 लीटर पानी में 1 किलोग्राम नमक का घोल तैयार कर बीज को डुबो कर छोड़े। हल्के बीमार तैरते हुए बीजों को छान कर फेंके। नीचे बैठे स्वस्थ बीज को साफ पानी में अच्छी 2-3 बार धोकर छॉव में सुखने दें।

बीजोपचार :- बीजोपचार की प्रक्रिया अत्यंत सरल एवं सस्ती है, अल्प श्रम एवं व्यय करके फसल को रोग से बचाया जा सकता है, और उत्पादन में वृद्धि भी होती है।

बीज को पहले फफूँदनाशी से फिर कीटनाशी व बाद में जीवाणू कलचर से उपचारित करें। चयनित बीज को 2 ग्राम कार्बेन्डाजिम 50%WP या 5 ग्राम ट्राईकोडर्मा प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। रस चूसक कीटों से सुरक्षा के लिए 5 मि0ली0 इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस0एल0 कीटनाशी से प्रति किलोग्राम बीज को उपचारित करें। तत्पश्चात फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए एक हेक्टेयर के लिए आवश्यक बीजों को 1 किलोग्राम जैव उर्वरकों जैसे एजोस्पिरिलम, फॉस्फोरस सॉल्यूबिलाइजिंग बैक्टीरिया (पी0एस0बी0) से उपचारित करें। उपाचार के बाद बीज को छॉव में सुखाए।

**सावधानियाँ :-**

पिछले वर्ष के कम वर्षापात को ध्यान में रखते हुए, किसान भाईयों व बहनों को वर्षाश्रित एवं सूखा संभावित क्षेत्रों के लिए अनुशंसित बीज का ही उपयोग करना चाहिए।

**प्रभेद :-**

1. अंजली :- 90-95 दिनों में तैयार। उपज :- 2.5 - 4 टन/हेक्टेयर।
2. बन्दाना :- 90-95 दिनों में तैयार। उपज :- 3 - 4 टन/हेक्टेयर।
3. सी0आर0धान 202 या 204 :- 95 दिनों में तैयार। उपज :- 2.5 - 3 टन/हेक्टेयर।

सहायक कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण)
उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग।

PR.NO.327907 Agriculture(24-25):D

# राहुल गांधी विपक्ष के नेता

देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाये। खैर, इस पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। लोकसभा चुनाव परिणामों के साथ ही कांग्रेस के भीतर से मांग उठने लगी थी कि राहुल को नेता प्रतिपक्ष का पद संभालना चाहिए। पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। कई प्रमुख समितियों और महत्वपूर्ण नियुक्तियों में सहभागी होता है, नेता प्रतिपक्ष। इससे जाहिर है कि पिछले 10 बरसों से यह पद खाली होने के चलते संसद ने क्या खोया। लेकिन, यह पद इन समितियों और नियुक्तियों तक सीमित नहीं। नेता प्रतिपक्ष को शैडो पीएम तक कहा जाता है। वह सरकार के मुखिया पीएम की परछाई की तरह होता है, उसके हर काम पर नजर रखने वाला। राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करेंगे। इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करने होंगे। कई मामले होते हैं, जहां सरकार और विपक्ष की सहमति जरूरी होती है। बेहतर होगा कि उन स्थितियों में फैसला राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठ कर लिया जाये। राहुल गांधी को घोषित तौर पर विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए का नेता नहीं चुना गया था, लेकिन इसमें किसी को शक नहीं कि विपक्ष का असल चेहरा वही थे। चुनाव के दौरान विपक्ष के सारे दलों को एकजुट रखने के लिए उन्होंने भरपूर प्रयास किये। चुनाव परिणाम पर उसका असर दिखता है, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केवल कांग्रेस ही नहीं, उन सभी दलों का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो इन चुनावों में सरकार के खिलाफ उतरे थे। चुनौती न केवल सदन में विपक्षी दलों की भूमिका को अधिकाधिक प्रभावी बनाने की होगी, बल्कि इस प्रभाव का सही दिशा में और उपयुक्त लक्ष्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चित करने की भी है।

**पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**एनइइटी पीजी परीक्षा को स्थगित करने, छह शहरों में एनइइटी यूजी की पुनर्परीक्षा के दौरान पेपर लीक के आरोप तथा हाल ही में यूजीसी नेट के पेपर लीक होने जैसी घटनाओं ने इन महत्वपूर्ण परीक्षाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता के बारे में देश भर के छात्रों के बीच गंभीर संदेह पैदा कर दिया है। भारत सरकार के सक्रिय कदमों में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के शीर्ष नेतृत्व को बदलना और विशेषज्ञ समितियों की स्थापना करना शामिल हैं, जो विश्वास बहाल करने और परीक्षा प्रक्रिया की निष्ठा सुनिश्चित करने के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं।**

# परीक्षा के प्रति निष्ठा सुनिश्चित करना: सरकार की त्वरित कार्रवाई और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता



**प्रो. हिमांशु राय**



प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्ठा के बारे में बढ़ती चिंताओं के जवाब में, हमारी सरकार ने मुद्दों के समाधान के लिए तेजी से निर्णायक कार्रवाई की है। एनइइटी पीजी परीक्षा को स्थगित करने, छह शहरों में एनइइटी यूजी की पुनर्परीक्षा के दौरान पेपर लीक के आरोप तथा हाल ही में यूजीसी नेट के पेपर लीक होने जैसी घटनाओं ने इन महत्वपूर्ण परीक्षाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता के बारे में देश भर के छात्रों के बीच गंभीर संदेह पैदा कर दिया है। भारत सरकार के सक्रिय कदमों में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के शीर्ष नेतृत्व को बदलना और विशेषज्ञ समितियों की स्थापना करना शामिल हैं, जो विश्वास बहाल करने और परीक्षा प्रक्रिया की निष्ठा सुनिश्चित करने के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। ये कार्य केवल तात्कालिक चुनौतियों का समाधान करने के बारे में नहीं हैं, बल्कि ये कदम सभी छात्रों में विश्वास को फिर से बहाल करने और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के संदर्भ में दीर्घकालिक रणनीति का भी संकेत देते हैं।

परीक्षा का पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति का लक्ष्य दो महीने के भीतर कार्रवाई योग्य सिफारिशें देना है, जो परीक्षा प्रक्रियाओं में सुधार करेगी, डेटा सुरक्षा के तौर-तरीकों को बेहतर बनायेगी और भविष्य में उल्लंघनों के खिलाफ बेहतर सुरक्षा के लिए एनटीए को प्रभावी रूप से पुनर्गठित करेगी। इसके अलावा, सीबीआइ की भागीदारी एक गहन, निष्पक्ष जांच के प्रति कटिबद्धता को दर्शाती है, जो न केवल जिम्मेदार लोगों की पहचान करेगी, बल्कि उन प्रणालीगत कमजोरियों को भी उजागर करेगी, जिनकी वजह से इस तरह के उल्लंघन होते हैं। इसके अतिरिक्त सरकार ने अनुचित प्रथाओं को रोकने और संभावित गलत काम करनेवालों में भय पैदा करने के लिए सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पेश किया है। इस अधिनियम में, परीक्षा की सत्यनिष्ठा से समझौता करने के दोषी पाए जाने वालों के लिए 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने और 10 साल तक की कैद सहित कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। ये कठोर उपाय, एक मजबूत निवारक संदेश देने और सार्वजनिक परीक्षाओं की पवित्रता को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं।

**एनटीए के तहत विभिन्न परीक्षाओं के लिए सालाना 10 मिलियन से अधिक छात्र पंजीकरण कराते हैं।**

तत्काल कार्रवाई ठोस और आवश्यक है, जबकि परीक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक सुरक्षा और निष्ठा सुनिश्चित करने के लिए आगे के कदम महत्वपूर्ण हैं। ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए, अत्याधुनिक एन्क्रिप्शन तकनीकों और बहु-स्तरीय प्रमाणीकरण को लागू करने से अनधिकृत पहुंच से सुरक्षा मिल सकती है। परीक्षा-पेपर के निर्माण से लेकर मूल्यांकन तक निगरानी करने और इसे सुरक्षित करने के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग किया जा सकता है, ताकि किसी भी छेड़छाड़ का तुरंत पता लगाना सुनिश्चित किया जा सके।

पारंपरिक, ऑफलाइन परीक्षाओं के लिए हर चरण में कड़े सुरक्षा उपाय महत्वपूर्ण हैं। इनमें परीक्षा सामग्री के लिए छेड़छाड़-रोधी पैकेजिंग, सुरक्षित परिवहन और सभी रख-रखाव बिंदुओं पर कड़ी जांच शामिल हैं। लॉजिस्टिक्स के लिए वास्तविक-समय पर जीपीएस निगरानी तथा डिजिटल वॉटरमार्किंग का उपयोग करना भी पेपर-लीक के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकता है। एआइ-संचालित निरीक्षण प्रणाली का उपयोग करके परीक्षाओं की निगरानी को बेहतर किया जा सकता है, जिससे धोखाधड़ी की संभावना भी कम हो जायेगी। बायोमेट्रिक सत्यापन यह सुनिश्चित कर सकता है कि उम्मीदवार वही हैं, जो वे होने का दावा कर रहे हैं। इससे परीक्षा प्रक्रिया में सुरक्षा की एक और परत जुड़ जायेगी। इसके अतिरिक्त, स्वतंत्र निकायों द्वारा लगातार एवं गहन ऑडिट आयोजित करने से परीक्षा प्रक्रिया के भीतर कमजोरियों की पहचान करने में मदद मिल सकती है। पारदर्शी और नियमित समीक्षा सुनिश्चित करती है कि सुरक्षा प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है और किसी भी विसंगति का तुरंत समाधान किया जा सकता है। डिजिटल लॉक की भविष्य की विफलताओं को रोकने के लिए कठोर रखरखाव कार्यक्रम और बैकअप व्यवस्था लागू की जानी चाहिए, ताकि परीक्षा पुस्तिका बॉक्स को हाथों (भौतिक रूप से) से खोलना न पड़े और प्रश्नपत्र वितरित करने में देरी न हो। रखरखाव की नियमित जांच से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि परीक्षा से पहले डिजिटल लॉक पूरी तरह कार्यात्मक हैं। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को पर्यवेक्षण के तहत हाथों से खोलने के सुरक्षित तौर-तरीकों से जुड़ी आपातकालीन प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। ये उपाय व्यवधानों को कम करने और परीक्षा की सत्यनिष्ठा को बनाए रखने में मदद करेंगे।

निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा के गुणों पर जोर देने वाली निष्ठा कार्यशालाएं तथा छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और नीति-निर्माताओं के साथ नियमित संवाद आदि, ऐसे सक्रिय उपाय हैं, जो परीक्षा के प्रति निष्ठा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती हैं। इन चर्चाओं में हितधारकों को शामिल करने से एक सतर्क समुदाय का विकास होगा, जिससे उत्तर कुंजियों तक किसी भी अनधिकृत पहुंच से सुरक्षा मिलेगी। ये पहल न केवल तत्काल चिंताओं को दूर करती हैं, बल्कि परीक्षा प्रक्रिया के दीर्घकालिक सुधारों के लिए आधार भी तैयार करती हैं।

एनटीए के तहत विभिन्न परीक्षाओं के लिए सालाना 10 मिलियन से अधिक छात्र पंजीकरण कराते हैं। केवल 2023 में 12.3 मिलियन उम्मीदवारों के साथ, एनटीए विश्व स्तर पर परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं में अग्रणी है। यह विशाल भागीदारी भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को स्वरूप प्रदान करने में परीक्षाओं की प्रभावशाली भूमिका को रेखांकित करती है। इन संख्याओं और भारत की प्रसिद्ध शिक्षा प्रणाली के मद्देनजर, सरकार के सक्रिय उपाय सराहनीय और दूरगामी हैं, जिनका उद्देश्य दीर्घकालिक निष्ठा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। ये कार्य न केवल तात्कालिक चुनौतियों का समाधान करेंगे, बल्कि लाखों छात्रों के सपनों और आकांक्षाओं की सुरक्षा के लिए एक ठोस आधारशिला भी रखेंगे। यह दृष्टिकोण आने वाली पीढ़ियों के लिए निष्पक्षता और पारदर्शिता को बढ़ावा देते हुए शैक्षिक प्रणाली में विश्वास को मजबूत करने का वादा करता है।

भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं का भविष्य; निष्पक्षता और दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में तैयार की गयी अभिनव रणनीतियों पर टिका है। जैसे-जैसे डिजिटल तकनीकें शिक्षा को आकार दे रही हैं, मजबूत डिजिटल सुरक्षा उपायों को अपनाना एक महत्वपूर्ण अनिवार्यता हो गयी है। ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए अत्याधुनिक एन्क्रिप्शन प्रोटोकॉल और कठोर प्रमाणीकरण व्यवस्था का कार्यान्वयन साइबर खतरों और अनधिकृत पहुंच के खिलाफ एक मजबूत बचाव होगा। यह सक्रिय दृष्टिकोण न केवल मूल्यांकन की निष्पक्षता की रक्षा करता है, बल्कि हितधारकों के बीच विश्वास भी विकसित करता है। डेटा विश्लेषण और पूर्वानुमान आधारित मॉडलिंग में प्रगति को अपनाने से परीक्षा लॉजिस्टिक्स एवं संसाधन आवंटन को और अधिक अनुकूल बनाया जा सकता है। इनके जरिये प्रशासनिक व्यवस्था को निर्बाध बनाया जा सकेगा और परिचालन चुनौतियों को कम किया जा सकेगा।

तकनीकी प्रगति और शैक्षिक प्राथमिकताओं के समन्वय के साथ, भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं का परिदृश्य, सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं और बेहतर विश्वसनीयता पर आधारित होगा। इन दूरदर्शी रणनीतियों का पालन करके, शैक्षिक परिदृश्य निष्पक्षता, पारदर्शिता और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रख सकता है, जिससे अंततः छात्रों की आकांक्षाओं और देश की शैक्षिक प्रणाली की निष्ठा को लाभ होगा।

**(लेखक : आइआइएम इंदौर के निदेशक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# चाइबासा में जोगेश्वर गोप की ईंट फैक्ट्री में छापा, कई कागजात जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाइबासा।** चाइबासा जिले के मनोहरपुर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम टेरर फंडिंग को लेकर छापेमारी की। एनआइए ब्रांच रांची की टीम गुरुवार की सुबह करीब सात बजे जोगेश्वर गोप उर्फ जोगी की ईंट फैक्ट्री पहुंचकर करीब चार घंटे तक तलाशी ली। एनआइए की टीम जोगेश्वर गोप का आधार कार्ड, एक मोबाइल और कुछ कागजात अपने साथ लेकर गयी। जानकारी के अनुसारए एनआइए की टीम एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा और माओवादियों के फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन के खिलाफ कार्रवाई की। भाकपा माओवादियों को फंडिंग करने के मामले में यह छापेमारी की गयी। बता दें कि पिछले सप्ताह एनआइए की टीम जेल में बंद अमन साहू के तीन ठिकानों पर भी छापेमारी की थी।

**जोगेश्वर गोप ने नक्सलियों के साथ संबंध की बात से किया इनकार**

इस मामले में जोगेश्वर गोप से बात करने पर उन्होंने बताया कि अभी वो कोर्ट के डेट पर चाइबासा में हैं। कहा कि मनोहरपुर के थाना प्रभारी ने उन्हें फोन कर जानकारी दी थी और आज मनोहरपुर आने को कह रहे थे, लेकिन जब तक न्यायालय की प्रक्रिया खत्म नहीं हो जाती, तब तक आना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका किसी भी नक्सलियों के साथ दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। उन्होंने एनआइए की जांच में पूरा सहयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि मनोहरपुर में जो ईट फैक्ट्री है, उसमें तीन पार्टनर हैं।

## आठ हजार घूस लेते भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय की क्लर्क गिरफ्तार

**सरायकेला (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर एसीबी की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सरायकेला अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित भूमि सुधार उप समाहर्ता की लिपिक स्वागता नंदा को आठ हजार घूस लेते रंगे हाथ दबोचा। इसके बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। फिलहाल एसीबी की टीम स्वागत नंदा को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गयी है। मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सिंह सोय द्वारा एसीबी को शिकायत की गयी थी कि लिपिक स्वागता नंदा द्वारा म्यूटेशन के नाम पर घूस मांगी जा रही है। इसके बाद एसीबी ने जाल बिछाया और गुरुवार को लिपिक को रंगे हाथ धर दबोचा।**

### मिनी शराब फैक्ट्री का स्पेशल टास्क फोर्स ने किया भंडाफोड़

# भारी मात्रा में नकली शराब डोडा समेत अन्य सामान बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला के चौका थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब कारोबार का स्पेशल टास्क फोर्स ने भंडाफोड़ किया है। सरायकेला एसपी के निर्देश पर गठित स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने दो मिनी शराब फैक्ट्री के उद्भेदन के साथ-साथ डोडा भी बरामद किया है। एसआइ विपुल ओझा समेत अन्य दो लोगों के नेतृत्व में गठित स्पेशल टास्क फोर्स की टीम गुप्त सूचना चौका थाना क्षेत्र में चल रहे दो मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस की टीम हैसाकोचा स्थित जंगल क्षेत्र में चल रहे मिनी शराब फैक्ट्री में अचानक दबिश दी। जहां से भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब, शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाला स्प्रिट, अलग-अलग ब्रांड के रैपर, ढक्कन और शराब बनाने में प्रयोग हो रहे 16 बोरा डोडा भी बरामद किया है। पुलिस को छानबीन में पता चला है कि यहां से डोडा राजस्थान भेजा जाता था। कारोबार में शामिल सभी आरोपी फिलहाल फरार है। इसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

**शिकायत मिलने पर थानेदार पर कार्रवाई :** सरायकेला एसपी मनीष टोप्पो ने जिले में चल रहे अवैध कारोबार को लेकर सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अवैध धंधेबाज या तो सुधर जायें या इलाका छोड़ दें।

# सहायक अध्यापक संघ के विषय में विधायक मंगल कालिंदी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को सौंपा मांग पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत जुगसलाई विधान सभा के बोड़ाम और पटमदा प्रखंड के सहायक अध्यापक संघ इकाई द्वारा समर्पित ज्ञापन में वर्णित मांगों के समुचित समाधान के संबंध में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने आज मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से विधायक ने कहा कि उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे समर्पित ज्ञापन के आलोक में सदर कहना है कि सहायक अध्यापक संघ, बोड़ाम और पटमदा प्रखंड ईकाई, पूर्वी सिंहभूम के बहुप्रतीक्षित एवं न्यायसंगत मांगों पर सहानुभूति पूर्वक कारवाई करने का कष्ट किया जाये। सीएम को सौंपे गये ज्ञापन में वेतनमान और राज्यकर्मी का दर्जा सहायक अध्यापकों को अल्पसंख्यक विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों के तर्ज पर वेतनमान (9300-34800) और बिहार राज्य के तर्ज पर राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान किया जाये। सहायक अध्यापको को कर्मचारी भविष्य निधि का लाभ जनवरी 2022 में दिया जाये। झारखण्ड अधिर्विध परिषद रोशी के एडपर्मिया के बतरण आकलन परीक्षा में प्रश्नों के त्रुटिपूर्ण उत्तर के संशोधित परिणाम यथाशीघ्र जारी करने के साथ-साथ आकलन उत्तीर्णतः यो प्रमाण पत्र एवं द्वितीय आकलन, परीक्षा आयोजित किया जाय। द्वितीय आकलन परीक्षा में इंडब्ल्यूएस एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को नियमानुसार अंकों का लाभ दिया जाए। सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 में अंकित प्रावधानों के अनुरूप सहायक अध्यापकों को अनुकंपा का लाभ सहायक अध्यापकों के आश्रितों को योग्यता अनुरूप लचीला किया जाये। सहायक अध्यापकों के साथ सामाजिक न्याय करते हुए आंगनवाड़ी सेविका / सहायिका की तरह सेवानिवृत्ति 65 वर्ष किया जाये। बिहार सरकार के नियोजित शिक्षकों की तरह सीटेट एवं आकलन उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को टेट के समतुल्य लाभ दिया जाये। पूर्व के समझौते के अनुरूप सहायक अध्यापक कल्याण कोष का गठन करते हुए 10 करोड़ की ब्याज राशि को मृत और सेवानिवृत्त सहायक अध्यापकों के बीच वितरण किया जाये। शहरी एवं अधिसूचित क्षेत्र के सहायक अध्यापकों को 4% वार्षिक वृद्धि का लाभ दिया जाय एवं वार्षिक वृद्धि के लिए वार्षिक संपुष्टि के बाध्यता को समाप्त किया जाये। पलामू जिला के नोडीहा छत्तरपुर के सहायक अध्यापकों के समस्याओं का सामाधान कर लंबित मानदेय का भुगतान किया जाये। 2018 के आंदोलन में सहायक अध्यापकों के उपर दर्ज मुकदमा केस को वापस लिया जाए (5)गोड्डा के 03 एवं हजारीबाग की 01 सहायक अध्यापकों को नियम विरुद्ध बर्खास्त के मामले को निरस्त करते हुए योगदान एवं मानदेय भुगतान का आदेश दिया जाये, शामिल है।

# भाजपा मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वायेगी, हेल्पलाइन नंबर जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** साकची स्थित जिला कार्यालय में भाजपा महानगर के जिला पदाधिकारी व मोर्चा जिलाध्यक्षों की एक बैठक जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गुरुवार को बैठक में विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रत्येक मतदाता तक अपनी पहुंच बनाने के लिए पहल किया गया। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे। अभियान के माध्यम से युवाओं और प्रत्येक बूथ पर नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ेंगे करेंगे। साथ ही दिवंगत मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची से बाहर कराएंगे।

बैठक में निर्णय लिया गया इसके लिए कार्यककताओं को बूथों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। वही आगामी कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम, पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात, जलस्त्रोतों को प्लास्टिक मुक्त बनाने जैसे अन्य कार्यक्रमों की व्यापक सफलता पर रूपरेखा बनाई गई। भाजपा जमशेदपुर महानगर ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने में सहयोग के लिए भाजपा ने अंजन सरकार, मोबाइल नंबरः 7004650457 को हेल्पलाइन नबंर के रूप में जारी किया। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा मतदाता सूची में नए और छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विभिन्न मंडलों में बैठक आयोजित कर कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। 'एक पेड़ मां के नामह्न अभियान पीएम नरेंद्र मोदी की एक प्रेरणादायक पहल है। मातृत्व के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को एकसाथ बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यकर्ता अपने बूथों पर अधिक से अधिक पौधरोपण करेंगे। महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का बूथों पर आयोजन होगा।

मौके पर बारी मुर्मू, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, संजीव सिंह,जितेंद्र राय, मनोज राम, पप्पू सिंह, मंजीत सिंह, विजय तिवारी, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, मणि मोहंती, बीनानंद सिरका,अजीत कालिंदी समेत अन्य मौजूद रहे।

### नगर पंचायत क्षेत्र से गांव को अलग करने को लेकर दिया धरना

# सात सूत्री मांगों को लेकर नप के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

**धरना में उपस्थित ग्रामीणों ने लगाया आरोपः नगर पंचायत में रिश्वतखोरी चरम पर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर के सामने क्रांतिकारी किसान मजदूर यूनियन के बैनर तले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्ड जैसे 9, 10, 11 और 12 वार्ड के लोग शामिल थे।

उपयुक्त वार्ड में निवास करने वाले लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के अधिकांश क्षेत्र नगर पंचायत के लायक नहीं है बसावट बहुत कम है, किसान मजदूर, निवास करते हैं और उन्हें कृषि करने हेतु मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, जैसे आहर, तालाब, कुआं, पीने का शुद्ध पानी, खाद बीज इत्यादि। वहीं नगर पंचायत बनने से सभी ब्लॉक से मिलने वाली सभी मुलभुत सुविधाएं खत्म होने के साथ साथ उल्टे कई प्रकार के टैक्स लगा दिया गया है, जो ग्रामीण वहन करने में सक्षम नहीं है, जैसे सफाई टैक्स, होल्डिंग टैक्स, राजस्व टैक्स, बिजली टैक्स आदि का विरोध कर रहे हैं और नगर पंचायत के वार्ड संख्या 9, 10, 11 और 12 के निवासी नगर पंचायत से बाहर किये जाने का मांग नगर पंचायत के गठन के समय से ही करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं नगर पंचायत में सफाई, पीने का पानी, बिजली, नाली,रोड आदि की कोई व्यवस्था नहीं है वहीं लोगों ने कहा कि यहां तक की विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बंद है और अन्य का बनवाया नहीं जा रहा है। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में काफी रिश्वतखोरी चरम पर है नगर निकाय के निवासी त्राहिमाम है। लोगों ने सात सूत्री मांग को लेकर नगर पंचायत के खिलाफ और नगर पंचायत के पदाधिकारी के तानाशाही रवैया से जमकर नारेबाजी किया। मौके पर भारत कुमार कुशवाहा नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष, फरीद खान, वीरेंद्र चंद्रवंशी, सीताराम पाल,, सरयू साहू, इबरार खान, तपेश्वर सिंह, विनय पाल, प्रमोद पाल, अर्जुन मेहता, कंचन, दिलीप, अनिल, जितेंद्र, कैलाश आदि सैकड़ों लोग विरोध प्रदर्शन में उपस्थित थे।

**लोगों की मांगें**

1) वार्ड संख्या 9 10 11 और 12 के निवासियों को नगर पंचायत क्षेत्र से बाहर किया जाये। 2) सभी प्रकार के टैक्स से मुक्त किया जाये। 3 ) रिश्वतखोरी पर लगाम लगायी जाये। 4) यथाशीघ्र वृद्धा,विधवा, दिव्यांग पेंशन प्रदान किया जाये। 5) सिंचाई और पीने का शुद्ध पानी अभिलंब उपलब्ध कराया जाये। 6 ) पश्चिम टोला अमर वार्ड संख्या 09 तालाब का नवीकरण कराया गया है, जो मानक की अनुकूल नहीं है इसकी जांच करायी जाये। 7) खजूरी जलाशय योजना से निकला कैनाल को मुआवजा देते हुए चालू किया जाये।

## रंका प्रखंड कार्यालय पर आजसू पार्टी ने दिया धरना



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखण्ड कार्यालय पर आजसू पार्टी ने गुरूवार को अपनी पन्द्रह सूत्रि मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। जिसमें जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब असहाय लोगों को नहीं मिलने का आरोप लगाया और कहा कि गरीबों के जगह पर अमीर लोगों को अबुआ आवास का लाभ दिया जा रहा है। वृद्धावस्था पेंशन चार माह से नहीं मिलने से लोगों के समक्ष भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। वही पेयजल स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर पर पेयजल की योजना नहीं कराने का आरोप लगाया। तत्पश्चात पंद्रह सूत्रि मांग पत्र रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा। इस मौके पर आजसू पार्टी रंका के विकास कुमार चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मेरी पहली प्राथमिकता थाना क्षेत्र में अमन चैन कायम करना : केके साहू




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर थाना पुलिस निरीक्षक के रूप में केके साहू ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। उनके पदभार ग्रहण करने से लोगों में हर्ष और उत्साह देखा जा रहा है। बहुत ही अनुभवी और अनुशासन प्रिय पुलिस इंस्पेक्टर के-के साहू ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता थाना क्षेत्र में अमन चैन कायम करना, क्राइम कंट्रोल और पुलिस पब्लिक के साथ मैत्री पूर्ण संबंध स्थापित करना है। कहा कि आम जनता की मदद के लिए पुलिस हमेशा तत्पर रहेगी।

## विश्रामपुर में वज्रपात से आधा दर्जन मवेशी की मौत, पीड़ित ने की मुआवजा की मांग



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत ग्राम विश्रामपुर के बरवाहा टोला में दोपहर के बाद लगभग 3 बजे दिन में बारीश के दौरान हुए वज्रपात की घटना में आधा दर्जन मवेशियों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रामखेलावन सिंह के चार गाय और एक बच्छड़ा तथा बैजनाथ उरांव का एक बैल बारीश की मौत हो गयी। इस मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष संतोष प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि संजय टोप्पो, उपमुखिया प्रमोद प्रसाद, वार्ड सदस्य पीटर पन्ना सहित ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## गढ़वा में हत्या, लूट और बलात्कार जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई : एमएन खान



गढ़वा (आजाद सिपाही)। एआइएमआइएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी डॉक्टर एम एन खान ने पिछले दिनों गढ़वा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा में नाबालिग छात्रा के साथ कथित तौर पर किये गये छेड़छाड़ की घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गढ़वा जिला में हत्या, लूट और बलात्कार जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों महुलिया गांव में एक मामूली सी बात पर एक नवजवान युवक की हत्या कर दी गयी। गढ़वा जिला में इस तरह की घटना होने के बावजूद यहां के जनप्रतिनिधि गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। अभी तक जनप्रतिनिधि के द्वारा उक्त मामले को लेकर कोई पहल नहीं की गयी है। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि यहां के जनप्रतिनिधि को यहां की जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नही है। उन्होंने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधि को सिर्फ यहां के लोगों से वोट चाहिए।

# अपनी अस्मिता की रक्षा की गुहार लगा रही है ढाढरा नदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रीब्युनल (एनजीटी) के द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक के बावजूद भवनाथपुर के एकलौता ढाढरा नदी से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन और बालू का ढुलाई जोरो पर है। बालू माफिया स्थानीय प्रशासन को खुल्लेआम चुनौती देते हुए बेखौफ होकर भवनाथपुर के असनाबांध और बरवारी के ढाढरा नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर कोरवाटोली मध्य विद्यालय के आस पास के जंगलों में तथा मुख्य पथ के किनारे सैकड़ों ट्रैक्टर बालू डंप कर ऊंची कीमत पर बेच रहे है। इसकी जानकारी अंचल कार्यालय और स्थानीय प्रशासन को होने के बाद भी जवाबदेह पदाधिकारी मुकदर्शक बनी हुई है। बालू माफियाओं द्वारा ढाढरा नदी का दोहन किये जाने से नदी अपनी अस्मिता की रक्षा की गुहार लगा रही है, लेकिन न तो स्थानीय प्रशासन और ना ही अंचल पदाधिकारी ही इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठा रहे है। प्रखंड के असनाबांध, बरवारी होते हुए कलकल बहने वाली भवनाथपुर की एकलौता ढाढरा नदी में कभी सालो भर पानी बहते रहती थी, लेकिन पिछले चार पांच वर्षो के दौरान बालू माफियाओं ने नदी की अस्तित्व को छिन्न भिन्न कर बड़े पैमाने पर नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर नदी की अस्मिता को लूटने पर तुले हुए है। बालू माफिया शाम ढलने पर अंधेरा होते ही ढाढरा नदी में पहुंचकर बालू के उत्खनन शुरू करते है, और सुबह होते तक ट्रैक्टर पर लोड कर आस पास के जंगलो में पड़े पमाने पर बालू डंप कर रखा है। रात में बालू उठाव करने के बाद बालू माफिया आसपास इलाकों में तीन से पांच ट्रैक्टर बालू की बिक्री कर रहे हैं। बालू माफियाओं की इस कारनामे की जानकारी संबंधित विभाग को होने के बावजूद बालू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने में उदासीन बनी हुई है।

**क्या कहते हैं सीओ**

इस संबंध में सीओ आफताब आलम से पूछे जाने पर कहा कि कुछ दिन पहले ही भवनाथपुर में योगदान दिए हैं। मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, जांचोंपरांत इसमें अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करेंगे।

# भ्रष्टाचार शिष्टाचार बनकर रह गया हैः गिरिनाथ

**गिरिनाथ सिंह ने कहा कि लोग सरकारी पदाधिकारी और कर्मचारियों के शोषण का शिकार हो रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने जनसंपर्क सह परिवर्तन यात्रा के तहत चिनियां पंचायत के चीखुरा पत्थर, मेमना टोला, कुनवाडी टोला, बाजार टोला, अन्हारिदह सहित बिलैतिखैर तथा छतैलिया आदि गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री के सामने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा और उसे दूर करवाने का आग्रह किया। जनता की समस्याओं को सुनकर गिरिनाथ सिंह ने कहा कि लोग सरकारी पदाधिकारी और कर्मचारियों के शोषण का शिकार हो रहे है। कस्तूरबा विद्यालय गलत स्थान पर बना दिया गया है। जिससे लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक सह मंत्री से पूछना चाहता हैं कि पूरा क्षेत्र पेय जल की समस्या से जूझ रहा है। भ्रष्टाचार शिष्टाचार बनकर रह गया है। पूरा लूट मचा हुआ है। पहले दिल्ली से पैसा सीधा खाते में आता था। आज पैसे भेंडर से मिलकर मिलती है। इससे लूट मची हुई है। उन्होंने कहा कि की स्थानीय विधायक इसकी जिम्मेवारी लें। क्षेत्र के विकास के लिए जवाब दें। जबकि मंत्री इस सब मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लाभूकों को 6 माह से पेंशन नहीं मिली है। इसके लिए हमने सेक्रेटरी से बात कर जल्द पेंशन दिलवाने का काम किया है। निश्चित रूप से एक माह के अंदर में पेंशन सभी पेंशनधारियों के खाते में आ जायेगा। उन्होंने कहा भ्रष्टाचार को लेकर आने वाले दिनों में प्रखंड में तालाबंदी करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की भीड़ को देख कर यह अंदेशा लगाया जा सकता है कि जनता को उनसे कितनी उम्मीदें हैं। कार्यक्रम में मुख्यरूप से, रामलखन यादव, कैलाश यादव, उमेश सिंह, अताउर मुखिया, सुनील माली, शिवशंकर सोनी, सुलपानी संह, शिवनाथ चौधरी, राजेश तुरी, अरुण, लाला, सीताराम, वीरेंद्र, फकीरा सहित हजारो की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# माले के प्रखंड सचिव सहित एक दर्जन लोग भाजपा में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



माला पहना कर पार्टी में शामिल कराते पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी।

**गढ़वा।** गुरुवार को पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी ने मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होकर उसका समाधान कराने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के दौरान भाकपा माले के प्रखंड सचिव श्याम सुंदर विश्वकर्मा सहित एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी में आस्था जताते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को पूर्व विधायक ने भाजपा का पट्टा देकर स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि गढ़वा रंका विधानसभा का हाल किसी से छिपा हुआ नही है। स्थानीय विधायक सह मंत्री के इशारे पर हर जगह लूट मचा हुआ है। सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी चरम पर है। बालू के कारण लोग अपना निजी मकान और अन्य कार्य नहीं कर पा रहे है। जबकि मंत्री के संरक्षण में यहां के लाखों ट्रक बालू को अवैध रूप से यूपी और दिल्ली में भेजा गया। पूर्व विधायक ने कहा की मंत्री और उनके लोग विकास का झूठा ढिंढोरा पीटते है। जबकि मेरे कार्यकाल में बनायी गयी सड़क जो अभी भी बेहतर हालात में है, उसी का मरम्मत के नाम पर अवैध रूप से राशि की निकासी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि चिनिया से रणपुरा होते खुथुआ मोड़ तक की सड़क काफी बेहतर हालात में है। अभी उक्त सड़क में पांच साल से अधिक दिनों तक मरम्मत की कोई जरूरत नहीं थी। लेकिन मंत्री पूरी तरह लूट मचा कर रखे है। अब जनता पूरी तरह से ऊब चुकी हैं।

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद**
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email - jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

पत्रांक ................ दिनांक ..........................

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–1752, दिनांक– 10.06.2024 के द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सुचना संख्या – JMC/RFP/01/2024-25, का शुद्धि पत्र जो दैनिक समाचार पत्रों में PR 327511 Urban Development (24-25)#D द्वारा प्रकाशित किया गया था, में Technical Bid Opening तिथि एवं समय में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है :–

| क्र0सं0 | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | Technical Bid Opening तिथि– 29.06.2024 एवं समय– 3:00 बजे अपराह्न | Technical Bid Opening तिथि– 01.07.2024 एवं समय– 3:00 बजे अपराह्न |

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 327914 Urban Development(24-25)D

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 25/2024-25 दिनांक :- 27.06.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-DUM-08/2023-24 | मसलिया | 1 | गोलबंधा पहाड़बाबा मोहलीटोली से गोलबंधा गांव तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.600 कि०मी०) | 1429.338 | चौदह करोड़ उनतीस लाख तैतीस हजार आठ सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | मसलिया | 2 | धोबरना पंचायत भवन से नयाडीह पंचायत भवन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–6.420 कि०मी०) | | | |
| | | मसलिया | 3 | जवाबांक पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से भोकताडीह भाया घुरमुन्दी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.000 कि०मी०) | | | |
| | | मसलिया | 4 | खैरबनी से वृन्दाबनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.600 कि०मी०) | | | |
| | | मसलिया | 5 | पलासी तालडंगाल स्कूल टोला से नामीमहल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.800 कि०मी०) | | | |
| | | मसलिया | 6 | मधुबन मोड़ पथरिया पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से भालुसुंधिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–6.100 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-DUM-09/2023-24 | सरैयाहाट | 1 | बमनखेता मोड से बारीडीह पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.650 कि०मी०) | 1266.611 | बारह करोड़ छियासठ लाख एकसठ हजार एक सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | सरैयाहाट | 2 | पगवारा मुख्य सड़क से धनवे बेहराडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.150 कि०मी०) | | | |
| | | रामगढ़ | 3 | पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड ढोलकटटा से जोरडीहा भाया जरूवाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.400 कि०मी०) | | | |
| | | रामगढ़ | 4 | ताराटीकर से पितरामपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.000 कि०मी०) | | | |
| | | रामगढ़ | 5 | कौआम से सगरभंगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.620 कि०मी०) | | | |
| | | रामगढ़ | 6 | ताराटीकर से दुधवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.230 कि०मी०) | | | |
| 3 | JH-M-DUM-10/2023-24 | रानेश्वर | 1 | विषुनडीहा के बागेदर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.220 कि०मी०) | 948.324 | नौ करोड़ अड़तालीस लाख बत्तीस हजार चार सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | रानेश्वर | 2 | पथरा से नन्दना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.180 कि०मी०) | | | |
| | | रानेश्वर | 3 | जीवनपुर कारीकतर पथ से तालडंगाल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.250 कि०मी०) | | | |
| | | रानेश्वर | 4 | आर0ई0ओ0 पथ रानेश्वर से आर0ई0ओ0 अमजोरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.100 कि०मी०) | | | |
| | | रानेश्वर | 5 | दुर्गा मंदिर से पथरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.080 कि०मी०) | | | |
| | | रानेश्वर | 6 | आर0ई0ओ0 पथ से बेलबोनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.005 कि०मी०) | | | |
| 4 | JH-M-DUM-11/2023-24 | जरमुण्डी | 1 | थोढ़ी मोड़ से थोढ़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.500 कि०मी०) | 1113.576 | ग्यारह करोड़ तेरह लाख संतावन हजार छः सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | जरमुण्डी | 2 | खिजूरिया मोड़ से सतपहरी मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.000 कि०मी०) | | | |
| | | जरमुण्डी | 3 | बेलाल मोड़ से जंगलपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.741 कि०मी०) | | | |
| | | जरमुण्डी | 4 | कटेली मोड़ से सरामारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.197 कि०मी०) | | | |
| | | जरमुण्डी | 5 | गिधनी मोड़ से गिधनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.261 कि०मी०) | | | |
| | | जरमुण्डी | 6 | जमुआ मोड़ से कुण्डवे भाया बाजे तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.070 कि०मी०) | | | |
| | | जरमुण्डी | 7 | दौलतपुर मोड़ से सिमरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.934 कि०मी०) | | | |
| | | जरमुण्डी | 8 | मोहनपुर से शीतलपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.070 कि०मी०) | | | |
| | | जरमुण्डी | 9 | चाँदडीह से नावाडीह तकपथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.800 कि०मी०) | | | |
| 5 | JH-M-DUM-12/2023-24 | रामगढ़ | 1 | सतराला से गोविन्दपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 3.514 कि०मी०) | 1476.946 | चौदह करोड़ छिहत्तर लाख चौरानबे हजार छः सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | रामगढ़ | 2 | पाथगोड़ा से चीतबेसरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 1.030 कि०मी०) | | | |
| | | रामगढ़ | 3. | मझाडीहा से बिसनपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.289 कि०मी०) | | | |
| | | रामगढ़ | 4 | खुटान से सीलपहाड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.500 कि०मी०) | | | |
| | | रामगढ़ | 5 | सरसा पूर्व पट्टी से सरसा पश्चिम पट्टी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 1.900 कि०मी०) | | | |
| | | रामगढ़ | 6 | गम्हरिया से घोड़दौड़ पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.020 कि०मी०) | | | |
| | | रामगढ़ | 7 | गम्हरिया से मोचीखामर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 1.950 कि०मी०) | | | |
| | | रामगढ़ | 8 | खुरहन से सुरी गम्हरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 4.500 कि०मी०) | | | |
| | | रामगढ़ | 9 | महेशपुर मोड़ से महेशपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.901 कि०मी०) | | | |
| 6 | JH-M-DUM-13/2023-24 | जामा | 1 | लकड़जोरिया से नाचनगड़िया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 3.500 कि०मी०) | 1004.268 | दस करोड़ चार लाख छब्बीस हजार आठ सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | जामा | 2 | विजयबाँध से आहद डुमरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 1.900 कि०मी०) | | | |
| | | जामा | 3 | बिचकोड़ा मोड़ से नाचनगड़िया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.100 कि०मी०) | | | |
| | | जामा | 4 | चहरबनी से श्यामपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 3.289 कि०मी०) | | | |
| | | जामा | 5 | बान्दो से बिशुनपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.400 कि०मी०) | | | |
| | | जामा | 6 | चहरबनी से उपरबलराम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.077 कि०मी०) | | | |
| | | जामा | 7 | चतरा से हराखा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 6.300 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः–04.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 18.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–19.07.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..............................
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

अभियंता प्रमुख
ग्रामीण कार्य विभाग–सह–
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 327935 Rural Work Department(24-25).D

# ग्रामीण स्तर पर खुले अस्पताल का मरीजों को नहीं मिल रहा लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के अधीन संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र में पदस्थापित कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) केंद्र में नियमित रूप से नहीं जाते हैं, जिससे ग्रामीण स्तर पर खुले अस्पताल का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य उपकेंद्र में सीएचओ के पदस्थापना के महीनों बीत गये, लेकिन इनकी नियमित उपस्थिति नहीं होने से ग्रामीणों को इनके बारे में जानकारी तक नहीं है, जिससे उपकेंद्र महज सुरक्षित प्रसव केंद्र के रूप में सिमट कर रह गया है। जबकि सुबह 9 बजे से लेकर तीन बजे ओपीडी समय में सभी पदस्थापित सीएचओ को पदस्थापना स्वास्थ्य उपकेंद्र में एमपीडब्लू और एएनएम के साथ मौजूद रहकर उपकेंद्र में आनेवाले मरीजों का स्वास्थ्य की जांचकर दवा देना है। वहीं सीएस डॉ अशोक कुमार ने भी सीएचओ को अपने-अपने केंद्र में उपस्थित रहकर साधन के मुताबिक मरीजों को स्वास्थ्य की जांचकर दवा देने का कड़ा निर्देश दिया था, बावजूद इसके सीएचओ द्वारा निर्देश का ठेंगा दिखाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 5 किमी के दायरे में संचालित हो रहे स्वास्थ्य उपकेंद्र की हाल जाना। जिसमें गुरुवार को कोनमंडरा और वनखेता स्वास्थ्य उपकेंद्र बंद पाया गया। कोनमंडरा केंद्र में पदथापित सीएचओ महावीर बारूपाल नदारद थे। यहां के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि यदा-कदा केंद्र प्रसव के मरीज के केंद्र में जाने के बाद मोबाइल द्वारा एएनएम को सूचना के बाद ही केंद्र खुलता है, ग्रामीणों ने आगे बताया कि सीएचओ कौन हैं, और कब आते हैं हमें नहीं पता। जबकि कैलान और मकरी स्वास्थ्य उपकेंद्र एमपीडब्लू की उपस्थिति में खुला था, लेकिन केंद्र में तैनात सीएचओ अंकित कुमार त्रिवेदी और इंद्रकिशोर विश्वकर्मा ड्यूटी पर नहीं थे।

**हाजिरी बनाकर ड्यूटी पर नहीं जाते हैं सीएचओ**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़ा बाबु अरुण लकड़ा ने बताया कि कोई सीएचओ अवकाश पर नहीं हैं। सभी सीएचसी में हाजिरी बनाकर स्वास्थ्य उपकेंद्र में गये हैं, लेकिन किसी ने उपकेंद्र में ड्यूटी जाने की जहमत नहीं उठायी। जबकि सीएचओ की हाजिरी बनाकर प्रखंड मुख्यालय में भ्रमण करने और ड्यूटी से गायब रहने की शिकायत बराबर मिलती है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण से सीएचओ अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं ला रहें हैं। इस संबंध में मकरी में तैनात सीएचओ इंद्रकिशोर विश्वकर्मा से पूछने पर उन्होंने बताया कि तबियत बिगड़ जाने के कारण केंद्र नहीं जा सके,जबकि मौखिक रूप से ऑफिस को इसकी सूचना दी है।

**क्या कहते हैं सीएचसी के प्रभारी**

इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ रंजन दास ने कहा, हाजिरी बनाकर स्वास्थ्य उपकेंद्र में ड्यूटी नहीं करना गंभीर मामला है, उन्होंने जांचोपरांत संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# कुडू में भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल




आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** पूर्व नियोजित राज्यव्यापी हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय परिसर कुडू में गुरुवार को आजसू पार्टी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, जिला महासचिव मुन्ना अग्रवाल, जावेद खान आदि मौजूद रहे। इस दौरान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अंचलाधिकारी को अपनी ग्यारह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंप छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र यथाशीघ्र बनवाने, सभी किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर किये जाने, प्रखंड में चरमराई बिजली आपूर्ति को दुरुस्त कर 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, प्रखंड/ अंचल कार्यालय में पदस्थापित समस्त कर्मियों की उपस्थिति सरकारी नियमानुसार सुनिश्चित किये जाने, सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता देने, सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्बाध रूप से करने और प्रशासनिक उदासीनता समेत जनमानस को आ रही अन्य समस्याओं के खिलाफ ज्ञापन सौंपा।

# लोहरदगा के कैरो से 63 हजार घनफिट बालू जब्त, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बालू के अवैध भंडारण कर कारोबार करने की सूचना पर खनन विभाग और पुलिस टीम ने कैरो थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थान पर सघन छापामारी अभियान चलाया। कैरो थाना क्षेत्र के सड़ाबे, टाटी, खरता,कैरो, जामुनटोली समेत कई ठिकानों में अवैध रूप से भंडारण किया गया लगभग 63 हजार 500 घनफिट बालू जप्त किया गया। इस मामले पर डीएमओ राजाराम प्रसाद द्वारा कैरो थाना में बालू भंडार करने वाले कई लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार डीएमओ राजाराम प्रसाद और कैरो थाना पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाया। छापामारी में सड़ाबे महादेव मैदान के निकट लगभग



4500 घनफिट अवैध बालू भंडार मिला। इस क्रम में किशोर उरांव के घर के निकट लगभग 7 हजार घनफिट बालू भंडार एवं बुधराम उरांव के बाउंड्री के भीतर 4 हजार घनफिट अवैध रूप से रखा बालू जप्त किया गया। जांच के क्रम में मैदान में रखा बालू का ढेर कैरो के सड़ाबे गांव निवासी कमल साहू के होने की पुष्टि हुई। जबकि अन्य स्थानों पर जप्त किया गया बालू मलिक का सुराग नहीं मिला। सड़ाबे निवासी शमशाद आलम द्वारा रखा गया 15 हजार घनफिट अवैध बालू के भंडार को भी जांच टीम ने जप्त किया। टाटी खरता गांव निवासी कुलदीप मुंडा,रविंद्र सिंह,दिनेश उरांव द्वारा कोयल नदी जाने वाले मार्ग में मंगरदाहा स्थान पर अलग-अलग रखा लगभग 19 हजार घन फिट जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू किया गया।खरता जतरा बगीचा में अलग-अलग लगभग 10 हजार घनफिट अवैध बालू जप्त किया गया। पूछताछ में उपरोक्त बालू टाटी खरता गांव निवासी कुलदीप मुंडा एवं दिनेश उरांव के होने की पुष्टि जांच टीम द्वारा किया गया। इस दौरान कैरो जमुना टोली निवासी झिंगराम उरांव द्वारा अवैध रूप से रखा गया लगभग 4 हजार घनफिट बालू को भी जांच टीम द्वारा जप्त किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मामले पर खान एवं खनिज अधिनियम 1957 का उल्लंघन, झारखंड लघु खनिज समानुदान नियमावली का उल्लंघन एवं सरकारी संपत्ति चोरी करने का आरोप दर्ज प्राथमिकी में लगाया गया है। उपरोक्त नियमावली का उल्लंघन दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि कैरो थाना क्षेत्र के गांव में किसी व्यक्ति को बालू भंडार कर इसका व्यावसायिक उपयोग करने की अनुज्ञप्ति खनन कार्यालय से नहीं दिया गया है। बिना अनुज्ञप्ति के बालू का भंडारण करना अवैध और दंडनीय अपराध है।

# अविराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अविराम स्कूल ऑफ एक्सेलेंसी में दो दिवसीय समर कैंप कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समर कैंप के अवसर पर प्रथम दिन रंगारंग कार्यक्रम के साथ-साथ पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, क्रिकेट आदि गतिविधियों में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। द्वितीय दिन रैंप वॉक, एक्टिंग तथा फन एक्टिविटी में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों ने प्रथम स्थान में अनुष्रा, जिया, खुशी, तनु, वर्षा और दक्षा ने बाजी मारी तथा क्रिकेट में क्लास नौ के बच्चों ने बाजी मारी। रैंप वॉक में क्लास तीन के बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस मौके पर शशि, चिनीवास, खुशीध्यारी, सुनीता, सोनिया, शबनम, रोशन, संगीता, काजल, अफसाना, तारामनी, प्रीति, पूजा, प्राची तथा अन्य सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

# पूर्वजों के नाम से मुक्तिधाम में पौधा लगायें : मनोज गुप्ता



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मुक्तिधाम समिति द्वारा केंद्रीय मुक्तिधाम हरमू भक्सो कोयल नदी परिसर में पेड़ लगाने को ले गुरुवार को गड्ढा खोदा गया। पर्यावरण संरक्षण और मुक्तिधाम परिसर को पेड़ की छांव से शीतल बनाने के लिए केंद्रीय मुक्तिधाम समिति ने बड़े पैमाने पर पौधरोपण का संकल्प लिया है। मौके पर समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि एक सप्ताह के बाद खुदे गड्ढों में पौधा रोपण किया जाएगा। मनोज गुप्ता ने कहा की लोहरदगा के सनातन धर्म के लोग अपने पूर्वज के नाम पर एक पेड़ मुक्तिधाम परिसर में अवश्य लगायें। पेड़ लगाने से पर्यावरण की सुरक्षा तो होगी ही पेड़ के रूप में आपके पूर्वज की याद सदा बनी रहेगी। मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक विनोद सिंह, संजय बर्मन, अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उदय दत्ता, सुनील छतरी, दिनेश प्रसाद सोहन साहू आदि उपस्थित थे।

# मुखिया की दबंगई से आहत होकर डीसी कार्यालय पहुंचे ग्रामीण, लगाये कई आरोप

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखण्ड के ग्राम पंचायत धाधू कि मुखिया द्वारा 15 वीं वित्त एवं टीसीबी में बिना काम किये पूरा पैसा निकासी किया गया एवं अबुआ आवास में पैसा लेने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम धाधू पंचायत ग्राम के ग्राम प्रधान ग्राम मुरगांव सिकेन्द्र गंझू, ग्राम-चितरपुर, मेसरा उरांव, ग्राम प्रधान पंचायत धाधू थाना बालूमाथ जिला लातेहार के ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत धाधू कि मुखिया कुंवारी भगवती पति रामवृक्ष उरांव द्वारा 15वीं वित्त से ग्राम भैसादोन में नीम पेड़ से छठ घाट तक पीसी पथ निर्माण प्रा० राशि 1,99,000, ग्राम भैसादोन में मुकेश यादव के घर से बिहारी यादव के घर तक नाली निर्माण प्रा० राशि 99000, ग्राम- भैसादोन में लाला यादव के



घर से राष्ट्रीय उच्च मध्य विद्यालय तक नाली निर्माण प्रा० राशि-199000 यह काम हुआ भी नहीं है और कुल राशि निकासी हो चुका है। यह जांच का विषय है एवं अबुआ आवास निहायत गरीब को नहीं मिला। जिसका पहले से पक्का मकान बना है। उसी को अबुआ आवास दिया गया है और कई गरीब व्यक्ति को आवास देने के एवज में 15 से 20 हजार रुपए लिया गया है जो ग्राम हेमपुर में मुरारी गंझू पिता हरीलाल गंझू से 15000 रूपया मुखिया द्वारा लिया गया है। जो गरीब व्यक्ति बैल बेच कर दिया है एवं ग्राम- मुरगांव में जोगन गंझू पिता गुंगा गंझू से 15000 रूपया लिया गया है एवं ग्राम भैसादोन में यशवंत यादव पिता कंगलू यादव से 15000 रूपया लिया गया है एवं गुड़िया देवी पिता मनीष यादव से 15000 रुपया लिया गया है धाधू पंचायत के अंतर्गत सभी अबुआ आवास में पैसा लिया जा रहा है जिसका पूर्व से पक्का मकान बना है। सिमा देवी, पति गेंदा भुईया, ग्राम-भैसादोन, खुशबू कुमारी, पति राजू गोप, ग्राम-चितरपुर, मुखिया की सास जमनी मसोमात पति स्व० रामसहाय उरांव ग्राम- धाधू सभी का पूर्व से पक्का मकान बना हुआ है एवं भैसादोन स्कूल के पास खेल मैदान निर्माण में काम हुआ भी नहीं और 63990 रूपया का निकासी हो चुका है। ग्राम धाधू में मॉडल स्कूल के पास खेल में मैदान निर्माण में भी 36972 रूपया का निकासी हो चुका है। जबकि एक भी काम नहीं किया गया है। और मनरेगा के तहत घोर अनियमितता हुआ है जो जांच का विषय है एवं हमलोग सभी ग्राम प्रधान का रजिस्टर मुखिया पति द्वारा ले लिया गया है। और हमलोगो के बीना जानकारी के 15 वीं वित्त एवं मनरेगा एवं अबुआ आवास में मुखिया द्वारा पैसा लेकर लाभुक को योजना दिया जाता है यह सभी जांच का विषय है।

**क्या कहती हैं धांधू पंचायत की मुखिया**

इधर ही संबंध में धातु पंचायत की मुखिया कुंवारी भगवती देवी का कहना है कि जो लोग आरोप लगा रहे हैं वे लोग खुद ही बिजोलिया हैं और मुझ पर आरोप लगा रहे हैं जो पूरी तरह आप गलत है।

# तीन करोड़ की लागत से होगा सूर्य मंदिर का निर्माण

**स्वाति कुमारी ने समिति को 11 हजार की नगद राशि प्रदान कर की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सूर्यनारायण पूजा समिति शहर के औरंगा नदी छठ घाट पर भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण करा रही है। मंदिर निर्माण में समाज के हर तबके के लोगों का सहयोग मिल रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को सरयु ग्राम निवासी कृष्णा प्रसाद व प्रतिमा देवी ने अपनी बेटी स्वाति कुमारी के नाम पर 11 हजार की सहयोग राशि मंदिर समिति को दी। स्वाति कुमारी ने समिति को नगद राशि प्रदान कर रसीद प्राप्त किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह व उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने इसके लिए आभार प्रकट किया।

**तीन करोड़ की लागत से बनेगा मंदिर**

अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने



बताया कि 20 डिसमिल जमीन में तीन करोड़ की लागत से मंदिर का निर्माण कराया जायेगा। मंदिर निर्माण के लिए 17 डिसमिल जमीन सावित्री कुंवर के बेटे महेंद्र सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह और धमेंद्र सिंह ने दान में दी है। वहीं तीन डिसमिल जमीन पार्वती कुंवर और स्व. हरकेश यादव के वंशजों ने दी है। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर के नीचे हॉल बनेगा। ऊपरी तल्ले में सात गुंबद होंगे। सबसे बड़े गुंबद की ऊंचाई 81 फीट होगी।

# इंटर कॉलेज में सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए छात्र नेता ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सभी 10+2 इंटर कॉलेज में सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए युवा छात्र नेता अंकित कुमार के नेतृत्व में शिक्षा सचिव के नाम पर लोहरदगा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। युवा छात्र नेता अंकित कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला में विभिन्न इंटर कॉलेज में सीटों की संख्या घटने से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है विद्यार्थियों को नामांकन लेने में परेशानियां हो रही है। साथ ही साथ कई विद्यार्थियों को नामांकन से वंचित रह जा रहे हैं। विद्यार्थियों में कुछ ग्रामीण क्षेत्र से बिलॉन्ग करते हैं। जो बाहर जाकर पढ़ाई करने के लिए असमर्थ हैं। कई विद्यार्थी ऐसे हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर है। परसेंटेज होने के बावजूद भी नामांकन नहीं हो पा रहा है। मौके पर युवा छात्र नेता अंकित कुमार, प्रद्युमन पाठक, निहित सिंह, नीरज कुमार, शिवम साहू, मिर्णल यादव आदि छात्रगण उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो भाई घायल

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ चिरी के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का इलाज किया गया उसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना गुरुवार की शाम 5 : 30 की बतायी जा रही है। दुर्घटना में घायल कुलेश्वर मुंडा 50 और दिलेश्वर मुंडा 45 दोनों पिता सितवा मुंडा लातेहार जिले के चंदवा अंतर्गत जमुआरी गांव के रहने वाले है। दोनों भाई एक ही बाइक में सवार होकर आ रहे थे तभी चिरी के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

# जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों के लंबित मामलों का ससमय करें निपटारा : गरिमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग / जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं को त्वरित गति से समाधान करना ही जनता दरबार का उद्देश्य है। जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें एवं शिकायत के निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को मिले, ताकि लोगों का विश्वास जिला प्रशासन पर बनी रहे। उप विकास आयुक्त कार्यालय से संबंधित आये शिकायतों के



निष्पादन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त से लंबित मामलों की जानकारी ली एवं शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिए। जिला योजना कार्यालय, डीएमएफटी से संबंधित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी को शिकायतों के निष्पादन की सूची बनाकर देने का निदेश दिया। महुआडांड़ अनुमंडल स्तर पर लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ को निर्देशित करते हुए कहा कि मामला किस स्तर से लंबित है इसकी जानकारी रिपोर्ट दें। प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के क्रम में प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों का उपायुक्त ने जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार और सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# निबंधित मजदूरों के मेधावी बच्चों को मिलेगी पचास हजार तक की छात्रवृत्ति : श्रम अधीक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** निबंधित मजदूरों के मेधावी पुत्र-पुत्री को मिलेगी 5 से 50 हजार रुपये तक छात्रवृत्ति। इस संबंध में श्रम अधीक्षक दीप्ति लॉरी तिर्की ने बताया कि झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में से निबंधित मजदूरों के मेधावी पुत्र-पुत्री को छात्रवृत्ति मिलेगी। उसके लिए श्रम विभाग ने श्रमिकों से ऑनलाईन आवेदन मांगा है। आवेदन को वैबसाइट shramadhan. jharkhand. gov. in के माध्यम से एक सप्ताह के अन्दर जमा करा सकते है। योजना के तहत प्रारंभिक शिक्षा से स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जायेगी। कक्षा 1 से 8वीं तक को पांच हजार रुपये छात्रवृत्ति मिलेगी। इसके लिए 1 से 5वीं तक को छोड़कर किसी भी परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अथवा द्वितीय श्रेणी से पास होना चाहिए एवं कक्षा 9वीं से 12वीं तक को दस हजार रुपये मिलेगी। साथ ही किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर पाठ्यक्रम में प्रवेश करने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। इसी तरह स्नातकोत्तर तक के विद्यार्थियों के लिए भी आवेदन लिया जा रहा है। हालांकि आवेदन केवल वही निबंधित श्रमिक कर पाएंगे जिनका रजिस्ट्रेशन डाटा श्रमाधान पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किया हुआ है। ऑफलाइन डाटा वाले श्रमिकों के मेधावी बच्चे योजना के लाभ से वंचित रह सकते है। कहा कि दरअसल लोहरदगा जिले में 12387 श्रमिक ऑनलाईन निबंधित है जिसमें से कुल 4570 श्रमिकों का आधार वेरिफाइड है। बताया कि यूजी-पीजी को 20 हजार और मेडिकल इंजीनियर को 50 हजार रुपए, स्नातक (यूजी) से स्नातकोत्तर (पीजी) तक के विद्यार्थियों को 20 हजार रुपए छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। वहीं डिप्लोमा सहित अन्य समकक्ष पाठ्यक्रम के छात्र, छात्राओं के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। जबकि इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को 50 हजार रुपए छात्रवृत्ति दी जायेगी। श्रम अधीक्षक ने बताया कि अधिकतम दो बच्चों के लिए आवेदन कर सकते है।

# होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित और मार्गदर्शन करना बहुत जरूरी है : श्रीचंद



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय में 27 जून को झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की एक अहम बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से झारखण्ड प्रजापति महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन श्रीचंद प्रजापति उपस्थित थे। बैठक में 30 जून को लोहरदगा नगर भवन में होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के बारे में चर्चा किया गया। इसमें इस वर्ष मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा में समाज के सभी छात्र-छात्रा जो प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है। उनको समानित व प्रोत्साहित किया जायेगा। श्रीचंद प्रजापति ने कहा इस समारोह में मुख्य रूप से बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो उर्फ बाटुल, समाज के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र पंडित के अलावा झारखण्ड के सभी जिले से समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इसमें छात्रों को सम्मानित व प्रोत्साहित के अलावा उनके आगे के उज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन किया जाएगा। कहा गया जिले सभी विद्यार्थी 28 जून को चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल राजा बंगला व विनोद स्टूडियो गुदरी बाजार में अपना मार्कशीट, आधार कार्ड व पासपोर्ट फोटो अवश्य जमा कर रजिस्ट्रेशन करा लें। इस मौके पर प्रदेश युवा अध्यक्ष शंभु प्रजापति, गोविंद महतो, अनिल प्रजापति, संजय महतो, कैलाश महतो, जगनारायण महतो, जगदीश प्रजापति, रवि प्रजापति उपस्थित थे।

# 15 दिनों में सामुदायिक वन पट्टा के लक्ष्य को पूर्ण करें : डॉ वाघमारे

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास समन्वय एवं आंतरिक संसाधन की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित विभागों की समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश दिये गये। सर्वप्रथम मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की गयी मनरेगा की योजनाओं में दीदी बाड़ी योजना, पशु शेड योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना आदि की समीक्षा की गई। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में शेष लंबित योजना के



लिए भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा में आवास निर्माण के स्थिति की समीक्षा और लाभुक को हस्तांतरित किश्त की समीक्षा की गयी। पीएमजनमन योजना में किस्कों और पेशरार में प्राप्त लक्ष्य और उपलब्धि की समीक्षा की गयी। आइटीडीए परियोजना निदेशक अगले 15 दिनों में वन प्रमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर नये सामुदायिक वन पट्टा के लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिला में एससी व पिछड़ा वर्ग महिला छात्रावास के लिए प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया। भूमि सुधार उप समाहर्ता को नये आंगनवाड़ी भवनों के लिए भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। लोहरदगा बाईपास रोड और कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण में आवश्यक निदेश भू-अर्जन पदाधिकारी और संबंधित अंचल अधिकारियों को दिये गये। नगर परिषद के द्वारा निर्माण होनेवाले फुटबॉल स्टेडियम के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता को भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित सभी अंचल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी सहायिका बनी पूर्वा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र के भौरो पंचायत के सोरंदा गांव में गुरुवार को आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका चयन को लेकर एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से सीडीपीओ नंदी रानी पंचायत की मुखिया सुमंती उरांव, महिला पर्यवेक्षिका नीलम मिंज, सेविका के अलावे गांव के ग्रामीण मौजूद थे। जिसमें इस ग्राम सभा के माध्यम सीडीपीओ नंदी रानी ने विभागीय प्रक्रिया के तहत आंगनवाड़ी केंद्र की सहायिका चयन प्रक्रिया आरंभ किया। जिसमें आंगनवाड़ी केन्द्र की सहायिका चयन को लेकर गांव के छह उम्मीदवारों ने अपना-अपना



योग्यता प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र जम किया। परंतु दो उम्मीदवार वे बहुल जाति के नहीं रहने के कारण उस पर विचार नहीं किया गया। बचे 4 उम्मीदवारों में 3 मैट्रिक पास तथा 1 इंटर पास के उम्मीदवार में से इंटर पास उम्मीदवार पूर्वा कुमारी का मेरिट अंक का प्रतिशत 18 निकाला गया। जिसके आधार पर पूर्वा को सहायिका चयन किया गया।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा-बेड़ो मुख्य पथ में नंदनी पुल के समीप सड़क दुर्घटना में युवक घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालांकि घायल युवक के बेसुध अवस्था में होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 जून, 2024
www.azadsipahi.in


# स्कूल प्रबंधक पर बच्चे से लकड़ी मंगवाने का आरोप

**एसआरजेसीएम स्कूल के पर प्रबंधक ने यूकेजी क्लास के बच्चे को भेजा जलावन लकड़ी लाने**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सीलम बाजार टांड़ के समीप संचालित एसआरजेसीएम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक के द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले यूकेजी क्लास के बच्चों को मजदूर बनकर काम लेने का मामला सामने आया है। बच्चों से सिर में जलवन लकड़ी का बोझ उठाया गया। लकड़ी उठाने के दौरान लकड़ी का एक काठ एक बच्चे के सिर पर गिरने से उसका सिर फट गया। इसके बाद स्कूल के प्रबंधक मामले को दबाने को लेकर बच्चों को घायल अवस्था में ही अस्पताल पहुंचाने के बजाय उसके घर पहुंचा दिया। फिर स्कूल लौट गए। इधर बच्चे को अधिक रक्तश्राव होने से उसके नाना नानी उसे सदर अस्पताल ले गए जिस बच्चे के सिर में चोट लगी है उसे बच्चे का नाम सुभाष महतो है। और वह पोगरा गांव का रहने वाला है। उसके पिता का देहांत होने के बाद वह नाना नानी के घर में रहकर पढ़ाई करता है। वही मामले को दबाने को लेकर प्रबंधक ने बताया सुभाष खेलने के दौरान अचानक स्कूल का दरवाजा से टकराकर घायल हो गया था। जबकि सुभाष से पूछने पर सुभाष ने बताया ल्टट और टीचर झूठ बोल रहे हैं। बच्चों को स्कूल के कैंपस में रखें जलावन लकड़ी को सिर में उठाकर मंगवा रहे थे। इसी दौरान घटना घटी। वही बच्चे के सिर पर तीन टांका लगा है। इलाज के बाद उसे परिजन घर ले गए। वहीं बच्चे के नाना नानी ने स्कूल प्रबंधक पर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## गांवों तक पहुंचने के लिए बनेंगी 23 सड़कें

# केंद्र सरकार ने 76.75 किमी सड़क निर्माण की दी स्वीकृति

**सड़क निर्माण के लिए राज्य स्तर पर टेंडर जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से जिला अंतर्गत वैसे गांव जहां की सड़के जर्जर अवस्था में है एवं ग्रामीणों को आवागमन के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वैसे क्षेत्रों का सर्वे कराने के पश्चात उपायुक्त के द्वारा केंद्र सरकार को प्राक्लन तैयार कर भेजा गया था। जिसके पश्चात पहले चरण में जिले के 23 ग्रामों के जर्जर मार्गों का निर्माण कराने हेतु केंद्र सरकार के द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है एवं राज्य सरकार के द्वारा टेंडर भी जारी की गई है जिसकी अंतिम तिथि 11 जुलाई तक की है।

**इन ग्रामों तक जाने के लिए नयी सड़कों का किया जायेगा निर्माण :** गुमला जिला अंतर्गत प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 23 ग्रामों तक पहुंचने के लिए पहुंच पथ का निर्माण किया जाएगा जिसकी कुल लंबाई 76.75 किलो मीटर की होगी।

**जिले के कुल 23 नए पथ निर्माण में यह ग्राम शामिल होंगे :** बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत टूटूवाकुजाम रोड से भट्टीपथ तक जाने के लिए कुल 2.450 कि.मी का पहुंच पथ निर्माण करवाया जाएगा। इसी प्रकार ब्रह्मदेव हकाजंग से तिरकोना वंदरकोना (बेठत) तक कुल 3 किलो मीटर, टूटूवाकुजम से छतासराय तक 1.050 किलो मीटर, टूटूवाकुजम जवाडीह तक कुल 0.76 किलो मीटर, रेसीडेंशियल स्कूल शकुवापानी से पोलपोलपाठ तक कुल 3.910 किलो मीटर के पथ का निर्माण किया जायेगा।

वहीं चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मरवा कुकरूंजा रोड से चापाझरिया तक कुल 0.750 किलो मीटर, कोटियापाठ से ग्रहपाठ असुरटोली तक कुल 3.400 किलो मीटर, बारीडीह से पाकरकोना तक 4.050 किलो मीटर, डुमरी से केवना तक कुल 2.750 किलो मीटर, मलम से कटरीकोना-असुरटोली रोड से कुलहुकोना असुरटोली तक 2.350 किलो मीटर, लुरु कुटमा रोड से कुटवान असुरटोली तक कुल 0.700 किलो मीटर, बसना रोड से तिलवरीपाठ असुरटोला तक कुल 3.150 किलो मीटर, कुकरुंजा से हल्दीकोना तक कुल 1.30 किलो मीटर के सड़क का निर्माण किया जाएगा।

डुमरी प्रखंड अंतर्गत कुदार कोरवाटोली तक 2.500 किलो मीटर, डुमरी मुख्य मार्ग से लिट्याछुहा कोरवाटोला तक कुल 5.400 किलो मीटर, धोबारी रोड से ऊरिकोना बंदकोना तक कुल 1.500 किलो मीटर , डुमरटोली से डूमपार्नी कोरवाटोली तक कुल 3.800 किलो मीटर तक का पहुंच पथ निर्माण किया जाएगा।

घाघरा प्रखंड अंतर्गत मालगो मोड से बिरोपानी तक कुल 12.800 किलो मीटर, रूकीघाट मोड सिदाडीपा से घुंघरू पथ भाया घघरापाट कुल 6.600 किलो मीटर, सलगी भुयाल टोली से पीरहापाठल तक कुल 3.550 किलो मीटर तक सड़क का निर्माण किया जायेगा।

## प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय में प्रशासन के द्वारा सड़क पर अतिक्रमण से हो रही परेशानी से लोगों को निजात दिलाने के लिए गुरुवार को विभिन्न मार्गों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता लकड़ा की अगुवाई में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, थाना प्रभारी अजय यादव, मदन शर्मा और सशस्त्र बलों के द्वारा सड़क किनारे दुकान संचालकों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाया गया एवं चेतावनी दी गयी। वहीं दुकान संचालकों द्वारा सरकारी भूमि में लगाये गये साइन बोर्ड को बुलडोजर की मदद से हटाया गया यह अभियान दुर्गा मंदिर के पास मुख्य मार्ग से चलाया गया जो बस स्टैंड, बाजार रोड, अल्बर्ट एक्का चौक, सोहन चौक एवं विधायक पथ तक चलाया गया।प्रशासन द्वारा शक्ति से चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान से अतिक्रमण किए दुकान संचालकों में खलबली मच गई कई दुकान संचालक अपने दुकान के सामने से अतिक्रमण हटाते और अपने सामानों को समेटते नजर आए वहीं विधायक पथ में सड़क में बह रही नाली के पानी पर भी एसडीपीओ ने नाराजगी जाहिर की और जल्द से जल्द इसे सुधारने की बात कही उन्होंने कहा कि यह अभियान अभी जारी रहेगा साथ ही कई अतिक्रमणकारियों को एक सप्ताह का समय दिया गया।

## हरियाणा में बंधक रहा मजदूर 23 साल बाद लौटा



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर गांव निवासी तेज कुमार पिता फिल्मोन एक्का 2001 में अपने ही गांव के चार-पांच साथियों के साथ मजदूरी करने के लिए घर से निकला। इसके बाद वह अपने साथियों से बिछड़ गया इसके बाद उसका कोई आता पता नहीं चला। परिजनों ने अपने स्तर से काफी ढूंढा लेकिन उसे नहीं ढूंढ पाए। वहीं कई साल बीतने के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चा होने लगी। लोगों ने कहा अगर वह जिंदा होता तो अब तक लौटता वह मर गया होगा। वहीं मजदूर के पास ना तो आधार कार्ड और ना ही मोबाइल था। उसका आधुनिक युग से संपर्क टूट गया था। मजदूर गांव लौटने के बाद लोगों से अपनी आप बीती बताते हुए कहा हरियाणा जिला अंतर्गत गुड़गांव थाना के फरुखनगर ग्राम खेड़ा में नंदकिशोर नामक व्यक्ति के यहां बंधक था और वही काम करता था। नंदकिशोर मुझसे काम करा कर मुझे एक रुपया भी नहीं देता था। सिर्फ खाना खिलाता था। जबकि मजदूरी का हिसाब करीब 44 लाख रुपया नहीं दिया। मौका देखकर मैं वहां से भाग गया और नेट के माध्यम से जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत की मुखिया रजनी मिंज से संपर्क किया घर आने के लिए मेरे पास पैसा भी नहीं था। तभी मुखिया के द्वारा मुझे पैसा दिया गया और मैं वापस घर आया। वहीं घर लौट के बाद परिजन व स्थानीय लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ उसका भव्य स्वागत करते हुए माला पहना कर घर प्रवेश कराया।

## प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कोई भी छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित न रहे। जिसे लेकर आवासीय, जाती, आय, जन्म प्रमाण पत्र, नया आधार कार्ड, आधार अपडेट, खाता खोलने को लेकर आवेदन ली गयी। इस क्रम में घाघरा प्रखंड के चार संकुल के विद्यालयों के छात्र-छात्रा शामिल हुई। बता दें की आदिवासी कल्याण आयुक्त झारखंड रांची के द्वारा आगामी 20 जून के पत्र के द्वारा छात्रवृत्ति वितरण योजना के तहत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति लेने से वंचित न रहे। जिसे लेकर शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर तीन दिवसीय की जा रही है। जिसमें सभी संकुल के विद्यालयों के छात्र-छात्रा उपस्थित होकर अपना प्रमाण पत्र बना पाएंगे शिविर का समापन 29 जून को की जायेगी। शिविर को लेकर नोडल पदाधिकारी चैनपुर अनुमंडल भूमि सुधार उपसमाहर्ता कंचन सिंह को बनाया गया है। मौके पर नोडल पदाधिकारी कंचन सिंह ने कहा कि बच्चों को छात्रवृत्ति में जो परेशानी कई प्रमाण पत्र नहीं बने होने को लेकर आती है। जिसे लेकर शिविर के माध्यम से उसे पूरा कराया जा रहा है। वही प्रमाण पत्र बनाने को लेकर बच्चों के साथ-साथ माता-पिता भी परेशान दिखे।

# कार्यकर्ता गांव के विकास के लिए ग्राम सभा का आयोजन करें : चैतु उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु जिला अध्यक्ष चैतु उरांव सिसई प्रखंड के लालमाटी, कुसुमटोली, जामपानी, नगर गुनाटोली गांवों का भ्रमण कर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात किया। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं के मेहनत से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जित दिलाया है मैं आप सभी को जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देता हूं। सभी लोगों को संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत जागरूक करते हुए कहा कि आप सभी समय-समय पर कांग्रेसी कार्यकर्ता ग्रामीणों के साथ बैठकर अपने एवं गांव के विकास हेतु ग्राम सभा के माध्यम से अपने गांवों का कार्य योजना तैयार कर संबंधित विभाग को एवं पदाधिकारी को समर्पित करें। जिससे की गांव का सर्वांगीण विकास हो पाए साथ ही साथ समय-समय पर अपने गांव क्षेत्र में क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हो और ग्रामीणों की समस्या को निराकरण हेतु आवश्यक पहल करे। ग्रामीणों द्वारा अपने समस्याओं से अवगत कराते हुए बतलाया कि सिसई प्रखंड के विभिन्न गांव में ऑनलाइन जमीन संबंधित एंट्री नहीं हो पाया है जिसे विशेष संज्ञान में लिया गया। बैठक में विशेश्वर मुंडा, बिहारी भगत, तरुण गोप, देवा साहु, रवि उरांव, बन्दी उरांव, शिबु उरांव, भदवा उरांव, गोयंदा उरांव,शनिचर उरांव, महेश्वर उरांव, कर्मा उरांव, दिनंबधु उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## बालू भंडारण मामले में चार पर प्राथमिकी दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू भंडारण और व्यापार को लेकर खनन विभाग द्वारा गुमला थाना अंतर्गत जोलो कुटमा और मुरकुंडा क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन व बालू भंडारण को लेकर चार लोगों के विरुद्ध गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया कि कुटमा जोलो पुल के समीप अवैध रूप से करीब 40 हजार घन फिट बालू भंडारण किया गया है। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर बताया गया कि सुभाष जायसवाल, आनंद जायसवाल, छोटेलाल जयसवाल और अनूप जायसवाल ग्राम कुटमा जिला गुमला के द्वारा अवैध रूप से बालू भंडारण किया गया है। इनके पास उक्त स्थल का बालू भंडारण से संबंधित कोई भी चालान या कागजात नहीं है। जो पूर्णतः अवैध है

## गरम दाल से झुलस कर मासूम घायल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत डुम्बो गांव निवासी 1 वर्षीय आरुषि उरांव पिता सुबोध उरांव बुधवार को गर्म दाल में झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद तत्काल परिजन सदर अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में उसका चेहरा व छाती जल गया है। जानकारी के मुताबिक घायल बच्चे की मां घर में खाना पका रही थी वहीं गरम दाल आग से निकाल कर नीचे रखी थी। तभी बच्ची घसीटते हुए आई और गरम दाल में हाथ मार दी। जिससे दाल छलक गया और बच्ची झुलस कर गंभीर रूप से जख्मी हो गयी।

## दिव्यांग बच्चों का सम्मान सर्वोपरि : कंचन सिंह




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा शिक्षा विभाग द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को दिव्यांग बच्चों के जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर का शुभारंभ चैनपुर अनुमंडल भूमि सुधार उपसमाहर्ता कंचन सिंह, बीडीओ दिनेश कुमार और दिव्यांग बच्चों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र के कोई विद्यालयों से आए 3 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिब्यांग बच्चों का जांच किया गया। इसके साथ ही पूर्व सर्वे में किये गये दिव्यांग बच्चों के उपकरण का वितरण भी किया गया। जिसमें शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों के कैलीपर, नही सुनाई देने पर कान में लगाने वाली मशीन, ब्रायन लिपि, दिब्यंग रिक्सा वह अन्य कोई उपकरण का वितरण किया गया। मौके पर चैनपुर भूमि सुधार उपसमाहर्ता कंचन सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों का सम्मान सर्वोपरि है बच्चों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है। बच्चों के बीच उपकरण मिलने से बच्चे इसका उपयोग कर सकेंगे। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि जांच शिविर होने से दिव्यांग बच्चों की पहचान होती है और उन्हें लाभान्वित करने के लिए हर दिशा में पहल की जाती है। वही शिविर में जांच के माध्यम से कई दिव्यांग बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने बीपीओ पुष्पा टोप्पो, सूरज कुमार, अमित केसरी, विजय, कमल कुमार, तृप्ति कुमारी, विजय कुमार सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' प्रेरणादायक पहल : विमला

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम की शुरूआत आज जिला कार्यालय में वृक्षारोपण कर की गयी। कार्यक्रम शामिल होते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की एक पेड़ मां के नाम एक नई और प्रेरणादायक पहल है इसका उद्देश्य मातृत्व के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत लोग अपनी माता के नाम पर एक पेड़ लगाते हैं जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि माता के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करने का एक सुंदर तरीका भी है। इसकी शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा किया गया जिसे देश में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम बनाने का निर्णय लिया गया। वहीं कार्यक्रम संयोजक बसंत नारायण मांझी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यक्रम है जहां देश के सभी मंडलों में भाजपा कार्यकताओं द्वारा पौधे वृक्ष लगाए जाएंगे एवं वृक्ष लगाते हुए अपने मां के साथ सेल्फी ली जायेगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, कार्यक्रम सहसंयोजक राकेश रविकांत, एवं गजानंद बेसरा, दीपक पुरी, सतीश पांडेय, अनुप प्रसाद, नवीन सिंह उपेंद्र श्रीवास्तव, उत्तम केरकेट्टा मौजूद थे।

# किसानों को नहीं मिल रहा बीज बढ़ी परेशानी : भूषण भगत



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव टीम गुमला सदर के बेलगांव तेलंगाव हसलता, अम्बटोली उररू गावं का दौरा किया। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने कहा बताया कि सरकार द्वारा किसानों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने का प्रयास भले ही किया जा रहा हो, लेकिन शासन के ही नुमांइदे किसानों तक योजनाओं को पहुंचाने में विफल हो रही है जिसके चलते किसान परेशान है। विभागों के द्वारा किसानों को बीज उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन बीज का लाभ किसानों तक नहीं पहुंचा। विभाग के द्वारा बीज वितरण किया गया, लेकिन किसानों को नहीं मिला है। प्रचार-प्रसार के अभाव में किसान महंगे दामों पर बीज खरीद कर बुआई करने की तैयारी कर रहे है। बेलगांव निवासी किसान दहिया देवी का कहना है कृषि विभाग के द्वारा बीज उपलब्ध नहीं कराया न ही जानकारी है दी। जिसके चलते मंहगे बीज खरीद कर खेती करने की तैयारी कर रहे हैं। मौके मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातुन, नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा, नगर सचिब ज्योति ग्लोरिया कुजूर, सूरज कुमार, शिव कच्छप, बलदेव भगत उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों का आधार कार्ड और बैंक खाता खोलने के लिए शिविर लगा



**भरनो (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को ब्लॉक परिसर में शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार स्कूली छात्र-छात्राओं का जाति आवासीय, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक खाता खोलने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिलने में किसी प्रकार का बाधा उत्पन्न ना हो। जिसमें मुख्य रूप से बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक ने स्टॉल लगाया था। प्रखंड के सभी कर्मी, शिक्षा विभाग के सभी कर्मी एवं अपने विद्यार्थियों को लेकर आए शिक्षक एवम नोडल अधिकारी एलआरडीसी राजीव कुमार, अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह भी मुख्य रूप से शिविर में उपस्थित थे।

## भरनो पुलिस ने सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान



**भरनो (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत अमलिया गांव में थाना प्रभारी कंचन प्रजापति और एसआई मंटू चौधरी के नेतृत्व में पुलिस सभा का आयोजन किया गया। जिसमे सामुदायिक पुलिसिंग के तहत अमलिया मे जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने गांव के लोगो को नशा पान, डायन बिसाही, अंधविश्वास, मानव तस्करी, साइबर क्राइम, बाल विवाह, ट्रैफिक रूल्स के बारे मे विस्तार पूर्वक बताते हुए जागरूक किया।

# किशोर और कन्या भारती के नवनिर्वाचित सदस्यों को विद्यालय में शुभकामना दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में किशोर भारती और कन्या भारती के नवनिर्वाचित अधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया गया। वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में किशोर भारती और कन्या भारती के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण विद्यालय के वंदना सभा में कराया गया। ज्ञात हो कि किशोर भारती और कन्या भारती के छह-छह पदों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से बैलट पेपर द्वारा चुनाव कराया गया था। दोनों ही वर्ग के चार-चार पदों में शिवाजी दल का कब्जा रहा। किशोर भारती के लिए हुए चुनाव में 243 वोट पाकर भैया आर्यन बड़ाईक अध्यक्ष चुने गए । 177 वोट पाकर भैया गगन मांझी उपाध्यक्ष चुने गये। 177 वोट पाकर भैया विवेक बड़ाईक मंत्री तथा 192 वोट पाकर भैया राहुल सिंह सह मंत्री चुने गए। 171 वोट पाकर भैया सुरेश बड़ाईक सेनापति तथा 178 वोट पाकर भैया अंकित प्रसाद सह सेनापति चुने गए। कन्या भारती के लिए हुए चुनाव 204 वोट पाकर बहन तुलसी कुमारी अध्यक्ष चुनी गयी। 166 वोट पाकर बहन राशि कुमारी उपाध्यक्ष , 169 वोट पाकर बहन ममता सिंह मंत्री, 241 वोट प्राप्त कर बहन मनीषा सुरीन सेनापति तथा 167 वोट पाकर बहन सावित्री मांझी सह सेनापति निर्वाचित हुई । प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने नवनिर्वाचित सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा पूर्वक पालन करने का संकल्प दिलाया । इस अवसर पर उन्होंने सभी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

## छात्रवृत्ति भुगतान शिविर में 162 बच्चों ने लिया भाग

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केन्द्र में आदिवासी कल्याण आयुक्त झारखंड सरकार के निदेशानुसार एसटी, एससी व ओबीसी वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान के निमित आयोजित तीन दिवसीय शिविर के पहले दिन प्रखंड क्षेत्र के कुल 29 विद्यालयों के 162 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में 10 वर्ष से कम उम्र के 24 छात्रों का बैंक खाता, 10 वर्ष से ऊपर के 5 छात्रों का बैंक खाता, आधार कार्ड के 25 आवेदन आंनलाईन, जन्म प्रमाण पत्र के लिए 130 आवेदन पत्र वितरण किया गया वहीं 4 फार्म जमा किया गया।

## सीताराम ने जहरीला पाउडर खाया, गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बड़का डीह निवासी 45 वर्षीय सीताराम उरांव ने बुधवार की रात दीमक मारने वाला पाउडर का सेवन कर लिया। स्थिति खराब होने पर उसे तत्काल सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक व्यक्ति गुमला बाजार गया था वहीं से उसने दीमक मारने वाला पाउडर खरीद लिया। घर आकर उसने उसका सेवन कर लिया हालांकि घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

## धान व्यापारी से 60 हजार रुपये की लूट

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के हेसाग गाँव से पहले जंगल में गुमला के धान व्यापरी मुकेश कुमार गुप्ता से चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर 60 हजार रुपये लूट लिए और जंगल की ओर भाग गये। मिली जानकारी के अनुसार मुकेश अपने एक सहयोगी के साथ गुमला से स्कूटी में बांसडीह, हेसाग, कांसीर मार्ग से चैनपुर बाजार जा रहे थे। इसी क्रम में अपराह्न 10 बजे के आसपास यह लूट की घटना हुई। इधर व्यापारी ने रायडीह थाना में अज्ञात चार अपराधियों के विरुद्ध 60 हजार की लूट संबंधी मामला दर्ज कराया है।

### पंचायत यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ता राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर जाकर बतायेंगे

# दो नाव की सवारी छोड़, इमानदारी से मैदान में उतरें और लोगों की मदद करें : बिट्टू पाठक

**पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में पदाधिकारियों एवं प्रखंड अध्यक्षों की बैठक में जिला अध्यक्ष ने दी चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



पार्टी के जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय सभागार में जिला पदाधिकारी एवं प्रखंड अध्यक्ष की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक और संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई। पलामू जिला के सभी पांच विधानसभा सीट पर जीत सुनिश्चित करने को लेकर सभी को जिम्मेवारी सौंपी गयी। बैठक में आठ प्रस्ताव को सभी पदाधिकारी ने समर्थन किया। सभी प्रस्ताव को प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष रखा जाएगा। बैठक में बिट्टू पाठक ने कहा कि पंचायत यात्रा के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं को कार्यकर्ता घर-घर जाकर बतायेंगें। कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों में जुट जायें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कुछ ऐसे लोग भी हैं जो दो नाव पर सवारी करना चाह रहे हैं। पर उन्हें ऐसा करने का अब मौका नहीं मिलेगा। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। जो भी चुनाव लड़ने के इच्छुक है वैसे उम्मीदवार से कहेंगे कि घर ना बैठे। मैदान में संघर्ष करें। राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर बताने का काम करें। जिले की मूलभूत समस्याओं पर मुखर होकर समाधान करवाएं, क्योंकि प्रदेश में हमारी सरकार है। हम सभी का कर्तव्य बनता है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी जिले के मूलभूत समस्याओं को लेकर कांग्रेस पदयात्रा कर मुख्यमंत्री के नाम डीसी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में पूर्व प्रत्याशी सज्जाद खान, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, सतनारायण तिवारी, संतोष चौबे, सुधीर चंद्रवंशी, सुरेश पाठक, गिरजा राम, मसूर अहमद खान सत्येंद्र सिंह, शंकर पांडे, सुधीर चौबे, मिथिलेश कुमार सिंह, अरविंद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विनोद पाठक, संतोष गुप्ता, अशोक पासवान, रुद्र शुक्ला, रिंकू सिंह, मीर खुर्शीद, सच्चिदानंद शुक्ला, रामानंद पांडे और परवेज आलम आदि उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं के साथ उनके परिवार भी सम्मान के हकदार: अरुणा शंकर

### कार्यकर्ताओं ने कहा- पहली बार किसी ने घर आकर सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने गुरुवार को पलामू लोकसभा अंतर्गत डाल्टनगंज विधानसभा में में भाजपा के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एवं शहरी क्षेत्र में आठ प्रतिशत वोट बढ़ाने के साथ ही भारी मतों से पलामू सांसद वीडी राम को विजयी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को 'आपका सम्मान आपके द्वारा' कार्यक्रम के तहत पोलपोल जाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी एवं सतबरवा जाकर मंडल अध्यक्ष विजय पाठक एवं उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अरुणा शंकर ने कहा कि जितनी मेहनत हमारे कार्यकर्ता अपने घर के काम को छोड़कर पार्टी के लिए करते हैं। उनकी गैरमौजूदगी में घर का कार्य परिवार के दूसरे सदस्य को भी करना पड़ता है। इसलिए सम्मान के भागीदार जितना पार्टी के कार्यकर्ता है उतना ही परिवार के सदस्य भी हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं बूथ स्तर तक जाऊंगी और एक-एक कार्यकर्ता को सम्मानित करूंगी, क्योंकि कोई भी पार्टी कार्यकर्ताओं की बदौलत ही चुनाव लड़ती और जीतती है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं जल्द गांव-गांव जाकर चौपाल भी लगाऊंगी, ताकि गांव की समस्या को प्रशासन तक पहुंचा सकूं। वहीं, कार्यकर्ताओं ने प्रथम महापौर के इस पहल की काफी सराहना की। कहा कि पहली बार हम कार्यकर्ताओं को हमारे घर आकर इतना सम्मान परिवार और समाज के सामने मिल रहा है। जिसके लिए प्रथम महापौर बधाई की पात्र हैं।

# प्रखंड कार्यालय से कोई भी ग्रामीण निराश होकर नहीं लौटे : विधायक




आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने लोगों की समस्या को देखते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समीक्षा बैठक की। जिसमें बीडीओ अरुण कुमार मुंडा, सीओ राजकुंवर सिंह सहित कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान विधायक ने आमजनों को परेशान करने के बजाय अधिकारियों को सहयोगात्मक रवैया अपनाने का निर्देश दिया। विधायक ने बीडीओ और सीओ से कहा कि सुनिश्चित करें कि कोई भी ग्रामीण प्रखंड कार्यालय से निराश होकर ना लौटे। इस दौरान कार्यकर्ताओं की शिकायत और व्याप्त लापरवाही को लेकर वृद्धापेंशन ऑपरेटर उज्जवल सिंह को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने को कहा। उन्होंने कहा कि लोगों की सभी योजनाओ की जानकारी अवश्य दें, ताकि जरूरतमंदों को उसका लाभ मिल सके। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, लाला यादव, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, सुनील प्रसाद गुप्ता, रंजय ठाकुर, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, कमेश यादव, रोशन सिंह, मुखिया प्रदुमन सिंह, मिंटी वर्मा आदि मौजूद थे।

# वज्रपात से महिला की मौत, पिता-पुत्री गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के बनियाडीह बराही पंचायत के खरडीहा गांव के समीप गुरुवार की शाम पांच बजे तेज बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गईं। जबकि उसके पति रामदयाल सिंह और दो साल की बच्ची गंभीर रूप घायल हो गई। जानकारी के अनुसार तीनों बाइक पर सवार होकर दंगवार से अपने घर खरडीहा लौट रहे थे। तभी बूंदाबांदी के साथ वज्रपात होने लगा। जिसकी चपेट में आने से कुसुम देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल रामदयाल सिंह और उनकी बेटी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। उधर, इसकी सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस के एसआई टी मन्नान अस्पताल पहुंच गये और शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। दूसरी ओर, घटना के बाद से गांव में गम का माहौल है।

# अभ्यर्थियों के लेखा व्यय की जांच 30 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 परिणाम आने के 26वें दिन एकाउंट रेकांशलिशन मीटिंग आयोजित की जानी है। इसी क्रम में चतरा समाहरणालय के सभाकक्ष में 30 जून की सुबह 11 बजे चतरा लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों का लेखा व्यय का जांच किया जायेगा। इसमें शामिल होने को लेकर चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने चतरा लोक सभा क्षेत्र से चुनाव में भाग ले चुके कुल 22 प्रत्याशियों से बैठक में शामिल होने को लेकर अनुरोध किया है।

# हरही नदी को अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के हरही नदी को अतिक्रमण मुक्त व सुंदरीकरण की मांग को लेकर झामुमो नेता मुन्ना कुमार देव की अगुवाई में एक शिष्टमंडल ने हुसैनाबाद एसडीओ, सीओ व नगर पंचायत को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि शहर से सटे हरही नदी की गहरीकरण एवं सुंदरीकरण की जरूरत है। ताकि जल संचयन किया जा सके। जो शहर के लिये लाभकारी साबित होगा। इस नदी का अस्तित्व मिटता जा रहा है। नक्सा के अनुरूप इस नदी को बचाने की दिशा में पहल करने की मांग की गयी है। इसकी प्रतिलिपि झारखंड सरकार के स्वच्छता व पेयजल मंत्री व पलामू डीसी को भी दी गयी है। वहीं, ज्ञापन देने वालों में पूर्व पार्षद नजीर अहमद, विक्टर वेंगरा, प्रदीप पटेल, शक्ति पासवान आदि मौजूद थे। उन्होंने हुसैनाबाद के युवाओं से भी इस मुद्दे पर आगे आने का आह्वान किया है।

# महुदा स्टेशन का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

**भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं महुदा नागरिक संघ ने सभी बंद ट्रेनों को पुनः चालू करने को लेकर सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता


दपूरे महाप्रबंधन अनिल कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता प्रदीप सिंह।

**महुदा।** दक्षिण पूर्व रेलवे (दपूरे) के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा गुरुवार की शाम सभी विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ महुदा स्टेशन पहुंचे। जहां रेलवे मेंस यूनियन की ओर से बुके देकर स्वागत किया गया। रेल महाप्रबंधक ने महुदा स्थित रनिंग रूम, क्रू लॉबी व स्टेशन परिसर में मौजूद यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान वे क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम में उपस्थित लोको पायलट से संरक्षा से जुड़े विविध पहलुओं से अवगत हुए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रनिंग रूम में उपस्थित सुविधाओं एवं स्वच्छता का भी जायजा लिया एवं कर्मचारियों से इस संबंध में फीडबैक भी लिया। वहीं कुछ खामियों को जल्द ही दुरुस्त करने का निर्देश भी दिया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो एवं महुदा नागरिक संघ सह रेलवे उपभोगता सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य प्रदीप कुमार सिंह ने महुदा रेलवे स्टेशन पर पूर्व की तरह नंदनकानन एक्सप्रेस, आसोनसोल-भागा सवारी गाड़ी आद्रा-खानुडीह सवारी गाड़ी, हटिया-पटना सुपरफास्ट एवं पुरुषोत्तम, आनंद बिहार हल्दिया एक्सप्रेस, खड़गपुर-गोमो, चक्रधरपुर गोमो एवं हावड़ा-बोकारो पेसेन्जर ट्रेन, हावड़ा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, शलिमार गोरखपूर सपताहिक, सांतरागाछी आनंद बिहार, संपर्क क्रांति भुवनेश्वर-नई दिल्ल राजधानी भुवनेश्वर नई दिल्ली, दुरंतो एक्सप्रेस आदि ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर एक त्रापन सौंपा। इस दौरान महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जनप्रतिनिधियों की ओर से जो मांग पत्र दिया गया है, उस पर रेलवे बोर्ड कार्रवाई करेंगी। ट्रेनों के ठहराव पर कहा कि ट्रेनों का ठहराव रेल मंत्रालय की ओर से निर्धारित किया जाता हैं। सेल के हिसाब से उस पर भी जांच कर पहल की जाएगी। अगर यहां पर ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं हुआ है तो इस संबंध में रेलवे बोर्ड में चर्चा की जाएगी और जल्द ही लोगों के सभी समस्याओं का समाधान होगा। मौके पर डीआरएम सुमित नुरुला, सीनियर डीइन प्रेम प्रकाश, एडीएन वीके पाण्डेय, चीफ डिटीआई एके सिंह, चीफ यार्ड मास्टर, एससी राय, एसएमआर आरके चौधरी, इंस्पेक्टर सीआईबी मिर्जा गालिब आदि मौजूद थे।

# भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात, दिया मदद का भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नप के वार्ड 17 व 18 में तीन अलग-अलग जगहों पर मारे गए लोगों के परिजनों से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। बतातें चलें कि नप के वार्ड 17 सोरडीहा निवासी सुमित्रा देवी और बारमाती देवी की मौत लंबी बीमारी के कारण हो गई थी। जबकि वार्ड नंबर 18 के नावाडीह कला निवासी रामवृक्ष पासवान का भी निधन पिछले दिनों लंबी बीमारी के कारण हो गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी गुरुवार को तीनों मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद करते हुए हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, इसरार हवारी आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



**दक्षिण अफ्रीका टीम मे गुरुवार को सेमिफाइलन में अफगानिस्ताल को नौ विकेट से हराकर आइसीसी टी20 से फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही अफ्रीकी टीम ने अपने उपर लगे चोकर्स के दाग को भी मिटा दिया।**

# अफगानिस्तान को हराकर साउथ अफ्रीका पहली बार पहुंची वर्ल्ड कप के फाइनल में

### सात बार सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद मिटाया चोकर्स का दाग

**फाइनल मुकाबला 29 जून को बारबाडोस में खेला जाएगा**



**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ नौ विकेट से पहला सेमीफाइनल मैच जीतकर फाइनल में जगह बना ली। इसी के साथ टीम ने खुद पर लगे चोकर्स के दाग को मिटा दिया। यह पहला मौका है जब अफ्रीकी टीम किसी वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है। फाइनल मैच 29 जून को बारबाडोस में खेला जाएगा। 32 साल में पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है। इससे पहले सेमीफाइनल में टीम आठ (1992, 1999, 2007, 2009, 2014, 2015, 2023, 2024) बार पहुंची जहां उन्हें छह बार हार का सामना करना पड़ा। वहीं, 1999 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया एक मैच टाई हो गया था। बतातें चलें कि पहले सेमीफाइनल मुकाबले में गुरुवार को अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीता। त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम की पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान की टीम ने इस वर्ल्ड कप का सबसे छोटा स्कोर बताते हुए 56 रन पर ऑलआउट हो गई। जिसे साउथ अफ्रीका ने एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन बनाए। वहीं, मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार 3 ओवर में 3 विकेट लेने वाले मार्को यानसन बने।

## श्रीलंका के हेड कोच सिल्वरवुड व सलाहकार कोच जयवर्धने ने दिया इस्तीफा

**श्रीलंका (एजेंसी)।** श्रीलंका के हेड कोच क्रिस सिल्वरवुड ने हेड कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। सिल्वरवुड अप्रैल 2022 से इस पद पर थे। एसएलसी ने अप्रैल में उनका कार्यकाल मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप तक बढ़ा दिया था। वहीं पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी बुधवार को सलाहकार कोच का पद छोड़ दिया है। वानिंदु हसरंगा की कप्तानी वाली श्रीलंकाई टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के पहले ही राउंड से बाहर हो गई थी। उसे बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका से हार मिली। इस अवसर पर इंग्लैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा कि 'इंटरनेशनल कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने व परिवार के साथ समय बिताने का फैसला लिया हूं।

# देश की पहली भूमिगत खदान में गेसिफिकेशन पायलट प्रोजेक्ट का किया गया शुभारंभ : संजय

आजाद सिपाही संवाददाता




**झरिया।** डिगवाडीह सिंफर के आदित्यनाथ लहरी सभागार में सीएसआईआर-सीआईएमएफआर ने गैसीकरण देख भाल 2024 में चुनौतियों एवं अवसर विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का गुरुवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीसीसीएल के तकनीकी निदेशक संजय सिंह ने कहा कि देश में पहला झारखंड में भूमिगत खदान में गेसिफिकेशन पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया है। यह प्रजेक्ट जमीन पर उतरने के बाद झारखंड में रोजगार के अवसर के अलावा प्रदूषण रहित ऊर्जा का संचार हो जाएगा। कहा कि खदान में ही कोयले से तीन गैस कार्बन मोनोऑक्साइड, हाइड्रोजन से ऊर्जा तैयार किया जाएगा। कैमिकल मिथिलोन से डीजल पैट्रोल भी बनाए जा सकते है। वहीं, संस्थान के निदेशक डॉ अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि 2070 तक शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने की दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया, जो भारत के सतत विकाश के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य है। उन्होंने उच्च राख वाले कोयले के लिए स्वदेशी तकनीकी के विकाश पर चर्चा करते हुए कहा कि रसायनिक रूपांतरण मार्गों और कार्बन पृथककरण तकनीकों के लिए सीओ 2 की आवश्यकता है।

वहीं, वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रकाश डी चव्हाण ने कहा कि 1970 में सिंदरी सहित कई जगहों में गेसिफिकेशन पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया था। जो कोयले की गुणवत्ता एवं वैज्ञानिकों के बीच तालमेल के अभाव के कारण फेल हो गया। पर आज वैसी स्थिति नहीं है। पायलट प्रजेक्ट सफलतापूर्वक कार्य कर देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करेगा। इस अवसर पर सूजन साहा, स्टील मंत्रालय के युवा वैज्ञानिक आयुष राज सिन्हा, डॉ पीके बनर्जी आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। वहीं, कार्यशाला का संचालन डॉ आरती साहू और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुदीप्तो दत्ता ने किया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 जून, 2024
www.azadsipahi.in


**बैठक : जिले से गुजर रही राष्ट्रीय राजमार्गों के डिवाइडर पर पौधरोपण करना का दिया निर्देश**

# चास शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उठायें ठोस कदम : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी विजया जाधव ने की। जिसमें बेरमो एवं चंदनकियारी के विधायक प्रतिनिधि, डीडीसी संदीप कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, चास के अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानिया, चास अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक में डीसी विजया जाधव ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की। जिला परिवहन पदाधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में दिए निर्देशों का अनुपालन किया गया है। इस दौरान डीसी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभियंताओं को जिले से होकर गुजर रही राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडरों पर अभियान चलाकर पौधरोपण करने का निर्देश दिया। वहीं, जिला परिवहन पदाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग मोड़, रितुडीह, सिवनडीह, दांतु बाजार, बहादुरपुर चौक एवं पेटरवार चौक के पास मुख्य सड़क पर अतिक्रमण से सड़क दुर्घटना होने की बात रखी। जिस पर डीसी ने एनएच, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, सीओ और थाना प्रभारी आदि के साथ समन्वय बनाकर अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही, बालीडीह-राधानगर आदि क्षेत्रों से गलत दिशा से मालवाहक वाहनों के परिचालन से हो रही परेशानी-दुर्घटना पर भी चर्चा करते हुए जरूरी निर्देश दिया। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को मुआवजा से संबंधित लंबित आवेदनों को त्वरित निष्पादन करने एवं आइआरएडी पोर्टल पर लंबित ऑनलाइन इंट्री को जल्द पूर्ण करने को कहा। पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना से संबंधित एफआइर का लंबित दस्तावेज जल्द संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। समीक्ष क्रम में स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य केंद्रों में खराब पड़े एवं तकनीशियन के अभाव में बंद एक्स-रे सेवा का प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। वहीं, सड़क दुर्घटना में मृत लोगों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने को कहा। सभी स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक/आपात उपचार की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग को विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। ट्रैफिक पुलिस को वाहन जांच का सप्ताहिक कैलेंडर तैयार कर प्रतिदिन तीन स्थानों पर वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। वहीं, चास शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। समिति के समक्ष जिला परिवहन पदाधिकारी वंदन शेजवलकर ने परिवहन विभाग द्वारा जनवरी से मई 2024 तक हुए सड़क दुर्घटना में की गई कार्रवाई, उत्पाद विभाग द्वारा चलाएं गए अभियान एवं पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से चलाएं गए वाहन जांच अभियान से वसूले गए जुर्माना राशि से अवगत कराया। मौके पर संबंधित एवं विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, बीएसएल के प्रतिनिधि, सड़क सुरक्षा की टीम आदि उपस्थित थे।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करतीं बोकारो डीसी विजया जाधव।

## सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो थाना अंतर्गत सीसीएल ढोरी के एएडीओसीएम (अमलो) कांटा के पास नावाडीह-फुसरो मुख्य सड़क पर बाइक सवार ने एक महिला को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। उनकी पहचान जीरा देवी के रूप में हुई है, जो कल्याणी की रहने वाली है। वह अमलो परियोजना में मजदूरी करती है। गुरुवार की सुबह सड़क पार कर रही थी तभी बाइक सवार ने टक्कर मार दी।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING,**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**
**NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002**
**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**

**Letter of Invitation (LOI) No.-07/2024-25**
**2nd Call**
**e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/07/2024-25 Date:-25.06.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Reconstruction/ Widening & Strengthening of Road from (1)Moktama to Kari Road (Tentative Length 03k.m.) (2) Jori to Pratappur Headquarter via Sardam, Raksi, Yogiyara, Mairag (Tentative length 18k.m.) (3) Kedli Bridge to Dumaria Pundri Road (Tentative length 12k.m.) including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Chatra in the Stateof Jharkhand. *Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 33.00 km |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 42,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Perothen Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 28.06.2024,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 06.07.2024 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 06.07.2024 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 08.07.2024 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677. |
| 13 | PR. No. | 327039 Road(24-25):D |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi.

PR 327846 Road(24-25)D


## आभा वीरेंद्र अकिंचन और रुचि कुजूर का धनबाद दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य आभा वीरेंद्र अकिंचन और रूचि कुजूर ने धनबाद जिले का दौरा किया। सर्वप्रथम परिसदन में आभा वीरेंद्र अकिंचन और रूचि कुजूर की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें पिछले दिनों नाबालिक से सामूहिक दुष्कर्म, उसकी शारीरिक यातना के साथ ही लापता बच्चे से संबंधित मामले के निपटारे, बाल नशा के रोकथाम, नशीली पदार्थो की बिक्री के मानको का पालन, शराब दुकान में नाबालिक का रोकथाम, नशापान के हानि, उसके लिए जागरूकता अभियान में तेजी जाने आदि की जानकारी लेते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को कई अन्य निर्देश दिये गये। इसके बाद झारखण्ड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित धनबाद स्कूल की जिला स्तरीय टीएलएम मेला में स्टाल का निरीक्षण किया। जिसमें पूर्वी टुंडी, बाघमारा, निरसा, गिविंदपुर, बलियापुर, झरिया के प्रखंड संसाधन केंद्र द्वारा आकर्षक वेस्ट मटेरियल को प्रयोग करते हुए पढ़ाई मटेरियल बनाया था, जिसमें बच्चे रूचि पूर्वक ध्यान दे रहें थे। इसके बाद सरायढेला स्थित बाल सुधार गृह जाकर पीड़िता से मिल कर उससे जानकारी प्राप्त की। मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार, सीडब्ल्यूसी सदस्य ममता अरोरा, डीएसपी (लॉ एंड आर्डर) दीपक कुमार आदि मौजूद थे।



टीएलएम मेले का निरीक्षण करती आभा वीरेंद्र अंकिचन व रूचि कुजूर।

## डीसी ने किया बेलगड़िया टाउनशिप का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा ने 2024 को जेआरडीए के अधिकारियों के साथ झरिया मास्टर प्लान के तहत विस्थापितों के लिए बनाए गए बेलगड़िया टाउनशिप और वहां रह रहे विस्थापितों के लिए बनाए गए आवास का भी निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने बेलगड़िया टाउनशिप की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। वहीं, जेआरडीए के महाप्रबंधक द्वारा जेआरडीए की एसओपी, शिफ्टिंग की अद्यतन स्थिति, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्किल डेवेलपमेंट सेंटर की अद्यतन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, आवंटन एवं स्थानांतरण, टाउनशिप एरिया के विकास, जमीन संबंधित समस्याएं, हाई रिस्क साइट्स, आवंटन, पुवर्नास, प्रपोज इंफ्रास्ट्रक्चर, लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की सत्यापन स्थिति समेत कई बिंदुओं पर हुए प्रगति से डीसी को अवगत कराया। वहीं, डीसी ने इससे संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द शिफ्टिंग एवं विकास से संबंधित कई आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर महाप्रबंधक जेआरडीए देवेंद्र माहापात्रा आदि मौजूद थे।




**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(विकास शाखा)**
**E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com,Phone No. 06524-222209 , Fax No. 06524-222209**

**अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

विधायक मद से विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत गुमला, घाघरा एवं विशुनपुर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों (विद्यालयों) में छात्रों के ज्ञानोपार्जन एवं उनके बौद्विक विकास हेतु पुस्तकों के क्रय/आपूर्त्ति हेतु इच्छुक निविदादाताओं (प्रतिष्ठित प्रकाशकों/अधिकृत विक्रेताओं) से दिनांक 05.07.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदादाता अनुश्संसित पुस्तकों की विवरणी एवं निविदा से संबंधित अन्य शर्ते गुमला जिला के वेवसाईट https://gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

दिनांक 05.07.2024 के अपराह्न 03.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,गुमला

PR 327881 Rural Development(24-25).D


महत्वपूर्ण न्यूज

## डॉन बास्को स्कूल में स्वस्थ शिविर लगा कर हुई छात्रों के स्वास्थ की जांच



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** सीबीएससी से मान्यता प्राप्त रामकनाली स्थित डॉन बास्को स्कूल में तीन दिवशीय शिविर लगा कर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। बच्चियों को स्वक्षता व उनमें होने वाले बदलाव के बारे में अवगत कराया गया। स्कूल के प्रबंध निदेशक सोनू सूद ने बताया कि स्कूल में तीन दिवशीय शिविर लगाया गया. जिसमें डॉक्टर आरएन सिंह ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की और एल केजी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चियों को गुड़ टच बैड टच के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि मेरी उपस्थिति में क्लास 5 से क्लास 8 के बच्चियों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता, उनमें होने वाले बदलाव व स्वक्षता के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा एक से 10वीं कक्षा तक के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार मसलन ओरल स्वक्षता, फर्स्ट एड, मेंटल हेल्थ, हेल्दी ईटिंग हैबिट, आउट व इंडोर सेफ्टी रूल्स के बारे में बताया गया। इस मौके पर वाइस चेयरमैन हरमीत सैनी, आर भादुड़ी, सुमित कुमार, सावित्री हेम्ब्रम, जया सिंह, एलके मालाकार आदि थे।

## जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन: बलदेव वर्मा



**कतरास/धनबाद (आजाद सिपाही)।** राजस्व गांवों में पानी की समूचित व्यवस्था करने सहित छह सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को भाकपा माले ने बाघमारा प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना दिया। जिसका नेतृत्व कर रहे प्रखंड सचिव बलदेव वर्मा ने कहा कि लुतीपहाड़ी ग्राम पंचायत के शिशु ज्ञान मन्दिर के पास डीप बोरिंग कराकर पूरे पंचायत में पानी की व्यवस्था की योजना बनी थी। भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए तरसते रहे, लेकिन प्रशासन रथटॉड ग्राम में पानी उपलब्ध नहीं करा रहा। लुतीपहाड़ी पंचायत भवन के पास भी डीप बोरिंग है, लेकिन आज तक उससे पानी आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में टैंकर से जलापूर्ति कराने की मांग की। कहा कि डुमरा उत्तर पंचायत के तेलोटॉड में सोलर पंप का मोटर खराब है। जिस कारण जलापूर्ति बंद है। तेलोटॉड में चार चापानल पहले से दिया गया है पर सभी चापानल में पानी का स्तर नीचे चला गया है। कोल बेयरिंग क्षेत्र जयरामडीह में भी पानी की घोर किलल्त है। इन समस्याओं के निराकरण के प्रति प्रखंड स्तर पर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। कहा कि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। वहीं, बाघमारा बीडीओ सुषमा आनंद ने कहा कि ग्रामीणो ने मांग पत्र दिया है। जल्द ही समस्याओं का समाधान कर नियमित रूप से जलापूर्ति शुरू करायी जाएगी। मौके पर अशरफ आलम, मो आसिफ खान, मनोज प्रजापति, शमशाद, राजू प्रमाणिक, इरफान खान, बृजमोहन नोनियां, श्रवण चौहान आदि मौजूद थे।

## गोमिया विधायक ने 100 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया पंचायत अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप विधायक डॉ लंबोदर महतो ने 100 केबीए के विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में कोई भी ऐसा गांव नहीं होगा, जहां बिजली न पहुंची हो। इसी प्रकार बिजली की आंख मिचौनी को रोकने के लिए पुराने व जर्जर तारों एवं पोल को बदला जा रहा है। लोगों को निर्बाध गति से बिजली मिले, इसके लिए क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। बतातें चलें कि तीन दिन पहले प्लस टू हाई स्कूल के समीप का ट्रांसफार्मर जल गया था। जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना विधायक को दिया और विधायक के प्रयास से 100 केबीए का विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, मुखिया बलराम रजक, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, राजकुमार यादव, बद्री जायसवाल, बबलू कुमार, बंटी कुमार और उदय कुमार आदि मौजूद थे।

**ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के केंद्रीय परिषद समिति की बैठक**

## मांगें पूरी हुए बिना आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे : शिव गोपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के 33वीं केंद्रीय परिषद समिति की बैठक गुरुवार को धनबाद रेलवे ऑडिटोरियम में शुरू हुई। इस दिन सुबह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआइआरएफ के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा सियालदाह-राजधानी एक्सप्रेस से, जबकि ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डीके पाण्डेय एवं महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव पटना से विशेष कोच से धनबाद स्टेशन पहुंचे। जहां संगठन के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन के नेतृत्व में रेलकर्मियों ने पुष्पहार से स्वागत किया। इसके बाद आडिटोरियम प्रांगण पहुंच कर अध्यक्ष ने यूनियन के झंडे को फहराया और बारी-बारी से शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं, कॉमरेड शिव गोपाल मिश्रा सहित इसीआरकेयू के केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा पंचदीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत की गई। बैठक की अध्यक्षता डीके पाण्डेय और मंच संचालन मो ज्याऊद्दीन ने किया। जिसमें सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने सहयोग किया। सुमन गिरी और सोमा ने स्वागत एवं देशभक्ति गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव ने वर्तमान समय में राजनीतिक परिदृश्य और रेलकर्मियों की विभिन्न मांगों पर चल रहे आंदोलन की अद्यतन जानकारी रखी। वहीं, शिव गोपाल मिश्रा ने बैठक में रेलकर्मियों के लिए पुराने पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग के गठन, रेलवे आवासों के मरम्मती सहित विभिन्न मांगों पर विस्तृत जानकारी रखी। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलकर्मियों की मांगों को पूरा किए बिना किसी भी कीमत पर वे लोग पीछे नहीं हटेंगे। आंदोलन चलता रहेगा, जबतक कि सरकार पुराने पेंशन बहाली की मांग को स्वीकार नहीं कर लेती। उन्होंने यूनियनों की मान्यता प्राप्त करने के लिए होने वाले आगामी चुनाव की तैयारी में जुट जाने का भी आह्वान किया। इसीआरकेयू के जोनल स्तर पर हुई इस बैठक में एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा, ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, संगठन मंत्री सौमेन दत्ता, नेताजी सुभाष और शाखा प्रतिनिधियों में सुनील सिंह, आरएन चौधरी, आइएम सिंह, बीके साव, बसंत दूबे, एनके खवास, आरके सिंह, पीके सिन्हा, एके तिवारी, बीबी सिंह, चंदन शुक्ल, जेके साव, महेंद्र प्रसाद महतो, एके विश्वकर्मा, विश्वजीत, राजीव, शिवजी, प्रभाकर, शंभु, परशुराम, एमके मुकेश, जफर आलम, कौशल, सुबोध, एसके पाल, मो शबीर, अजीमुद्दीन, सुरेन्द्र, अजय सिन्हा, इजहार, श्वेता, दीपा कुमारी, अजय सिंह आदि उपस्थित थे।





**झारखण्ड सरकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला**
**संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला– 835207**

E-mail ID- scogumla6@gmail.com

**सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में जलनिधि योजना अन्तर्गत परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग की योजना–
राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने के लिए मानसुन पर कृषको को निर्भरता कम कराने हेतु विभिन्न श्रोतों भूमि को सिंचित करने हेतु बहुफसली कृषि को बढ़ावा दिया जा सकता है।

कृषक/संस्था का चयत
1. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु सीमांत कृषक महिला कृषको/ईच्छुक कृषको का चयन प्राथिमिक्ता के आधार पर किया जाऐगा, जमा किये हुए आवेदन पत्र एवं जिनके द्वारा पानी पंचायत का गठन कर कृषक अंशदान की राशि खाते में जमा करा दी गयी उनको प्राथमिकता दी जायेगी।
2. जिन कृषकों को पूर्व में इस योजना का लाभ प्राप्त हो चुका है उनकी पात्रता मान्यता नहीं होगी।
3. योजना के कार्यान्यववयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी एवं ग्राम–सभा से योजना पारित होना आवश्यक है, तथा मा0 स्थानीय विद्यायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. नदी, नाले, तालाब, कुँआ या अन्य जल श्रोतो से न्यूनतम 200–300 मीटर की दूरी पर प्रस्तावित योजना स्थल का चयन हेतु उपयुक्त एवं मान्य होगा।

आवेदन पत्र की प्राप्ति
1. वित्तीय वर्ष 2024–25 में भूमि संरक्षण कार्यालय, गुमला में डी बोरिंग हेतु निर्धारित लक्ष्य 53 एवं परकोलेशन टैंक निर्माण हेतु 168 के विरूद्ध सुपात्र कृषको से विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
2. कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला (जिला संयुक्त कृषि भवन करमटाकली रोड, गुमला) से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकाता है। या विहित प्रपत्र में हस्त लिखित आवेदन पत्र भी जमा लिया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाईट www.jharkhandsoil.gov.in पर भी उपलब्ध है।

आवेदन– पत्र निम्न कागजातों के साथ विज्ञापन प्रकाशन की तिथि में पूर्ण भरा हुआ आवेदन दिनांक 10.07.2024 तक कार्यालय अवधि में भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला (जिला संयुक्त कृशि भवन करमटोली रोड, गुमला) में जमा लिया जाऐगा।
1. संबंधित योजना ग्राम–सभा से पारित होना चाहिए एवं पारित ग्राम–सभा की छाया प्रति मुखिया के द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।
2. पानी पंचायत समिति का गठन कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी/पदाधिकारी/कानीय अभियंता एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में) पानी पंचायत का गठन किया जायेगा जसका 3 रंगिन फोटोग्राफ देय होगा।
3. पानी पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की 10 प्रतिशत राशि बचत खाता में जमा करके छायाप्रति (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त हास्ताक्षरयुक्त पासबुक की छायाप्रति)।
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में (मूल प्रति) न्युनतम 12 कृषक।
5. गाँव के नक्शे पर संबंधि योजना को चिन्हीत कर नक्शे की छाया प्रति ।(ट्रेस नक्शा के साथ) संलग्न करना होगा।
6. भूमि का खेसरा संख्या के साथ यदि जमीन पूर्वज के नाम से है तो कुर्सी–नामा के साथ अपने जमीन का रकबा दिखाते हुए शपथ पत्र संलग्न करें।
7. जिस स्थल पर डीप बोरिंग/परकोलेशन टैंक निर्माण का कार्यान्वयन होगा उस रैयती भूमि का खाता सं0, प्लॉट सं0 रकबा अंचलाधिकारी द्वारा भूमि प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

योजना का स्वरूप
(1) डीप बेरिंग की योगना

| कार्य योजना | पत्रता | अनुदान की राषि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान राषि | पनी पंचायत अंषदान की राषि |
| योजना अन्तर्गत 6 ईच Dimetr deep boaring sumerseble pump 1.5 Hp आवश्यक Accoseries एवं सस्थापन (installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमांत कृषक समुहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्षन के आलोक में विविधत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा । समिति से सदस्यों के पास कलस्टर के न्युनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 53 | 3.50 लाख | 90 प्रतिषत (3.15 लाख) | 10 प्रतिषत (0.35 लाख) |

II) परकोलेशन टैंक निर्माण (मध्य एवं निचले खेत में तालाब) की योगना

| कार्य योजना | पत्रता | अनुदान की राषि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजन । लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान राषि | पानी पंचायत अंषदान की राषि |
| Length of percolation tank-120 ft Width of percolation tank-100 ft Depth of percolation tand-12 ft Side Slope-1:1 | यह योजना लघु एवं सीमांत कृषक समुहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्षन के आलोक में विविधत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति से सदस्यों के पास कलस्टर के न्युनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 168 | 4.30 लाख | 90 प्रतिषत (3.87 लाख) | 10 प्रतिषत (0.43 लाख) |

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर सम्पर्क किया जा सकता है – कार्यालय का पता– भूमि संरक्षण पदाधिकी, गुमला संयुक्त कृषि कार्यालय, गुमला। मो0– 9455387996 में सम्पर्क किया जा सकता है।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
गुमला।

PR 327855 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)D

## अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज पहुंचेगा कश्मीर

# कल बाबा बर्फानी का दर्शन करेंगे

- बालटाल-अनंतनाग बेस कैंप में रुकेंगे यात्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कश्मीर पहुंचेगा। यहां से वे उत्तर कश्मीर बालटाल और दक्षिण कश्मीर अनंतनाग बेस कैंप जाएंगे। शुक्रवार को सुरक्षा काफिले के साथ सभी तीर्थयात्री घाटी के लिए रवाना होंगे और शनिवार (29 जून) को अमरनाथ के दर्शन करेंगे। अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की शुरूआत बुधवार से हो गई है। जम्मू के एसडीएम ने बताया कि सरस्वती धाम सेंटर से ऑफलाइन टोकन दिया जा रहा है। यात्रा की शुरुआत से पहले ही साधु-संत जम्मू पहुंचने लगे हैं।

### लगे 10 हाई एंड सीसीटीवी कैमरे

एसएसपी ट्रैफिक नेशनल हाईवे रोहित बसकोत्रा के मुताबिक ट्रैफिक पर निगरानी के लिए उधमपुर से बनिहाल तक 10 हाई-एंड कैमरे लगाये हैं। इनमें उधमपुर के जाखनी क्षेत्र, दलवास, खोनी नाला, मेहर, बैटरी चश्मा, नचलाना, बनिहाल चौक, सुरंग-5, शालीगढ़ी और कटपॉइंट जैसे स्पॉट शामिल हैं। यातायात पुलिस ने अमरनाथ यात्रा के दौरान नेशनल हाइवे पर आने-जाने वाले वाहन चालकों के लिए एक सलाह भी जारी की है, जिसमें लेन ड्राइविंग पर जोर दिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर बड़ा जुर्माना लगाया जायेगा।

### 38 स्पेशली ट्रेंड रेस्क्यू टीम तैनात

जम्मू में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ के चलते यात्रा रूट्स पर सुरक्षा कड़ी सुरक्षा की गयी है। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए दोनों रूट के हाई सिक्योरिटी पॉइंट्स पर पुलिस की 13, एसडीआरएफ की 11, एनडीआरएफ की 8, बीएसएफ की 4 और सीआरपीएफ की 2 टीमों की तैनाती है।

वहीं, श्राइन बोर्ड ने पहली बार मेडिकल व्यवस्थाएं बढ़ायी हैं। बालटाल और चंदनबाड़ी में 100-100 आइसीयू बेड, एडवांस उपकरण, एक्स-रे, अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन, क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट, कार्डियक मॉनिटर, लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट से लैस दो कैंप अस्पताल तैयार किए हैं। यहां हवा में ऑक्सीजन कम रहती है, इसलिए यात्रा मार्ग पर 100 स्थाई ऑक्सीजन बूथ और मोबाइल ऑक्सीजन बूथ रहेंगे। पवित्र गुफा, शेषनाग, पंचतरणी में तीन छोटे अस्पताल होंगे।

### 6 लाख श्रद्धालुओं के हिसाब से इंतजाम

कश्मीर के डिवीजनल कमिश्नर विजय बिधूड़ी के बताया था कि इस बार हमारा फोकस यात्री सुविधा बढ़ाने पर है। पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप की ज्यादा से ज्यादा व्यवस्था की योजना बना गयी हैं। उन्होंने कहा था कि पहले पहलगाम से गुफा तक 46 किमी लंबा मार्ग 3 से 4 फीट तो बालटाल वाला रूट 2 फीट ही चौड़ा था। अब इसे 14 फीट तक चौड़ा किया गया है। पिछले बार 4.50 लाख श्रद्धालु आये थे। इस बार आंकड़ा 6 लाख तक जा सकता है।

# 9 जुलाई को मिलेगा ओड़िशा के छात्र-छात्राओं को मैट्रिक का सर्टिफिकेट, बोर्ड ने तेज की तैयारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मैट्रिक परीक्षा घोषित के दिन माध्यमिक शिक्षा परिषद डिजिटल मैट्रिक सर्टिफिकेट प्रदान कर एक नयी परंपरा शुरू की है। आगामी 9 जुलाई को एक ही दिन राज्य के तमाम छात्र-छात्राओं को मैट्रिक, मध्यमा और राज्य मुक्त विद्यालय परीक्षा का ओरिजिनल पास सर्टिफिकेट देने के लिए बोर्ड की ओर से निर्णय लिया गया है।


बोर्ड द्वारा संचालित वर्ष 2024 मैट्रिक, मध्यमा और (स्टेट ओपन स्कूल) राज्य मुक्त विद्यालय सर्टिफिकेट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ओरिजिनल पास सर्टिफिकेट 9 जुलाई को प्रदान किया जायेगा। विद्यालय के प्रधान शिक्षक या मुख्य 9 जुलाई को एक ही दिन छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट आवंटन करेंगे।

### 12 से 22 जुलाई के अंदर किया जायेगा संशोधन

अगर कुछ सर्टिफिकेट बच जाता है, तो उसे अगले दिन यानी 10 जुलाई को आवंटन किया सकेगा। यह निर्देश बोर्ड की ओर से दिया गया है। अगर किसी सर्टिफिकेट में किसी भी तरह की गड़बड़ी देखा गया, तो विद्यालय के मुख्य या प्रधान शिक्षक को वह सर्टिफिकेट दिया जायेगा। स्कूल के प्रधान शिक्षक उस सर्टिफिकेट को लेकर कटक बोर्ड कार्यालय में दाखिल करेंगे। 12 जुलाई से 22 जुलाई के अंदर उसे संशोधन किया जायेगा। इसके लिए स्कूल के अधिकारी बोर्ड कार्यालय में आवश्यक रकम जमा करने के लिए निर्देश दिया गया है, लेकिन इस तारीख के बाद किसी भी सर्टिफिकेट को संशोधन नहीं किये जाने की बात बोर्ड की ओर से स्पष्ट किया गया है।



# भुवनेश्वर के नंदनकानन प्राणि उद्यान में बाघिन सारा की मौत




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के भुवनेश्वर के नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क में बाघिन सारा की मौत हो गयी है। गुरुवार को सुबह-सुबह बाघिन ने अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि बाघिन बीमार थी। 18 वर्षीय बाघिन की मौत चिड़ियाघर में इलाज के दौरान हुई। रिपोर्ट के अनुसार सारा बढ़ती उम्र के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थी। पिछले कुछ दिनों से सारा की भूख कम होती जा रही थी। चिड़ियाघर के डॉक्टर ही उसके इलाज के प्रभारी थे।

वर्ष 2009 में पशु विनिमय कार्यक्रम के तहत बाघिन को भोपाल चिड़ियाघर से नंदनकानन स्थानांतरित किया गया था। इस आदान-प्रदान में सारा के बदले भोपाल चिड़ियाघर को एक सफेद बाघ दिया गया था। सारा की मौत के बाद नंदनकानन में बाघों की संख्या घटकर 26 रह गयी है।

# अमृत स्टेशनों की प्रगति सर्वोच्च प्राथमिकता : परमेश्वर फुंकवाल

- पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने थेरुबली-टिटिलागढ़-संबलपुर और संबलपुर-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर सिटी-जरपाड़ा रेलवे खंड का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** संबलपुर रेलवे मंडल के दो दिवसीय व्यापक दौरे में पूर्व तट रेलवे (एउडफ) के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने थेरुबली-टिटिलागढ़-संबलपुर और संबलपुर-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर सिटी-जरपाड़ा रेलवे खंडों का व्यापक निरीक्षण किया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रही विभिन्न परियोजनाओं और ढांचागत कार्यों की समीक्षा की। श्री फुंकवाल के निरीक्षण दौरे में थेरुबली-टिटिलागढ़-संबलपुर रेलवे खंड में मुनिगुडा, केसिंगा, टिटिलागढ़, बलांगीर, बरपाली और संबलपुर रेलवे स्टेशनों का दौरा शामिल था। उन्होंने संबलपुर-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर सिटी-जारपाड़ा रेलवे सेक्शन में झारसुगुड़ा रोड, रेंगाली, सरला और जरपाड़ा स्टेशनों का भी निरीक्षण किया।

यात्रा के दौरान उन्होंने सरला में आरओएच (रूटीन ओवरहाल) के साथ माल ढुलाई परीक्षण सुविधा, टिटिलागढ़ और संबलपुर में क्रू लॉबी और संबलपुर स्टेशनों पर रनिंग रूम सहित कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की जांच की। श्री फुंकवाल ने बृंदामल और अंबोदला में मेसर्स वेदांता लिमिटेड, लपंगा में भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड और लपंगा में मेसर्स आदित्य एल्युमीनियम लिमिटेड जैसे प्रमुख उद्योगों से जुड़े विभिन्न रेलवे साइडिंग पर यातायात सुविधा कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परिचालन आवश्यकताओं और भविष्य के सहयोग को संबोधित करने के लिए इन उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा भी की।

श्री फुंकवाल ने स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और रेलवे खंडों में चल रही विकासात्मक गतिविधियों और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने यात्री सेवाओं को बढ़ाने के लिए अंतर्दृष्टि और सुझाव इकट्ठा करने के लिए कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की और भविष्य में सुधार के लिए विभिन्न संशोधनों का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा, महाप्रबंधक पूर्व तट रेलवे की उपस्थिति में संबलपुर रेलवे स्टेशन पर एक आपातकालीन चिकित्सा सेवा सुविधा का उद्घाटन किया गया। महाप्रबंधक ने अमृत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के चल रहे पुनर्विकास की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को समय पर पूरा करने के लिए काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। श्री फुंकवाल के निरीक्षण के दौरान संरक्षा, परिचालन, गतिशीलता, ढांचागत विकास और यात्री सुविधाओं के साथ-साथ अमृत स्टेशनों की प्रगति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी। महाप्रबंधक निरीक्षण के दौरान संबलपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री तुषार कांत पांडे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपस्थित थे।

# ओड़िशा के मलकानगिरी में शीर्ष माओ नेता कटकम सुदर्शन की दिल का दौरा पड़ने से मौत



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** माओवादी नेताओं में से एक की हार्ट अटैक से मौत हो गयी। उनकी पहचान आनंद के रूप में हुई है। वे शीर्ष माओवादी नेताओं में से एक थे। सीपीआइ (माओवादी) केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो के सदस्य, कटकम सुदर्शन जिन्हें उनके नाम आनंद के नाम से जाना जाता था, कथित तौर पर हार्ट अटैक से मर गये। उनकी मृत्यु के बारे में समिति की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार वे पिछले पांच दशकों से सीपीआइ से जुड़े हुए थे। आनंद तेलंगाना और दंडकारण्य के सीमावर्ती जंगल में 'गुरेल्ला जोन' में रह रहे थे। उसने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में गुरेल्ला युद्ध को तेज कर दिया था। वह पिछले कुछ सालों से मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से पीड़ित था। हालांकि संगठन ने उसकी मौत का कारण दिल का दौरा बताया है। माओवादी समुदाय ने उसे श्रद्धांजलि दी।

# जिंदल एडवांस्ड मटीरियल्स दुनिया की सबसे बड़ी एफआरपी सरिया निर्माता कंपनी बनने की ओर अग्रसर, टिकाऊ निर्माण को दे रही बढ़ावा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** जिंदल एडवांस्ड मटीरियल्स (जैम) जून 2025 तक फाइबर-युक्त पॉलीमर (एफआरपी) सरिया बनानेवाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बनने की ओर अग्रसर है। यह महत्वाकांक्षी विस्तार योजना जून 2025 तक 1 लाख एमटी वार्षिक एफआरपी सरिया उत्पादन की क्षमता हासिल करने के लिए उत्पादन में 4.5 गुणा की उल्लेखनीय वृद्धि का प्रतीक है। यह रणनीतिक कदम टिकाऊ और बेहतर एफआरपी सामग्रीका निर्माण करके उद्योग में क्रांति लाने की जैम की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

जैम के निदेशक सीपी अग्रवाल ने कहा कि यह विस्तार एफआरपी सरिया उत्पादन में उत्कृष्टता के प्रति जैम के अटूट समर्पण को दर्शाता है। एफआरपी सरिया पारंपरिक स्टील सरिये की तुलना में हल्का और जंग-मुक्त होता है, जिससे लागत 35% तक कम हो जाती है। यह बुनियादी ढांचे व रेलवे के निर्माण कार्यों में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि हमारा विश्व स्तरीय एफआरपी सरिया न केवल वैश्विक मानकों पर बल्कि उनसे कहीं आगे खरा उतरता है, जिससे टिकाऊ निर्माण सामग्री के मामले में अग्रणी होने की हमारी स्थिति को काफी मजबूती मिलती है।

### जैम के एफआरपी सरियों के लाभ

**टिकाऊ विकल्प :** एफआरपी सरिया कम लागत वाला, लंबे समय तक चलने वाला (जंगलगने के खतरे से मुक्त) और पर्यावरण के अनुकूल होता है। यह बुर्ज खलीफा, कानागावा एक्सप्रेसवे (जापान) और विभिन्न मरीना पियर्स तथा मेट्रो सिस्टम जैसी टिकाऊ एवं लचीली निर्माण परियोजनाओं का एक प्रमुख घटक है।

**कम वजन, लेकिन बेहद मजबूत :** स्टील की तुलना में तीन गुणा अधिक हल्का, एफआरपी सरिया निर्माण कार्यों को सरल बनाता है और इसके इस्तेमाल से इमारतों का वजन कम रहता है।

**कम लागत :** स्टील सरियों की तुलना में लागत में 35% तक की बचत।

**शानदार प्रदर्शन :** एफआरपी सरिये असाधारण मजबूती प्रदान करते हैं और गैर-प्रवाहकीय होते हैं, जिसकी वजह से ये विविध अनुप्रयोगों के लिए आदर्श होते हैं।

**गर्मी रोधी :** एफआरपी सरिया उच्च तापमान वाले वातावरण में संरचनात्मक मजबूती बनाए रखते हैं, सुरक्षा और इन्सुलेशन सुनिश्चित करते हैं।

**अनुकूलन योग्य सामग्री :** जैम सामग्री के नुकसान को कम करने और विशिष्ट निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मुड़ा हुआ (बेंट) सरिया प्रदान करती है।

**विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त गुणवत्ता :** जैम के एफआरपी सरिये दुनिया भर में निर्यात किए जाते हैं और कठोर गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरते हैं, इन्हेंअधिकृत इंजीनियरों और कई तीसरे पक्षों से मान्यता मिली हुई है।

### जैम सर्कल : इनोवेशन और सहयोग को बढ़ावा

पिछले हफ्ते, जैम ने अपना पहला नेटवर्किंग कार्यक्रम जैम सर्कल आयोजित किया, जिसमें केवल आमंत्रित पेशेवर हिस्सा ले सकते थे। आने वाले वर्षों में खुद की बौद्धिक संपदा स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के जरिए संभावित और मौजूदा ग्राहक फाइबर उद्योग से संबंधित जैम के नये इनोवेशनों और दृष्टिकोण से रूबरू हुए। 100 से अधिक वास्तुकारों, इंजीनियरों, ठेकेदारों और उद्योग विशेषज्ञों नेकार्यशालाओं, सेमिनारों एवं नेटवर्किंग सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम में जैम के अत्याधुनिक एफआरपी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

### औद्योगिक क्रांति: रणनीतिक साझेदारी और विकास

इससे पहले 2024 में, जैम ने भारत की पहली कार्बन फाइबर इकाई स्थापित करने के लिए एक इटली की विशेष रासायनिक फाइबर निमार्ता कंपनी, MAE S.p.A. के साथ एक ऐतिहासिक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। 2,700 करोड़ रुपये की यह परियोजना भारतीय समग्र उद्योग में क्रांति लाने की ओर अग्रसर है। इसके अतिरिक्त, जैम ने दक्षिण भारत में एक नया विनिर्माण संयंत्र बनाने के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ साझेदारी की है, जिसमें लगभग 1,000 करोड़ रुपये के रणनीतिक निवेश शामिल है।

### बस दुर्घटना में 9वीं कक्षा का छात्र गंभीर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के कटक जिले में एक दुखद घटना में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र की मो बस से टक्कर हो गयी। छात्र सड़क पर चल रहा था, तभी एक मो बस आयी और उसे टक्कर मार दी। कटक जिले के सालेपुर सिसुआ बाजार के पास मो बस ने छात्र को टक्कर मार दी। छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका पैर और हाथ टूट गया। मो बस से टक्कर में छात्र साइकिल समेत करीब 15 मीटर तक घसीटा गया। छात्र की पहचान अमूल्य चट्टोई के बेटे के रूप में हुई है। वह नौवीं में पढ़ता था।


DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**